भोपाल
सोमवार, 8 सितंबर 2025
आश्विन मास कृष्ण पक्ष–01
वर्ष : 12, अंक : 159
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

भारत ने 8 साल बाद जीता एशिया कप



## भारतीय हॉकी टीम ने चौथी बार जीता खिताब

**नई दिल्ली।** भारत ने रविवार को एशिया मेंस हॉकी का खिताब जीत लिया। बिहार के राजगीर खेल परिसर में पांच बार की विजेता कोरिया को 4-1 से पराजित कर मेजबान देश ने चौथी बार ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत के साथ ही भारत ने 2026 हॉकी वर्ल्ड कप का टिकट हासिल कर लिया है। भारत की मेंस टीम ने आठ वर्ष का ▸▸शेष पेज 6 पर ▸▸पढ़ें पेज 11 भी

‘एंटरोमिक्स’ नाम की एमआरएनए आधारित वैक्सीन की खोज...दुनिया को बेसब्री से इंतजार

# कैंसर रोगियों के लिए ‘उम्मीद की बड़ी किरण’...रूस में बनी वैक्सीन ट्रायल में 100% कारगर साबित हुई

▸▸ यह वैक्सीन ट्यूमर को छोटा करती है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

काम की खबर

रूस ने कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता हासिल की है। एंटरोमिक्स नाम की एमआरएनए आधारित वैक्सीन ने क्लीनिकल ट्रायल में 100% प्रभाव दिखाया है और किसी भी गंभीर रिएक्शन की सूचना नहीं मिली है। यह वैक्सीन ट्यूमर को छोटा करती है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती है। इसे रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजिकल सेंटर और मॉलिक्यूलर बायोलॉजी संस्थान ने मिलकर तैयार किया है।

### वैक्सीन को अब अंतिम मंजूरी का इंतजार

इस वैक्सीन को अब स्वास्थ्य मंत्रालय से अंतिम मंजूरी का इंतजार है। मंजूरी मिलने के बाद इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। एक तरफ जहां कैंसर के बाद कीमोथेरेपी या अन्य उपचार के तरीके अपनाए जाते हैं, वहीं इसके विपरीत, एंटरोमिक्स टीका प्रत्येक रोगी के लिए व्यक्तिगत रूप से तैयार किया जाता है। इससे पहले बताया गया था कि रूस ने अपने नए एंटरोमिक्स ऑन्कोलिटिक टीके का क्लीनिकल ट्रायल शुरू कर दिया है। इस ट्रायल में 48 लोगों ने हिस्सा लिया था। क्लीनिकल परीक्षण की शुरुआत की घोषणा उत्तरी रूस में 18 से 21 जून तक आयोजित सेंट पीटर्सबर्ग अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच में की गई थी।




### एंटरोमिक्स को बनाने में कई साल लगे

यह टीका कैंसरग्रस्त ट्यूमर पर हमला करता है और उसे खत्म करने के लिए शरीर को नुकसान न पहुंचाने वाले चार वायरस का इस्तेमाल करता है। एंटरोमिक्स को बनाने में कई साल लगे हैं और यह कई ट्रायल से गुजर चुका है। अधिकतर मामलों में यह ट्यूमर को छोटा करने या उसके बढ़ने को रोकने में मददगार साबित हुआ, जबकि कुछ मामलों में इसने कैंसर को पूरी तरह खत्म कर दिया है।

राहत राशि लेकर जा रही ट्रेन

## छग बाढ़ पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री ने दिए 5 करोड़

अतिवृष्टि और बाढ़ में पड़ोसी राज्य की मदद करना हमारा दायित्व : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छत्तीसगढ़ में अतिवृष्टि और बाढ़ से निर्मित स्थिति के संदर्भ में कहा है कि पड़ोसी राज्य की मदद करना हमारा दायित्व है।

मध्यप्रदेश सरकार की ओर से मदद की भावना से 5 करोड़ रुपए की राशि और एक ट्रेन राहत सामग्री, छत्तीसगढ़ भेजी जा रही है। छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा सहित कई क्षेत्रों में बाढ़ से बहुत क्षति हुई है। छत्तीसगढ़ सरकार प्रभावित क्षेत्रों में नागरिकों की सहायता के लिए जिस तत्परता से कार्य कर रही है, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के आसपास के हालातों पर लगातार निगाह रख रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी सरकारें परस्पर समन्वय और सहानुभूति के भाव से ▸▸शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

**13 को जारी होगी लाड़ली बहनों को राशि**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 सितंबर को झाबुआ के पेटलावद जाएंगे और लाड़ली बहना योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। डॉ. यादव इस दौरान सिंगल क्लिक के माध्यम से लाड़ली बहना योजना की राशि का अंतरण करेंगे। रविवार को कलेक्टर नेहा मीना ने कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया।

**विवादित टिप्पणी से हंगामा पुलिस ने संभाला मोर्चा**



**सागर।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर रविवार दोपहर हंगामा हो गया। मुस्लिम समाज के लोग विरोध में सड़कों पर उतर आए। वे कटरा बाजार पहुंचे और यातायात पुलिस चौकी के सामने जमा हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और समझाइश देकर लोगों को शांत कराया।

**तेज रफ्तार कार की टक्कर से 3 की मौत**



**जबलपुर।** तेज रफ्तार के कहर ने 3 लोगों की जान ले ली। पाटन थाना ग्राम ग्वारी के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें सकीला बी की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल दोनों बेटे को अस्पताल में भर्ती किया गया था। बड़े बेटे की रविवार को दम तोड़ दिया। छोटा बेटा भर्ती है। कार ने एक अन्य महिला को टक्कर मार दी। उसकी भी मौत हो गई।

◂ उपराष्ट्रपति का चुनाव कल: भाजपा आज कार्यशाला को चुनाव पर फोकस करेगी, इंडी ब्लॉक भी दोपहर में अपने सांसदों को वोटिंग प्रक्रिया की जानकारी देगा

# भाजपा की दो दिन की कार्यशाला, पीएम मोदी अंतिम पंक्ति में कार्यकर्ता की तरह बैठे

सांसद रवि किशन ने लिखा- ये शक्ति है भाजपा की, हर कोई कार्यकर्ता है यहां संगठन में

*इस कार्यशाला में कई सत्रों का आयोजन किया जा रहा है, इनमें पार्टी के इतिहास और विकास पर चर्चा के साथ सांसदों के लिए कार्यकुशलता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने रविवार से अपने सांसदों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला शुरू की है। इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए और खास बात यह रही कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पीछे वाली सीट पर बैठे नजर आए।

सांसदों ने दो अहम विषयों पर चर्चा की- 2027 तक विकसित भारत और सोशल मीडिया का असरदार इस्तेमाल। दोपहर के सत्र में सांसदों को अलग-अलग समितियों में बांटा गया, जहां कृषि, रक्षा, ऊर्जा, रेलवे और परिवहन जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके अलावा संसद सत्र की तैयारी, संसदीय नियम-कायदे और सदन में समय प्रबंधन जैसे विषयों पर भी सांसदों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का दूसरा दिन पूरी तरह उपराष्ट्रपति चुनाव को समर्पित रहेगा। 9 सितंबर को ▸▸शेष पेज 6 पर

भाजपा सांसदों ने इस मौके पर पीएम मोदी का सम्मान भी किया और उन्हें जीएसटी सुधारों के लिए बधाई दी



संख्या बल एनडीए के पक्ष में, कार्यशाला में चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी जानकारियां दी जाएंगी

### दक्षिण भारत से आते हैं दोनों उम्मीदवार



उपराष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से आते हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से हैं और इस समय महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। वहीं, रेड्डी तेलंगाना से हैं और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज भी रह चुके हैं। 67 वर्षीय सीपी राधाकृष्णन अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल में कोयंबटूर से दो बार सांसद रह चुके हैं। 79 वर्षीय सुदर्शन रेड्डी जुलाई 2011 में सुप्रीम कोर्ट से रिटायर ▸▸शेष पेज 6 पर

### राजग के सांसदों का प्रस्तावित रात्रिभोज रद्द

पंजाब और देश के अन्य इलाकों में बाढ़ से तबाही को देखते हुए 8 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सांसदों के लिए आयोजित होने वाले रात्रिभोज रद्द कर दिया गया। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की तरफ से सांसदों को शनिवार को दिया जाने ▸▸शेष पेज 6 पर

### इंडिया गठबंधन का मॉक पोल आज

*इधर, इंडिया गठबंधन की तरफ से उपराष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार 8 सितंबर को गठबंधन द्वारा एक मॉक पोल का आयोजन किया जाएगा जो दोपहर 2:30 बजे संसद भवन के सेंट्रल हॉल में होगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस संबंध में अपनी पार्टी के सभी सांसदों को संदेश भेजा है। संदेश में सांसदों को मॉक पोल में अनिवार्य रूप से मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही 9 सितंबर को होने वाली उपराष्ट्रपति चुनाव की वोटिंग में भी सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है। इस बैठक में सांसदों को वोटिंग प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्हें मतदान की प्रक्रिया की प्रैक्टिस कराने के लिए एक मॉक पोल भी करवाया जाएगा।*

किशोरी की तलाश में जा रहे थे चिंतामण

## शिप्रा में कार गिरी, टीआई और एसआई के शव मिले

महिला कांस्टेबल व कार की तलाश जारी



अशोक शर्मा | आरती पाल | मदनलाल निनामा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन

यहां शिप्रा नदी में कार गिरने से लापता हुए दो पुलिसकर्मियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। वहीं, लापता महिला आरक्षक की तलाश की जा रही है। नदी से जो दो शव बरामद हुए हैं उनकी पहचान उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा और एसआई मदनलाल निमामा के रूप में हुई है। महिला आरक्षण आरती पाल अभी भी लापता है। कार की भी तलाश की जा रही है। दरअसल, शनिवार रात को शिप्रा नदी के बड़े पुल से एक कार असंतुलित होकर नीचे पानी में गिर गई थी। इसके बाद लोगों ने तुरंत पुलिस को ▸▸शेष पेज 6 पर

### कार आरक्षक आरती चला रही थी

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा, सब-इंस्पेक्टर मदनलाल निनामा और महिला आरक्षक आरती पाल शनिवार को गुराडिया-सांगा क्षेत्र से लापता हुई 14 साल की बालिका की तलाश में चिंतामण जा रहे थे। इस दौरान यह हादसा हो गया। एसपी शर्मा ने कहा कि संभवतः कार महिला आरक्षक आरती चला रही थीं, इस दौरान शिप्रा नदी के बड़े पुल से ▸▸शेष पेज 6 पर

विकास दर पर केंद्र का आकलन

## वास्तविक वृद्धि लक्ष्य पूरा होगा जीडीपी में थोड़ी गिरावट संभव



■ देश में महंगाई कम होने की संभावना

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 में नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ 10.1% से थोड़ी कम रह सकती है, लेकिन वास्तविक जीडीपी 6.3%-6.8% के बीच रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही खरीफ फसल अच्छी रहने और जीएसटी दरों में कटौती से महंगाई घटेगी। पहली तिमाही में 8.8% नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ दर्ज हुई, जो अनुमान से बेहतर है। उन्होंने कहा कि नॉमिनल ▸▸शेष पेज 6 पर

बैरसिया में पितृ तर्पण में हादसा

## नदी में पोती को बचाने दादा कूदे, दोनों तेज बहाव में बहे



■ तीन घंटे में बुजुर्ग का शव मिला

**भोपाल।** बैरसिया तहसील के खजुरिया रामदास गांव में रविवार सुबह 9 बजे एक हृदयविदारक हादसा हुआ। बाबूलाल साहू (70) अपनी 12 साल की पोती चिंको और एक पोते के साथ ब्रह्म नदी में पितृ तर्पण करने गए थे। नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया, और चिंको का पैर फिसलने से वह तेज धारा में बहने लगी। उसे बचाने के लिए बाबूलाल तुरंत पानी में कूद पड़े, लेकिन तेज बहाव में दोनों बह ▸▸शेष पेज 6 पर

करीब सवा करोड़ भक्तों ने टेका माथा

## महाकाल में 39 दिनों में 30 करोड़ रुपए का चढ़ावा आया




■ लड्डू प्रसाद की 10 करोड़ रुपए की बिक्री

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्रावण-भाद्रपद मास (11 जुलाई से 18 अगस्त 2025) की रौनक कुछ ऐसी रही कि भगवान महाकाल का खजाना भक्तों की भेंट से लबालब भर गया। 39 दिनों में मंदिर समिति को 29 करोड़ 61 लाख ररुपए की आय हुई, जो बीते तीन सालों में इस अवधि की सर्वाधिक आय है। इतना ही नहीं, इस बार 1 करोड़ 25 लाख भक्तों ने बाबा महाकाल के दर्शन कर नया रिकॉर्ड ▸▸शेष पेज 6 पर

## भारत में दिखा पूर्ण चंद्रग्रहण

▸▸ गहरे लाल रंग का नजर आया चांद

चंद्र ग्रहण तब होता है जब चंद्रमा पृथ्वी की छाया में गुजरता है और पूरी तरह से डार्क दिखाई देता है



### सूतक काल में बंद रहे मंदिर, महाकाल के खुले रहे कपाट

***नई दिल्ली।** भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि यानी रविवार को पूर्ण चंद्र ग्रहण हुआ। ग्रहण रात 09 बजकर 58 मिनट से शुरू होकर 8 सितंबर को देर रात 01 बजकर 26 मिनट पर समाप्त हुआ। जिसके साथ सूतक काल भी खत्म हो गया। ग्रहण के दौरान चांद गहरे लाल रंग का यानी ब्लड मून नजर आया। ब्लड मून पूर्ण चंद्र ग्रहण के दौरान रात 11 बजे से लेकर 12 बजकर 22* ▸▸शेष पेज 6 पर

पीथमपुर की ऑयल कंपनी में शाम को हादसा

## फिल्टर टैंक में जहरीली गैस का रिसाव चपेट में आए तीन मजदूरों की मौत

प्लांट पर काम करने के दौरान गैस का रिसाव हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर



पीथमपुर में रविवार को एक ऑयल कंपनी में गैस रिसाव हो गया। इससे वहां काम कर रहे तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्लांट में काम करने के दौरान अचानक गैस रिसाव होने लगा था। गैस रिसाव की चपेट में तीन कर्मचारी आ गए। बगदून थाना क्षेत्र में स्थित सागर श्री ऑयल कंपनी की घटना है। शाम करीब 6 से 6.30 बजे के बीच की घटना बताई जा रही है। यह घटना ऑयल फिल्टर करने वाले चैंबर में घटी, जिसकी मजदूर सफाई कर रहे थे। इस चेंबर ▸▸शेष पेज 6 पर

### पुलिस ने शुरू की जांच

बताया जाता है कि इस हादसे की सूचना कई घंटों के बाद पुलिस को दी गई। धार के एसपी मनोज कुमार सिंह ने इस हादसे की जांच का आदेश दिया है। प्रारंभिक तौर पर यह मामला जहरीली गैस की चपेट में आने का लग रहा है। कंपनी प्रबंधन से सफाई कार्य के दौरान सुरक्षा इंतजामों के बारे में भी जानकारी ली है। जैसे ही मजदूरों की मौत की खबर फैली, कंपनी परिसर में हड़कंप मच गया. साथी कर्मचारियों में शोक और आक्रोश का माहौल है।

मप्र में मक्का और धान का रकबा बढ़ने से यूरिया की मांग बढ़ी

अब तक 15 लाख 80 हजार मीट्रिक टन यूरिया की बिक्री

## कृषि विभाग का दावा- पर्याप्त स्टॉक, पर जहां वितरण व्यवस्था माकूल नहीं, वहीं दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

अलग खबर

मप्र में यूरिया का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। अब तक में 15 लाख 80 हजार मीट्रिक टन यूरिया की बिक्री किसानों को की जा चुकी है। सरकार के पास अभी भी एक लाख 85 हजार मीट्रिक टन यूरिया का बंपर स्टॉक मौजूद है। केंद्र सरकार ने मप्र के लिए पिछले साल की अपेक्षा करीब दो लाख मीट्रिक टन अधिक यूरिया उपलब्ध कराया था। यूरिया में कमी की मुख्य वजह वितरण व्यवस्था दुरूस्त नहीं होने व मक्के का करीब 5 लाख हेक्टेयर रकबा बढ़ने ▸▸शेष पेज 6 पर

फिलहाल, एक लाख 85 हजार मीट्रिक टन यूरिया का स्टॉक

3.25 लाख मीट्रिक टन यूरिया अभी और आ रहा

### रबी फसल के लिए स्टॉक करने की वजह से आ रही समस्या



प्रदेश में यूरिया के लिए मशक्कत

कृषि विभाग ने बताया कि कई किसान अभी से रबी की बोआई के लिए यूरिया का स्टॉक करने लगे हैं। इस वजह से ऐसे किसानों को दिक्कतें आ रही है जिन्हें धान की फसल के लिए यूरिया की जरूरत है। दरअसल, मप्र में सोयाबीन का रकबा घट गया और मक्का का रकबा पांच लाख हेक्टेयर बढ़ गया है, जिससे प्रदेश में यूरिया की मांग बढ़ गई है। वर्ष 2025-26 में मक्का का रकबा 20.8 लाख हेक्टेयर हो गया, जबकि पिछले साल यह 15.3 लाख ▸▸शेष पेज 6 पर

### इन जिलों में ज्यादा बढ़ा मक्का का रकबा

प्रदेश के शिवपुरी, गुना, विदिशा, नर्मदापुरम, हरदा, सिंगरौली, खरगोन, बड़वानी, खंडवा, देवास, अशोकनगर, सागर और दमोह जिले में मक्का का रकबा उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। वहीं, धान का रकबा श्योपुर, भिंड, ग्वालियर, शिवपुरी और अशोकनगर में धान की बोआई का क्षेत्र बढ़ा है।

## सूतक काल में राजधानी के लखेरापुरा के श्रीजी मंदिर के पट खुले रहे, हुए भजन कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाद्रपद पूर्णिमा चंद्रमा ग्रहण की अवधि रात करीब 9:57 से शुरू हुई। लेकिन उसका असर दोपहर 12:57 से ग्रहण का सूतक लगने के साथ ही राजधानी में देखने मिलने लगा। सूतक के पहले ही मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ की गई।

इसके बाद सूतक की अवधि शुरू होने से कुछ मिनट पहले ही मंदिरों के पट बंद कर दिए गए। अब सोमवार को सुबह पहले गंगाजल से शुद्धि की जाएगी।

# चंद्रग्रहण सूतक के चलते दोपहर 12:57 बजे से बंद रहे मंदिरों के पट, आज होंगे भगवान के दर्शन



### बैठक कर केवल भजन और नाम संकीर्तन किया गया

## ग्रहण काल में पूजा-स्पर्श निषेध

श्रीजी मंदिर लखेरापुरा चौक के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि प्रभु श्रीवल्लभाचार्य व पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार ग्रहण को संकटकाल का समय माना जाता हैं, ऐसे में भक्तों को भगवान से दूर न रहते हुए उनकी शरण में रहना चाहिए। इसके चलते मंदिर के पट ग्रहण के समय खुले रहे। उन्होंने बताया कि हालांकि इस दौरान प्रतिमा का स्पर्श या पूजा-अर्चना करने की बजाए उनके समक्ष बैठक कर केवल भजन और नाम संकीर्तन किया गया।

### प्राकृतिक आपदाओं, भूकंप जैसी घटनाओं का संकेत

*इसके बाद पूजा-पाठ हवन व गृह योग की शांति पूजा होने के बाद खोले जाएंगे। इसके चलते सोमवार को ही श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर सकेंगे। मां चामुण्डा दरबार पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि ग्रहण कुंभ राशि और शतभिषा नक्षत्र में लगा। जिससे इसका प्रभाव व्यापक रहेगा। शास्त्रों के अनुसार एक पखवाड़े में दो ग्रहण लगना प्राकृतिक आपदाओं और भूकंप जैसी घटनाओं का संकेत भी देता है। ग्रहण का सूतक काल दोपहर 12:57 बजे से प्रारंभ हो गया था। सूतक और ग्रहण काल में पूजा-पाठ, मूर्ति स्पर्श और भोजन करना वर्जित माना गया है। इस दौरान किए गए मंत्र जाप, संकीर्तन और साधना का विशेष महत्व होता है।*

## खबर संक्षेप

### बीयू: पीएचडी के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी में प्रवेश का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। ऑनलाइन आवेदन 8 सितंबर से 7 नवंबर तक किए जा सकेंगे। प्रवेश यूजीसी रेगुलेशन-2022 के तहत होगा। यूजीसी-नेट क्वालिफाई छात्र सीधे आवेदन कर सकेंगे। विवि ने उम्मीदवारों को तीन श्रेणियों में बांटा है। जेआरएफ वाले छात्रों को इंटरव्यू के आधार पर प्रवेश मिलेगा और उन्हें असिस्टेंट प्रोफेसर की पात्रता भी होगी। नेट क्वालिफाई पर जेआरएफ नहीं होने वाले और अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को पीएचडी प्रवेश के लिए टेस्ट (70 प्रतिशत) और इंटरव्यू (30 प्रशित) पर चयनित किया जाएगा। अब साल में दो बार प्रवेश होंगे

बीयू प्रशासन के अनुसार अब साल में दो बार प्रवेश होंगे, ताकि नेट क्वालिफाई छात्रों को समय पर अवसर मिल सके। आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 2500 रुपए और एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, दिव्यांगजन के लिए 1000 रुपए तय किया गया है।

### बीयू में दीक्षांत समारोह आज, सीएम होंगे शामिल

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिन्टो हॉल) में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता मंगुभाई पटेल मध्यप्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति करेंगे। डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश शासन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इन्दर सिंह परमार, मंत्री उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग, मध्य प्रदेश शासन समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रो. सुरेश कुमार जैन कुलगुरु, बीयू दीक्षांत उपदेश देंगे। समारोह में बीयू के रजिस्ट्रार डॉ. अनिल शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर कार्य परिषद के सदस्य एवं विश्वविद्यालय के प्रोफेसर्स, विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### संस्कृत भाषा को लोकप्रिय बनाने के लिए संस्कृत विद्यालयों का संचालन

**भोपाल।** प्रदेश में राज्य सरकार संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश में संस्कृत भाषा के विकास, संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिये महर्षि पतंजलि संस्थान का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत वर्ष 2008 से किया जा रहा है। पतंजलि संस्कृत संस्थान के माध्यम से संस्कृत भाषा के विकास के लिये प्रदेश में 271 संस्कृत माध्यम से विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में पूर्व मध्यमा और उत्तर मध्यमा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के समकक्ष स्तर की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। प्रदेश में राज्यस्तरीय शासकीय आवासीय संस्कृत कन्या विद्यालय भोपाल में संचालित है। इसके अलावा संस्थान द्वारा 4 आदर्श आवासीय संस्कृत विद्यालय दतिया, सिरोंज, डिंडोरी एवं रतलाम में संचालित किये जा रहे है। सामान्य विद्यालयों में नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूले के तहत कक्षा 10वीं तक संस्कृत भाषा की उपयोगिता को ध्यान में रखा गया है। वर्तमान में हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत तीनों भाषाओं को समअंकीय रखा गया है। अर्थात उनके लिये परीक्षा पूर्णांक अंक सामान्य रूप से निर्धारित है।

### देव, ऋषि, यम व पितरों को जल अर्पण, 16 दिन चलेगा विधान

# पितृपक्ष के पहले दिन विसर्जन घाटों पर तर्पण करके दिवंगतों का किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाद्रपद पूर्णिमा के साथ ही पूर्वजों का तर्पण रविवार से शुरू हो गए हैं। सोलह दिन तक पितृपक्ष के दौरान श्राद्ध, तर्पण के कार्यक्रम चलेंगे। सुबह छह बजे से लोग शीतलदास की बगिया में दिवंगतों का तर्पण करने पहुंचने लगे थे। विधि-विधान से दिवंगतों की आत्म शांति के लिए तर्पण किया। जरूरतमदों को भोजन कराने का सिलसिला चलता रहा। अलग-अलग समाज के लोगों ने अपने दिवंगत माता-पिता का तर्पण किया। घर-घर में भी पानी में गंगाजल डालकर लोगों ने तर्पण किया।

भाद्रपद पूर्णिमा रविवार को पहले दिन पूर्णिमा के श्राद्ध पर शीतलदास की बगिया, छोटा तालाब, और हथायी खेड़ा डैम सहित कई अन्य जगहों पर बड़ी संख्या में शहर एवं बाहर से श्रद्धालुओं ने पितरों के निमित्त तर्पण किया। मंदिर परिसर में पंडे-पुजारियों ने शहर एवं बाहर से आए श्रद्धालुओं से पूजन करवाया। श्राद्ध के पहले दिन शीतलदास की बगिया पर श्रद्धालुओं की संख्या कम रही। यहां मंदिर परिसर में पंडे-पुजारियों ने लोगो से पूजन करवाया। श्रद्धालुओं ने यहां लगे पात्र में दूध चढ़ाकर अपने पितरों की मोक्ष के लिए कामना की।



### पांच प्रकार के पौधे लगाने से पुरखों को मिलती तृप्ति

श्राद्ध पक्ष में तुलसी, पीपल, बरगद, बेल पक्ष और अशोक के पौधे लगाने से पितरों की आत्मा को तृप्ति और मुक्ति मिलती है। इसके चलते राजधानी में बड़ी संख्या में लोग घरों व आस-पास के क्षेत्रों में इन पौधों का रोपण कर रहे है। इसके चलते वन विभाग की अहमदपुर नर्सरी सहित अन्य जगहों पर इन पौधों की मांग देखने को मिल रही है। तो वहीं वन विभाग की ओर से पितृ पक्ष में विशेष रूप से इन पौधों की डिमांड को देखते हुए,सभी नर्सरी में पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

### सुभाष नगर विश्राम घाट में 13 श्रद्धालुओं ने किया तर्पण

सुभाष नगर भोपाल। विश्राम घाट सुभाष नगर में पितरों को तर्पण करने के लिए रविवार को 13 लोगों द्वारा तर्पण किया गया। यह संस्कार सेवा समिति के माध्यम से विगत 10 वर्षों से कराया जा रहा है। इसमें शहर और ग्रामीण क्षेत्र से लोग अपने परिवारों की तिथि पर आते हैं और अपने पितरों के प्रति श्राद्ध तर्पण कर श्रद्धा व्यक्त करते हैं।



### यह है श्राद्ध

चतुर्थी पंचमी भरणी नक्षत्र पर की जाती है। यह श्राद्ध तिथि श्राद्ध नहीं बल्कि नक्षत्र श्राद्ध है। इस श्राद्ध को करने से पितृ मोक्ष के मार्ग को प्राप्त करते हैं। भरणी श्राद्ध का या श्राद्ध है, इस श्राद्ध को करने से पितरों की प्रसन्नता होती है और हमारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसके लिए यजमान को अपने कर्तव्य को समझना चाहिए और श्रद्धा से भरणी श्राद्ध करना चाहिए।

### सूर्यदेव को जल अर्पण

सभी तर्पणकर्ताओं ने बारी बारी से देव, ऋषि, यम व पितरों को कुशा, अक्षत, पुष्प जवा, तिल के माध्यम से जल अर्पित किया। पितरों का आव्हान करते हुए उन्हें निमंत्रित किया। भगवान सूर्य देव को जल अर्पित करते हुए तर्पण कार्य की संपन्नता की।

### बुद्धभूमि महाविहार में शिविर का आयोजन

*भाद्रपद पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को बुद्धभूमि महाविहार उपासक संघ एवं मैत्रीय बुद्ध विहार उपासिका संघ के संयुक्त तत्वावधान में बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री,चुनाभट्टी में अष्टशील आर्य उपोसथ व्रत शिविर का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।*

### अस्थियों का विसर्जन 10 को

सुभाष नगर विश्रमघाट, छोला विश्राम घाट विश्राम घाट से जो किसी कारण से अस्थियां संचय करके नहीं ले जा पाए थे, उनकी अस्थियों का विसर्जन मां नर्मदा जी घाट पर 10 सितंबर को किया जाएगा।

### सैकड़ों दीप प्रज्जवलित कर अर्पित की गई भावभीनी श्रद्धांजलि

## श्रद्धा स्मृति दिवस: माता भगवती देवी शर्मा के महाप्रयाण दिवस पर महिला सशक्तिकरण का संकल्प



*भोपाल। अखिल विश्व गायत्री परिवार की वंदनीय मातृशक्ति माता भगवती देवी शर्मा जी के महाप्रयाण दिवस को 7 सितम्बर को गायत्री शक्तिपीठ भोपाल में श्रद्धा व भक्ति भाव से श्रद्धा स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका मधु श्रीवास्तव ने कहा कि माताजी ने चार दशकों से अधिक समय तक महिला शिक्षा, संस्कार निर्माण और समाज सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज उनकी प्रेरणा से महिलाएं अपने अधिकारों, कर्तव्यों और शक्ति को पहचानकर समाज में नई दिशा दे रही हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत गीत, नृत्य और 'दीप से मशाल की यात्रा' नामक नाटिका का मंचन हुआ, जिसने सभी को गहराई से प्रभावित किया। भोपाल की महिला चिकित्सकों और समाजसेविकाओं ने भी भाग लेकर "नारी शिक्षित–नारी सक्षम" की भावना को पुष्ट किया। करीब 500 से अधिक परिवारों की उपस्थिति ने इस श्रद्धा स्मृति दिवस को भावनात्मक और प्रेरणादायी बना दिया।*

### शक्तपीठ पर श्राद्ध तर्पण पिंडदान प्रारंभ

आज ही से गायत्री शक्तिपीठ पर श्राद्ध तर्पण पिंडदान का क्रम प्रारंभ हुआ है जो 16 दिन तक चलेगा। प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से प्रारंभ हो जाता है। कार्यक्रम निशुल्क है सभी आम जनों से निवेदन है सहभागी बन पुण्य अर्जित करे। रविवार को 15 श्रद्धालुओं ने पूणिर्मा श्राद्ध में हिस्सा लेकर श्राद्ध तर्पण पिंडदान दिया।



### स्वर्गीय डॉ. आरके बिसारिया की स्मृति में वितरित किए चेक

# चित्रगुप्त समाज ने 20 छात्राओं को दी 4 लाख 40 हजार रुपए की स्कॉलरशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चित्रगुप्त समाज भोपाल ने रविवार को स्व. डॉ. आरके बिसारिया की स्मृति में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम जवाहर चौक स्थित चित्रांश भवन में किया। इस अवसर पर स्कूल और कॉलेज की 20 छात्राओं को छात्रवृत्ति के लगभग 4 लाख 40 हजार रुपए के चेक प्रदान किए गए। स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाली कन्याओं में प्रियांशी श्रीवास्तव, तान्या श्रीवास्तव, मान्या श्रीवास्तव, चित्रांशी सक्सेना, कुमारी अपेक्षा, चंचल श्रीवास्तव, अर्चिका श्रीवास्तव, सलोनी श्रीवास्तव, आरोही श्रीवास्तव, वैभवी श्रीवास्तव, शिवांगी सक्सेना, बेबी श्रीवास्तव, कुमारी रोशनी, कुमारी प्रांजल, अनुभा सक्सेना, कुमारी मयूरी, कुमारी नैतिक, कुमारी शिवानी, अंतिका दत्ता, दिव्यांशी श्रीवास्तव आदि शामिल है।




### यह रहे कार्यक्रम में मौजूद

*इस अवसर बिसारिया फाउंडेशन की डॉ. रीना कानूनगो, डॉ राजेश कानूनगो, पूर्व मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव, चित्रगुप्त समाज भोपाल के राजेश नारायण श्रीवास्तव, जीएम जोहरी, डीपी श्रीवास्तव, केके सक्सेना, संजीव श्रीवास्तव, सुधा जौहरी, पीडी खरे, राजेश श्रीवास्तव, ब्रजेश श्रीवास्तव, मनोज निगम विशेष रूप से उपस्थित थे।*



रविवार को सेकंड स्टॉप स्थित एक घर में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया।



विसर्जन से पूर्व भगवान से अपने मन की बात कहती एक युवती।

### संध्या काल में भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन

# जगतगुरु नारायण गुरु की 171वीं जयंती को श्रद्धा और भक्ति एवं ओणम महोत्सव को धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री नारायण मिशन गोविंदपुरा में जगतगुरु नारायण गुरु की 171वीं जयंती पर रविवार को भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। श्री नारायण मिशन उपाध्यक्ष श्यामला सोमन ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप मंत्री विश्वास सारंग मौजूद रहे। युवा प्रकोष्ठ के सचिव सचिन सत्य सीजन ने बताया कि संध्या काल में भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें मध्यप्रदेश के लगभग 700 श्रद्धालुओं ने भाग लिया।






### दीप आराधना और सांस्कृतिक आयोजन किए गए

*कार्यक्रम की शुरूआत रंगोली प्रतियोगिता से हुई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुरस्कृत भी हुए। इसके बाद दीप आराधना और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। यूथ विंग के अध्यक्ष गिरीश रवींद्रन ने सभी को संबोधित किया और महाबली का भव्य स्वागत किया। तिरुवथिरा, बोट रेसिंग, डांस अन्य मनोरंजक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर नारायण मिशन के सेक्रेटरी बी राजू व संयुक्त सचिव सती संदीप आदि लोग मौजूद थे।*

### सुहागिनों की सामग्री भेंटकर स्वास्थ्य परीक्षण किया आयोजित

# सत्य साईं संगठन ने निभाई गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान श्री सत्य साईं बाबा का यह जन्म शताब्दी वर्ष है, जिसके लिए पूरे देश में मानव सेवा के कई कार्यक्रम कर रहा है। इसी कड़ी में श्री सत्य साईं संगठन शांतिवन भोपाल ने मदर एंड चाइल्ड केयर कार्यक्रम के अंतर्गत 100 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म का संकल्प लिया है। इस गोद भराई रस्म में प्रत्येक गर्भवती महिला को साड़ी-ब्लाउज, सुहाग का सामान, साईं प्रोटीन के साथ स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. संध्या नायर के मार्गदर्शन में किया जाता है।

साथ ही उन्हें आयरन कैल्सियम आदि दवाई भी वितरित की जाती है। गत दिवस 30 गर्भवती महिलाओं का चयन महिला सेवादल ने भोपाल के आसपास के ग्रामों में जाकर कर उनकी गोद भराई रस्म पूर्ण की। प्रथम चरण में 18 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई विगत 29 जुलाई को की जा चुकी है। गोद भराई का यह कार्यक्रम बागसेवनिया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ।



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 8 सितंबर 2025

5 मुख्यमंत्री ने किया मऊगंज के बहुती जल प्रपात का...



12 राजा बल के द्वार मची रे होली, रे मची रे होली...





# भागदौड़ वाली जिंदगी में दर्द से राहत पाने का सटीक इलाज है ड्रगलैस फिजियोथैरेपी

## डिप्रेशन, बदलता क्लाइमेंट, बिगड़ती लाइफ स्टाइल का हर व्यक्ति की सेहत पर पड़ रहा असर


सचिन सिंह बैस ▶▶ भोपाल

डिप्रेशन, बदलता क्लाइमेंट, भागदौड़ भरी जिंदगी, का असर लोगों की सेहत पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। आधुनिक युग में बढ़ती मशीनरी में निर्भरता मनुष्यों के लिए बीमारियों का एक कारण भी है। मूवमेंट फ्लेक्सिबिलिटी की कमी से लोगों को कई शारीरिक समस्याएं होती है। दर्द से राहत पाने के लिए फिजियोथैरेपी किसी संजीवनी बूटी से कम नहीं है। यह कहना है भौतिक-चिकित्सक कल्याण संघ के अध्यक्ष ऑर्थोपेडिक डॉ. सुनील पाण्डेय का।

आठ सितंबर को मनाए जाने वाले वर्ल्ड फिजियोथैरेपी-डे पर हरिभूमि से चर्चा करते हुए डॉ. सुनील पाण्डेय ने बताया कि सबसे पहले हड्डी और मांसपेशी समस्याओं के लिए फिजियोथैरेपिस्ट की सलाह लेना लाभदायक होगा। अनेक बीमारियों के इलाज में फिजियोथैरेपी इलाज का महत्वपूर्ण योगदान है। स्वास्थ्य विभाग को इस चिकित्सा को भी मरीजों तक सुगमता से पहुंचाने के लिए जल्द स्वतंत्र फिजियोथेरेपिस्ट काउंसिल का गठन करना चाहिए। इस वर्ष की थीम 'हैल्दी एजिंग/स्वस्थ वृद्धवस्था' बढ़ती हुई उम्र में फिजियोथैरेपी एवं शारीरिक गतिविधियों द्वारा कैसे स्वस्थ रहें।

वर्ल्ड फिजियोथैरेपी-डे

*फिजियोथैरेपी संजीवनी बूटी से कम नहीं: डॉ. पाण्डेय*





### दवाइयां तभी असर करेगी जब शरीर मूवमेंट हो

*डॉ. सुनील पाण्डेय ने बताया कि आधुनिक युग में आधुनिक मशीनों से लेकर आधुनिक तकनीक से इलाज हो रहा है। आपके शरीर पर दवाइयां भी तभी असर करेगी, जब शरीर मूवमेंट होता है। भागदौड़ भरी जिंदगी में एक्सरसाइज को जीवन का एक हिस्सा बनाना अति आवश्यक है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों, प्री-प्रेगनेंसी लेकर पोस्ट-प्रेग्नेंसी तक फिजियोथैरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका है।*

### 10 कदम भी चलना हो गया था मुश्किल

*यूपीएससी परीक्षा की तैयारियों में सेहत को नजरअंदाज करने से एक 30 वर्षीय राखी मिश्रा को कमर में दर्द होने के साथ एक दिन अचानक कमर में झटका लगा। स्थिति इतनी बिगड़ गई युवती को 10 कदम भी चलना भी मुश्किल होने लगा। फिजियोथैरेपिस्ट की सलाह मानकर एडवांस लेजर थैरेपी क्लास फोर 30 वाट के साथ-साथ अन्य फिजियोथैरेपी की मशीनों के साथ आवश्यक एक्सरसाइज करना आरंभ किया। जिससे आश्चर्यजनक आराम मिलना शुरू हुआ। 15 दिनों में 60 से 70 प्रतिशत आराम मिल गया।*

### इन समस्याओं में फिजियोथैरेपी कारगर

- बड़ी चोटों को रोकने के लिए
- काम करते समय सही तरीके से बैठने के लिए जिसे हम पोस्चर करेक्शन कहते है
- मांसपेशी की ऐंठन को कम करने के लिए
- सर्जरी के बाद जल्दी रिकवरी में मददगार
- घुटने या कूल्हे के सर्जरी के बाद रिकवरी के लिए
- शरीर में संतुलन सुधार के लिए
- बच्चों में अनुवांशिक बीमारियों के लिए
- दर्द से राहत के लिए
- गर्भवती महिलाओं के लिए

### काउंसिल गठन के लिए सरकार से लगाई गुहार

मप्र की भाजपा सरकार से आग्रह है कि सभी मेडिकल कॉलेज में फिजियोथैरेपी पाठ्यक्रम सुनिश्चित कर फिजियोथैरेपी काउंसिल का गठन किया जाए। शासकीय मेडिकल कॉलेजों में फिजियोथैरेपी चिकित्सा पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जाए। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फिजियोथैरेपी यूनिट स्थापित कर एक महिला व एक पुरुष फिजियोथैरेपिष्ट की नियुक्ति की जाए।

डॉ. सुनील पाण्डेय, एमपीटी (ऑर्थो) (भौतिक-चिकित्सक)

### केस एकः मोबाइल से हो गई स्लीप डिस्क की समस्या, कंधे व कलाई तक दर्द बढ़ा

मोबाइल फोन का इस्तेमाल हद से ज्यादा करने के कारण 27 साल के अभिषेक वर्मा को गर्दन दर्द से दर्द के साथ धीरे-धीरे स्लीप डिस्क की समस्या हो गई। उनके कंधे व कलाई तक दर्द बढ़ गया। एक्सपर्ट डॉक्टर ने फिजियोथैरेपी कराने की सलाह दी। फिजियोथैरेपिस्ट ने मोबाइल के इस्तेमाल कम करने के साथ-साथ इलाज किया और दो सप्ताह में युवक को आराम मिल गया।

### डिप्टी सीएम शुक्ल ने फिजियोथैरेपी डे की दी शुभकामनाएं

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर सभी फिजियोथैरेपिस्ट को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रोगियों के पुनर्वास और जीवन में आत्मविश्वास जगाने में फिजियोथैरेपिस्ट की भूमिका अमूल्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत' के संकल्प के अनुरूप मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बना रही है और फिजियोथैरेपी सेवाओं को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## भोपाल से यूपी-बिहार जाने वाली प्रमुख ट्रेनों में 18 से 25 अक्टूबर तक रिग्रेट की स्थिति

# दीपावली पर घर लौटना भी होगा मुश्किल, दो महीने पहले ही आने और जाने वाली ट्रेनें फुल

रेलवे की ओर से अभी तक अतिरिक्त ट्रेनों की घोषणा नहीं, यात्रियों की बढ़ी चिंता

निजी बसों और टैक्सियों पर निर्भर होंगे यात्री किराए में कई गुना बढ़ोतरी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दीपावली पर अभी दो महीने का समय बाकी है, लेकिन भोपाल से उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर जाने वाली ज्यादातर प्रमुख ट्रेनों में रिजर्वेशन की स्थिति लगभग फुल हो चुकी है।

खासतौर पर 18 से 25 अक्टूबर के बीच की तारीखों में तो भोपाल से गोरखपुर और पटना जाने वाली ट्रेनों में लगातार रिग्रेट की स्थिति बनी हुई है। रेलवे सूत्रों के अनुसार, त्योहार के समय घर लौटने वाली भारी भीड़ के कारण टिकट की मांग दिनोंदिन बढ़ रही है। यही वजह है कि यात्री अभी से कन्फर्म टिकट पाने के लिए परेशान हैं। कई लोग मजबूरी में निजी बसों, टैक्सी और अन्य साधनों का सहारा लेने की तैयारी कर रहे हैं।



### भोपाल से गोरखपुर जाने वाली ट्रेनें

- 15024 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस : रिग्रेट
- 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस : रिग्रेट
- 07075 हैदराबाद-गोरखपुर स्पेशल : रिग्रेट
- 22538 कुशीनगर एक्सप्रेस : रिग्रेट
- 20103 एलटीटी-आजमगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस : रिग्रेट
- 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस : रिग्रेट
- 12522 राप्तीसागर एक्सप्रेस : रिग्रेट

### भोपाल से पटना जाने वाली ट्रेनें

- *19483 अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस रिग्रेट*
- *19313 इंदौर-पटना एक्सप्रेस रिग्रेट*
- *19435 अहमदाबाद-आसनसोल साप्ताहिक एक्सप्रेस रिग्रेट*
- *01665 रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल : रिग्रेट*

### महंगे दामों पर बस की टिकट लेना होगी

दीपावली पर लखनऊ घर जाने की योजना है, लेकिन अभी से ट्रेन में टिकट नहीं मिल रही है। रेलवे अगर स्पेशल ट्रेनें नहीं चलाएगा तो हमें मजबूरी में महंगे दामों पर बस पकड़नी पड़ेगी।

अभिनव त्रिपाठी, बरखेड़ी

### टिकट की उम्मीद नहीं

पूरा परिवार गांव जाने की तैयारी में है, लेकिन ट्रेन में टिकट की कोई उम्मीद नहीं है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों के साथ बस से सफर करना मुश्किल होता है, ऐसे में त्यौहार के दौरान रेलवे को स्पेशल ट्रेनें चलानी चाहिए।

धर्मेंद्र पांडे, करोंद सलाहकार समिति

### ट्रेन में सीट नहीं मिल रही

दीपावली के दौरान कन्फर्म टिकट मिलना लगभग नामुमकिन हो जाता है। दो महीने पहले से ही यूपी-बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों में सीट नहीं मिल रही है। रेलवे को त्यौहार की समय अतिरिक्त ट्रेनें चलानी चाहिए। वरना लोग मजबूरी में निजी बसों और टैक्सियों का सहारा लेंगे। जहां कई गुना किराया वसूला जाता है।

निरंजन वाधवानी, सदस्य, सलाहकार समिति, पश्चिम मध्य रेलवे

### 30 फीसदी ज्यादा किराया

#### पूजा स्पेशल ट्रेनों के 2024 अतिरिक्त फेरे लगाने का लिया फैसला

*त्योहारों सीजन में यात्रियों की संख्या में बढ़ जाती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए हजारों विशेष ट्रेन सेवाओं के संचालन का फैसला लिया है। बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए ही 12000 से अधिक ट्रेनों को चलाने की योजना बनाई है। तो वहीं पश्चिम मध्य रेलवे से जबलपुर, भोपाल एवं कोटा जैसे स्टेशनों से 5 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी,जोकि 80 फेरे लगाएगी। इन स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों को 30 फीसदी तक अधिक किराया देना पड़ेगा।*

### यह पूजा स्पेशल ट्रेनें चलेगी

- रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति पूजा स्पेशल ट्रेन (11-11 फेरे)
- जबलपुर-दानापुर-जबलपुर पूजा स्पेशल ट्रेन (12-12 फेरे)
- सोगरिया-दानापुर-सोगरिया पूजा स्पेशल ट्रेन (06-06 फेरे)
- रीवा-रानी कमलापति-रीवा पूजा स्पेशल ट्रेन (06-06 फेरे)

## महापौर ने भी की घाटों की सफाई

# 500 सफाई कर्मियों ने 10 घंटे में चकाचक कर दिया प्रेमपुरा घाट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बनाए गए विसर्जन घाटों पर रविवार को भी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन का दौर जारी रहा। घाटों की सफाई के लिए निगम के 500 से ज्यादा सफाईकर्मी लगाए गए हैं। सफाईकर्मियों ने प्रेमपुरा घाट को 10 घंटे में पहले जैसा साफ कर दिया गया। महापौर मालती राय ने भी घाटों का निरीक्षण कर सफाई की।

शहर में पिछले तीन दिनों में 50 हजार से ज्यादा मूर्तियां विसर्जित की गई। सबसे ज्यादा मूर्तियां खटलापुरा, प्रेमपुरा, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़, हथाईखेड़ा डैम, शाहपुरा पर मूर्तियां पहुंची। देर रात तक विसर्जन का दौर जारी रहा। जैसे ही घाटों पर भीड़ कम हुई, निगम का अमला सफाई में जुट गया। कमिश्नर हरेंद्र नारायण ने बताया कि प्रेमपुरा घाट को 10 घंटे में क्लीन कर दिया। अन्य घाटों की सफाई की गई, ताकि तालाब का पानी स्वच्छ रहे।

### रविवार को चार हजार मूर्तियों का विसर्जन

रविवार को भी विसर्जन का दौर जारी रहा। करीब चार हजार मूर्तियों का विसर्जन किया गया। पंडाल से ढोल-ढमाकों के साथ मूर्तियों को विसर्जन घाट पर लाया गया। इसके बाद क्रेन की मदद से उनका विसर्जन हुआ।

### घाटों पर निरीक्षण करने पहुंची महापौर

रविवार को महापौर राय भी घाटों पर पहुंची। महापौर ने कहा कि कुंडों, जलाशयों से मूर्तियों के अवशेष व अन्य प्रकार की सामग्री को पूरी तरह से बाहर निकालने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर राय ने स्वयं विसर्जन कुंडों से प्रतिमाओं के अवशेष व अन्य अपशिष्ट निकालने के कार्य में सहयोग किया।

## परिवहन विभाग जल्द देगा नई सुविधा

# क्यूआर कोड वेरिफिकेशन होते ही बन जाएगा इंटरनेशनल ड्राइविंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब इंटरनेशनल ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना पहले से ओर भी आसान हो सकेगा। दरअसल केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से कुछ समय पहले इंटरनेशनल ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को सरल करने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। जिस पर मप्र परिवहन विभाग ने काम शुरू कर दिया है। इसके तहत अब राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर के सभी आरटीओ में एक रंग व एक आकार में इंटरनेशनल लाइसेंस बन सकेंगे। साथ ही क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। वेरिफिकेशन की प्रकिया में पहले की अपेक्षा कम समय लगेगा। साथ ही विदेशों में जांच अधिकारी आसानी से इनकी जांच कर सकेंगे।

इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय डीएल को ऑनलाइन प्रक्रिया से जोड़ा जा रहा है। जिसके बाद अब विदेश में रहकर भी राजधानी सहित प्रदेश में रहने वाले लोग इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट (आइडीपी) के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विदेशों में बैठकर ही इंटरनेशनल ड्राइविंग लाइसेंस ऑनलाइन बनवा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि भोपाल में अमेरिका, ब्रिटेन, चीन, सिंगापुर, कनाडा, फ्रांस सहित अन्य देशों रहने वाले रोजाना 6 से 8 ऐसे आवेदक इंटरनेशनल ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए पहुंच रहे है। तो वहीं प्रदेशभर में रोजना करीब 40 लाइसेंस बन रहे है। इंटरनेशनल ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए मूल रूप से रहने वाले प्रदेश के लोगों को संबंधित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) और जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ) आना पड़ता है।





### भोपाल सहित प्रदेशभर में डायरी की कमी से परेशान हो रहे आवेदक

*इन दिनों भोपाल सहित प्रदेशभर के आरटीओ में इंटरनेशनल ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने वाली डायरी की कमी होने से आवेदकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई आवेदकों को बाहर से स्टेशनरी की दुकानों से डायरी खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इसके चलते लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में सारा दिन खराब हो जाता है। तो वहीं 1100 रुपए फीस देने के बाद स्टेशनरी की दुकान से डायरी खरीने का चार्ज अलग से देना पड़ता है।*

### प्रक्रिया सरल करेंगे

इंटरनेशनल ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया पहले ओर सरल की जाएगी। इसके लिए जल्द विशेष बदलवा करने जा रहे है।

विवेक शर्मा, परिवहन आयुक्त

# 14 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## माता-पिता के तलाक के बाद से ही तनाव में रहने लगी थी इकलौती रेचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित ओम नगर कॉलोनी लालघाटी इलाके में रविवार शाम 14 साल की एक स्कूली छात्रा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है इसलिए कारण भी सामने नहीं आ सके हैं।

बच्ची अपने दादा-दादी के साथ रहती थी। माता-पिता का तलाक हो चुका है। शुरूआती जांच में पता चला है कि माता-पिता की तलाक के बाद से ही छात्रा तनाव में रहने लगी थी। छोटी-छोटी बातों पर वह गुस्सा होने लगी थी। पुलिस के मुताबिक ओम नगर कॉलोनी लालघाटी निवासी जितेन्द्र खुशलानी कारोबारी हैं।



उनका पत्नी से तलाक हो चुका है। उनकी इकलौती बेटी रेचल खुशलानी (14) घर के पास ही एक निजी स्कूल की छात्रा थी। छात्रा अपने दादा-दादी के साथ रहती थी। घर में उसका कमरा भी अलग रहता था। रविवार सुबह पिता अपने काम से निकल गए थे। घर में दादा-दादी और छात्रा थी। शाम को दादा ने कमरे में जाकर देखा तो छात्रा फंदे पर लटकी मिली।

परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। एसआई दीपक ने बताया कि परिजन दुखी हैं। उनसे बात नहीं हो सकी है। शुरूआती पूछताछ में छात्रा के दादा ने बताया कि वह बहुत गुस्सैल और चिड़चिड़ी हो गई थी। माता-पिता की तलाक होने के बाद से वह तनावग्रस्त और अकेली रहने लगी थी। पुलिस का कहना है कि सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंपा जाएगा। विस्तृत बयान होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## विसर्जन करने गया मासूम तालाब में डूबा

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव बर्रई तालाब में डूबने से दस साल के मासूम की मौत हो गई। हादसा शनिवार शाम चार से पांच बजे के बीच का बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार युवराज नाथ पिता प्रदीप नाथ (10) गांव नलखेड़ा, बैरसिया में रहता था। वह स्कूली छात्र था। शनिवार शाम वह गांव की झांकी के साथ बर्रई तालाब गया था। इसी बीच वह गहरे पानी में डूब गया। उसे बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन पानी गहरा होने से मौजूद लोग उसे नहीं बचा सके।

## भोपाल सहित पश्चिमी मप्र में बारिश में आएगी कमी

# धूप के खिलते ही धूल के गुबार शुरूः अभी बारिश थमेगी, पारा-उमस बढ़ेंगे

## भोपाल सहित अधिकांश जिलों में अगले सप्ताह अभी तेज से मध्यम बारिश का एक दौर और चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में अभी बारिश में कमी बनी रहेगी। पूर्वी और उत्तरी मध्य प्रदेश में कुछ जिलों में मध्यम बारिश का अनुमान है। रविवार को धूप खिलते ही शहर की सड़कों पर धूल के गुबार शुरू हो गए हैं। तापमान में बढ़त के साथ ही उमस और गर्मी का अहसास भी धीरे-धीरे बढने लगा है। अभी मानसून ट्रफ और एक ट्रफ के प्रदेश से गुजरने के कारण कुछ जिलों में तेज बारिश भी होगी। इस बीच भोपाल सहित अधिकांश जिलों के दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने से उमस बढ़ेगी। यह क्रम तीन से चार दिन चल सकता है।

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान और आसपास लो प्रेशर एरिया है, जो अब उत्तरी गुजरात के करीब पहुंच गया है। कल तक यह पश्चिम दक्षिण पश्चिम की ओर बढ़ेगा। वर्तमान में मानसून ट्रफ प्रदेश में श्योपुर, गुना, दमोह से गुजर कर बंगाल की खाड़ी तक सक्रिय है। वहीं, एक ट्रफ इसी मानसून ट्रफ से होती हुई सकुर्लेशन के रूप में छत्तीसगढ़ तक सक्रिय है। इससे दो से तीन दिन बाद बारिश में कुछ बढ़त हो सकती है।

*तापमान में बढ़ोतरी होने से शहर में उमस बढ़ेगी*

*दिन के तापमान में 1.2 डिग्री की बढ़त रही*

*अधिकतम पारा 29.6 डिग्री न्यूनतम पारा 23.2 डिग्री रहा*



### रात के तापमान में कमी और दिन का पारा बढ़ेगा

बारिश में कमी के साथ ही अभी दिन में धूप का असर बढ़ेगा। इससे अधिकतम पारा बढ़ने के साथ ही रात के तापमान में कमी आएगी। अगले तीन से चार दिन में तापमान में बढ़त के बीच कुछ बादल-बौछारों का दौर भी चलेगा, लेकिन मध्यम बारिश के लिए कुछ दिन का इंतजार करना होगा। भोपाल में अभी मध्यम बारिश का दौर इस महीने के दूसरे सप्ताह में और चलेगा।

### सुबह बादल, दोपहर से शाम तक धूप से पारा चढ़ा

*शहर में पिछली रात हल्की बौछारें पड़ीं। सुबह से कुछ देर बादल छाए। दोपहर बाद से शाम तक धूप खिली। इससे दिन के तापमान में 1.2 डिग्री की बढ़त रही। पारा 29.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से दशमलव 7 डिग्री कम है। वहीं रात के तापमान में दशमलव 4 डिग्री की कमी के साथ न्यूनतम पारा 23.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से आधा डिग्री कम है।*

### आज यहां भारी बारिश

सोमवार तक बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, अनुपपुर, डिंडौरी और मंडला जिलों में कुछ जगह भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सतना, शहडोल, उमरिया, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर आदि जिलों में बादल, बौछारें पड़ेंगी।

## मप्र में जल्द होगी कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस 19-20 को नहीं हुई तो अगले महीने संभावित

### मुख्य सचिव अनुराग जैन ने जिलों के कलेक्टरों से मांगी 8 बिंदुओं के तहत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस महीने 19-20 सितंबर को भोपाल में कलेक्टर कमिश्नर कांफ्रेंस बुलाई है। हालांकि इस बैठक के टलने के आसार बन गए हैं। ऐसा इसलिए है कि त्योहारी सीजन शुरू हो गया और कलेक्टर, कमिश्नर तथा आईजी जिलों में त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाने में जुटेंगे। ऐसे में यह कॉन्फ्रेंस अगले महीने तक के लिए टल सकती है।

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टर कमिश्नर-एसपी, आईजी से कांफ्रेंस के लिए सभी कलेक्टर और संभावित बिंदुओं पर जानकारी मांगी है।



### बैठक में प्रदेश की कानून व्यवस्था पर चर्चा होगी

इस बैठक में प्रदेश की कानून व्यवस्था पर चर्चा होगी। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था और नक्सल समस्या पर भी चर्चा होगी। इसके लिए बालाघाट रेंज की आईजी को भी जानकारी बैठक से पहले देनी होगी। भोपाल इंदौर जबलपुर और ग्वालियर में ट्रैफिक की सबसे ज्यादा समस्या इन दोनों आ रही है। जिस पर मुख्य सचिव ने संज्ञान लेते हुए ट्रैफिक के अधिकारियों से जाम की समस्या से निपटने के लिए प्लान मांगा है। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इस बैठक के बाद स्पष्ट होगा कि कौन-कौन से अधिकारी तबादले की श्रेणी में आएंगे। मप्र में लंबे समय के बाद एक बार फिर से प्रशासनिक सर्जरी होने की उसके पीछे की वजह है कि मुख्य सचिव को एक्सटेंशन मिला है। एसपी और कलेक्टर से रिपोर्ट लेने के बाद मुख्यमंत्री मुख्य सचिव से चर्चा करेंगे। इसके बाद ही तबादले की सूची जारी होगी। दरअसल, पुलिस विभाग में लंबे अरसे से तबादले को लेकर सुगबुगाहट चल रही है। सात बिंदुओं के आधार पर ही कलेक्टर के परफॉर्मेंस पर मुख्य सचिव फैसला करेंगे।

**इन बिंदुओं पर होगी कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस**

*प्रदेश में अतिवृष्टि से फसलों को नुकसान, जनहानि के अलावा खाद की उपलब्धता और वितरण को लेकर भी जानकारी बुलाई गई है। खराब सड़कों को सुधारने की योजना शहरी ग्रामीण राज्य मार्ग और नेशनल हाईवे को गड्ढे के भरने के लिए समय सीमित होगी। इसके अलावा पीएम आवास योजना, एक बगिया मां के नाम, लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, जिले में किया जा रहे नवाचारों जीएसटी में किए गए बदलावों का जिले में क्या असर पड़ेगा, इस पर भी चर्चा होगी। त्योहारों के दौरान लोगों को लाभान्वित करने की कार्य योजना पर चर्चा होगी। सूत्रों ने बताया कि उज्जैन कलेक्टर, कमिश्नर, आईजी को सिंहस्थ की तैयारी को लेकर भी रिपोर्ट देनी होगी। पर्यटन स्थलों के विकास के लिए वन क्षेत्र से जुड़े जिलों में अनुमतियों के अभाव में कौन-कौन से काम अटके हुए हैं, इस पर भी मुख्य सचिव जवाब तलब करेंगे।*

**फर्जी जाति प्रमाण-पत्र की जांच के चलते मीणा का अटक सकता है प्रमोशन**

## एसपीएस से आईपीएस के लिए 12 सितंबर को होगी डीपीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य पुलिस सेवा के पांच अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा में प्रमोट करने के लिए 12 सितंबर को मंत्रालय में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी। बैठक में यूपीएससी के मेंबर और एमएचए के दो वरिष्ठ अधिकारी 12 सितंबर को भोपाल आएंगे। साल 2024 के पांच पदों के लिए होने वाली डीपीसी में राज्य पुलिस सेवा के तीन गुना यानी 15 अफसर के नाम पर विचार किया जाएगा। पीएचक्यू में पदस्थ एआईजी अमृत मीणा के फर्जी जाति प्रमाण पत्र के मामले में जांच चल रही है। इसके चलते उनका प्रमोशन अटक सकता है। मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना की मौजूदगी में डीपीसी की बैठक आयोजित होगी।

**इन अफसरों के नाम पर होगा विचार**

टीकमगढ़ में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, पुलिस मुख्यालय में पदस्थ अमृत मीणा और विक्रांत मुराव, पीटीएस रीवा पदस्थ पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक जबलपुर से आशीष खरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, पुलिस अधीक्षक पीटीएस पचमढ़ी निमिषा पांडे, पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त ग्वालियर राजेश कुमार मिश्रा, डीजीपी के एसओ मलय जैन के नामों पर विचार होगा।

**खबर संक्षेप**



### ट्रांसपोर्ट के कारण रास्ता बंद, लोग परेशान

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 5 के रहवासियों ने 181 पर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत की। जिसमें गौहरगंज रोड वार्ड नंबर 5 के रहवासियों और दुकानदारों ने बताया कि गली में आने-जाने का रास्ता ट्रांसपोर्ट ने सामान के कारण बंद किया। वार्ड वासियों ने बताया कि ट्रांसपोर्ट के कारण कई बार रास्ता बंद हो जाता है एवं जाम लग जाता है। इस कारण रविवार को विवाद हो गया और दुकानदार ट्रांसपोर्ट मालिक के खिलाफ थाने में शिकायत लेकर पहुंच गए।

### पार्षद सना का समर्थकों ने मनाया जन्मदिन

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद औबेदुल्लागंज की पार्षद सना आमीर ममनून का जन्मदिन रविवार को उत्साह से मनाया गया। उन्हें जन्मदिन पर विधायक सुरेंद्र पटवा, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, पार्षद हेमलता मनोज, पार्षद भारती नरेश सेठी, अनिल अरोरा, माया राय, आरती यादव, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, पार्षद दीपू परमार, आमिर ममनून, राधा कुशवाहा, पूजा लोधी, सुलेखा चौहान आदि ने बधाई दी।



### विहिप के प्रांतीय संगठन मंत्री चौहान का आगमन



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश कुर्मी क्षत्रिय युवा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश गौर आंखखेड़ी के निवास पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह चौहान का आगमन हुआ। उस अवसर पर प्रांतीय सह मंत्री मलखान सिंह, भोपाल विभाग के सहमंत्री हरिओम शर्मा, कामता पटेल, शिवराज धाकड़ सहित विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी भी साथ उपस्थित थे।

**मिसरोद स्थित समरधा इलाके में कलारी के सामने हुई घटना**

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, 10 मीटर तक घसीटा, मौत

**पुलिस ने ऑटो से पहुंचाया एम्स**

**सिर में आई थी गंभीर चोट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित समरधा इलाके में कलारी के सामने शनिवार रात करीब साढ़े 9 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ऑटो से उन्हें एम्स पहुंचाया था। एम्स में कुछ देर चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि अर्जुन सिंह तंवर (54) राजीव नगर, रायसेन में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। शनिवार को वह रायसेन से मंडीदीप रिश्तेदारी में जाने के लिए बाइक से निकले थे। रात करीब साढ़े 9 बजे वह समरधा इलाके में वाइन शॉप के पास पहुंचे ही थे कि मुख्य रोड पर पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह टक्कर लगने से करीब दस मीटर तक घिसटे थे। इस हादसे में उन्हें सिर में गंभीर चोट आई थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ऑटो की मदद से अर्जुन सिंह को एम्स पहुंचाया, वहां कुछ देर चले इलाज के बाद डॉक्टर ने अर्जुन को मृत घोषित कर दिया। हादसे में अर्जुन को सिर में गंभीर चोट थी।

**आंबेडकर पार्क के पास बैरसिया में हुआ हादसा**

### विसर्जन के लिए जा रहा किशोर ट्रैक्टर से गिरा, मौत

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित अंबेडकर पार्क के पास ट्रैक्टर से गिरकर 13 साल के किशोर की मौत हो गई। हादसा रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे के आसपास हुआ।



हादसे के समय किशोर ट्रैक्टर में अपने पिता के पास बैठा था और एकाएक नीचे गिर गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार आशीष प्रजापति पिता कमल प्रजापति (13) गांव शेरपुरा में रहता था और कक्षा छठवीं में पढ़ता था। रविवार सुबह वह अपने पिता और परिवार के साथ ट्रैक्टर से गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए निकला था।

सभी लोग बैरसिया स्थित आंबेडकर पार्क के पास पहुंचे थे, तभी सुबह करीब दस बजे पिता की बगल में बैठा आशीष एकाएक नीचे गिर गया। ट्रैक्टर से गिरने के कारण उसे गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से निर्वाचन भवन के ठेका श्रमिक की मौत

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित जवाहर चौक, कस्तूरबा स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने निवार्चन भवन की ठेका श्रमिक को टक्कर मार दी।

हादसा ड्यूटी से घर लौटते समय हुआ। 30 अगस्त की दोपहर हुए इस हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई थी और उनका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार आशा वर्मा पति मनोहर वर्मा (48) बाणगंगा इलाके में रहती थी और निर्वाचन भवन में ठेका श्रमिक थी। गत 30 अगस्त को वह ड्यूटी गई थी और वहां से पैदल पैदल घर लौट रही थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे वह जवाहर चौक स्थित कस्तूरबा स्कूल के पास पहुंची ही थी कि अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गई। उन्हें राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था, वहां इलाज के दौरान शनिवार रविवार की दरमियानी रात उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि जिस जगह हादसा हुआ था उस जगह सीसीटीवी कैमरे नहीं है।

अभी यह भी पता नहीं चल सका है कि टक्कर मारने वाला वाहन बाइक है या फिर कार। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की तलाश कर रही है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित नरसिंहगढ़ रोड पर रविवार दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार राधेश्याम मोंगिया पिता नन्हूलाल मोंगिया (48) गांव दामखेड़ा, तहसील बैरसिया में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। वह रिश्तेदारी में गए थे और रविवार दोपहर लौट रहे थे।

### एक्स आर्मी मैन की बेटी ने फांसी लगाकर दी जान

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित प्रोफेसर कॉलोनी, भौंरी में एक्स आर्मीमैन की बेटी ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि अप्रैल महीने में ही उनका पति से तलाक हुआ था और वह माता-पिता के साथ यहां रह रही थी। पुलिस के अनुसार अंजली भदौरिया पिता मोहन सिंह (32) ए-11, प्रोफेसर कॉलोनी, भौंरी में रहती थी। परिवार में तीन ही सदस्य रहते हैं। मोहन सिंह भदौरिया ने बताया कि रविवार दोपहर करीब तीन बजे उनकी पत्नी अंजली को बुलाने के लिए ऊपर वाले कमरे में पहुंची। इस दौरान अंजली दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटकी मिली।

## साइंस हाउस के संचालक के ठिकानों पर मिले 1 करोड़ रुपए और जेवरात किए सीज

**हवाला कनेक्शन की भी जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयकर विभाग को साइंस हाउस, डिसेंट मेडिकल्स और अन्य सहयोगी ग्रुप्स के बीच हवाला कनेक्शन का पता चला है। इसके साथ ही साइंस हाउस ग्रुप के संचालक जीतेन्द्र तिवारी और उनके भाई शैलेंद्र तिवारी के यहां से एक करोड़ कैश और 900 ग्राम ज्वैलरी मिली है जिसे सीज कर दिया गया है। चार दिन रात चलने के बाद शनिवार को सुबह पूरी हो पाई। बोगस बिलिंग के जरिए सरकार को चपत लगाने वाले साइंस हाउस और उसके सहयोगियों के यहां मंगलवार सुबह से जांच शुरू हुई थी, जो शनिवार सुबह तक चली है। कई अधिकारी रविवार सुबह सात बजे जांच खत्म कर घर और दफ्तर पहुंचे हैं। जांच में सबसे बड़ी बात यह सामने आई है कि साइंस हाउस के संचालक जितेंद्र तिवारी, उसके भाई शैलेंद्र तिवारी के अलावा इस ग्रुप से जुड़े राजेश गुप्ता लालघाटी, डिसेंट मेडिकल्स एमआर-5 कॉलोनी इंदौर और अन्य सहयोगियों के यहां से 300 करोड़ रुपए से अधिक की टैक्स चोरी और बोगस बिलिंग के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। आयकर की जांच में बड़े स्तर पर बोगस बिलिंग मिली है, जिसके आधार पर नोटिस जारी करने की तैयारी है।

**साइंस हाउस के संचालक पर पहले भी लग चुका फर्जीवाड़े का आरोप**

हाल ही में आयकर विभाग ने साइंस हाउस के संचालक जीतेन्द्र तिवारी के ठिकानों पर छापेमारी की थी। हालांकि यह पहला मौका नहीं है, इसके पूर्व में साइंस हाउस के संचालक पर ईओडब्ल्यू भी अपना शिकंजा कस चुकी है। साइस हाउस के संचालक और उसके परिवार के सदस्यों पर अनूपपुर के तत्कालीन सीएमएचओ वीडी सोनवानी के साथ मिलकर सर्जिकल उपकरणों की निविदा में वित्तीय गड़बड़ी के आरोप लगे थे, जिसमें ईओडब्ल्यू ने मार्च 2024 में सीएमएचओ और साइंस हाउस के संचालक सहित 13 पर मामला दर्ज किया था। साइंस हाउस के संचालक के खिलाफ लुक हाउट नोटिस भी जारी कराया गया था। हालांकि ईओडब्ल्यू ने साइंस हाउस के संचालक को सीआईएसएफ की मदद से दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया था। दरअसल मामला यह था कि सामग्री क्रय समिति की अनुशंसा पर कई सामान दोगुनी दर पर खरीदे गए थे। परीक्षण टेबल की न्यूनतम बोली एचबी फार्मा कटनी द्वारा 9200 रुपए प्रस्तुत की गई थी, पर समिति ने साइंस हाउस से 18 हजार रुपए प्रति नग के हिसाब से टेबलें खरीदी। इसी तरह से निडिल सिरिंज डिस्ट्रावयर इलेक्ट्रिक के लिए न्यूनतम बोली भी एचबी फार्मा ने 800 रुपए प्रस्तुत की थी, लेकिन सीएमएचओ ने यहां से न लेकर मेसर्स सिंको इंडिया से महंगी दर पर खरीदी। एसी खरीदी के लिए न्यूनतम दर 48 हजार रुपए उपलब्ध होने के बाद भी सीएमएचओ ने साइंस हाउस से 68,499 रुपए प्रति नग के हिसाब से 27 एसी खरीदे।

### जनपद सदस्यों की बैठक में उठी मांग

## औबेदुल्लागंज जनपद सदस्यों की शीघ्र बुलाई जाए बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को जिला जनपद सदस्यों की अध्यक्ष सुलेखा चौहान एवं सचिव रुपेश चौहान, विमल कुमार, वसीम खान, रशीद भाई, अनूप भल्लवी, धर्म सिंह मीणा, सज्जन नागर, राखी मालवीय, ममता कड़िया, ममता, नयनतारा, अरुण शर्मा आदि की बैठक हुई। जनपद सदस्यों ने मांग की है कि औबेदुल्लागंज जनपद की सदस्यों की शीघ्र बैठक बुलाई जाए। जनपद सदस्यों में रोष था कि 15वें वित्त आयोग का बजट कहां पर है, इसको जनपद सदस्यों की निधि में क्यों नहीं लिया जा रहा है। तत्काल बैठक बुलाकर जनपद सदस्यों को स्पष्टीकरण दिया जाए। आरोप लगाया गया कि औबेदुल्लागंज जनपद पंचायत में खुलेआम अनियमितताएं की गई है।




**मंत्री, सांसद, विधायक को सौंपेंगे ज्ञापन**

सुलेखा चौहान ने बताया कि औबेदुल्लागंज के सभी जनपद सदस्य पंचायत मंत्री एवं क्षेत्र के सांसद, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा को औबेदुल्लागंज जनपद में अनियमितताओं की लोकायुक्त से जांच कराने के लिए ज्ञापन देंगे। इसके पूर्व जनपद सदस्यों ने कलेक्टर, जिला जनपद सीईओ, औबेदुल्लागंज जनपद सीईओ को ज्ञापन दिया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जनसंपर्क निधि 3 साल से गायब है। उसकी जानकारी के लिए टालमटोल की जा रही है।

### डेंटल के छात्र ने होटल में किया युवती से दुष्कर्म

**भोपाल।** मिसरोद पुलिस ने उज्जैन में पढ़ने वाली 19 साल की युवती की शिकायत पर डेंटल के छात्र के खिलाफ बलात्कार का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने मिलने और बात करने के बहाने युवती को होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से आगर मालवा निवासी 19 साल की युवती उज्जैन में रहकर पढ़ाई करती है और प्राइवेट नौकरी भी करती है। आगर में रहने वाले समर्थ भावसार से युवती का परिचय है। 17 अगस्त को आरोपी समर्थ ने मिलने के बहाने युवती को भोपाल बुलाया और मिसरोद की एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे धमकी दी।

**शहर में 11 स्थानों पर चल रहा है सिंधी गरबा प्रशिक्षण**

## पारिवारिक सांस्कृतिक गरबा महोत्सव की थीम बदली, अब स्थानीय कलाकार मचाएंगे धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी मेला समिति के सांस्कृतिक गरबा महोत्सा का शुभारंभ 26, 27, 28, 29 सितम्बर को शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में किया जाएगा। इस वर्ष गरबा 19वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। गरबा महोत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को सुंदरवन गार्डन में बैठक की गई, जिसमे सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी, महासचिव नरेश तलरेजा, कार्यक्रम के संयोजक अर्जुनदास नेभनानी, सह संयोजक हरीश मेघानी एवं सह संयोजिका मीना भागचंदानी विशेष रूप से उपस्थित रही। बैठक में भोपाल के 11 सेंटरों के व्यस्थापकों गरबे को और बेहतर बनाने के लिए विचार रखे।



**सिंधी व्यंजन होंगे आकर्षण का केंद्र**

गौरतलब है कि 1 सितंबर से भोपाल के 11 प्रशिक्षण स्थलों पर गरबे का प्रशिक्षण चल रहा है, जो 25 सितंबर तक जारी रहेगा। मीटिंग में सुनील मंगवानी, अशोक माता किरण वाधवानी, वासु गोलानी, राम आसूदानी, कपिल भाटिया, मनोहर लालवानी, भावना जगवानी, सिया असुदानी, पूजा भाटिया, रेखा कमल, मनोहर उतवानी, हनी लोकवानी, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता में मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि गरबा महोत्सव में सिंधी व्यंजन के स्टॉल लगाए जाएंगे, इस वर्ष समिति ने किसी भी सेलेब्रिटी को न बुलाने का निर्णय लिया है। इस वर्ष लोकल कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा।

**विधायक पटवा व श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष चौकसे भजनों पर झूमे**

## गणेशोत्सव की झांकियों को किया पुरस्कृत, भजन संध्या ने मोहा मन



### अधिकारियों ने संभाली प्रशासनिक व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में देर रात तक गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। इस अवसर पर पर गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस जल्दी आ गूंजता रहा।

श्री राम बजरंग अखाड़े के पहलवानों ने मनमोहक प्रदर्शन किया। डीजे-बैंड की धुन पर नाचते श्रद्धालु मूर्तियों को विसर्जन स्थल पर ले गए, वहां विसर्जन किया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा और श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष सोनू चौकसे ने नगर में झांकियां को अच्छी सजावट के लिए पुरस्कृत किया। बताया गया कि करीब 81 झांकियों को शील्ड दी गई। इसके बाद देर रात 10 बजे गायिका रिजा खान एवं बाली ठाकरे के आकर्षित भजनों पर श्रोता झूम उठे। कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र पटवा, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष सोनू चौकसे, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पार्षद दीपू परमार, राहुल प्रजापति, सुधीर कमल, पंकज कोठारी, अमित राय, कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत यादव, अशोक जायसवाल, महामंत्री बागिश अग्रवाल, विकास श्रीवास्तव, जगदीश चंदानी, आशीष दीक्षित, प्रदीप अरोरा, बल्लू अरोरा, रतन मेघानी, रमेश बासवानी, देवेंद्र सिंह राजू आदि झूम उठे। विधायक पटवा ने भी भजनों पर नृत्य किया। दर्शकों ने पटवा की सराहना की।

**विधायक पटवा ने किया भजन संध्या का शुभारंभ**

भजन संध्या का शुभारंभो विधायक सुरेंद्र पटवा ने किया,। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष सोनू लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, पार्षद समीक्षा विक्रम यादव, डेनी राजपूत, भारती नरेश सेठी, प्रीति अनूप चौधरी, सरोज रामेश्वर नागर, राधा कुशवाह, सुरजीत सिंह बिल्ले, द्विज प्रकाश चौरसिया, राजेंद्र गुड्डू साहू, सुनील सेरिया, सना आमीर भजनों पर नृत्य करते रहे।

**औबेदुल्लागंज के विकास के लिए मिलकर कार्य करें**

इस अवसर पर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, टीआई बीपी सिंह, तहसीलदार नीलेश सरवटे, सीएमओ किरण रंहगडाले प्रशासनिक व्यवस्था संभालते रहे। पटवा ने कहा कि इस वर्ष हमारे भोपाल निवास पर भोजपुर के भजन मंडलों ने भगवान गणेश आराधना की। अनंत चतुर्दशी के पर्व पर हम औबेदुल्लागंज के विकास के लिए सब मिलकर कार्य करें।

## वन विभाग में 27 लाख रुपए के पौधरोपण घोटाले में जांच शुरू

### आरोपी एसडीओ सहित अन्य पर हो चुकी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन विभाग के इंदौर वन मंडल में बड़े स्तर पर पौधरोपण घोटाला हुआ है। इसमें वन विभाग के एसडीओ और डिप्टी रेंजर सहित अन्य अधिकारियों की संलिप्पता सामने आई है। इस मामले में लोकायुक्त की इंदौर इकाई वन अधिकारियों के खिलाफ सप्ताह भर पूर्व एफआईआर दर्ज कर चुकी है। अब मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही लोकायुक्त आरोपी अफसरों को बयान भी दर्ज कराए कराएगी।

दरअसल मामला यह है कि शिकायतकर्ता शंकर नाइक ने लोकायुक्त में एसडीओ केके निनामा सहित अन्य अफसरों के खिलाफ शिकायत की थी, जिसमें आरोप था कि एसडीओ ने अवैध कटाई को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया और पौधरोपण कार्यों में में भ्रष्टाचार किया। इंदौर के ग्राम कम्पेल में कक्ष 227 में किए गए पौधरोपण में अनियमितताएं की गई। कार्य गुणवत्ता विहीन कराया गया। इसमें तार, सीमेंट के पोल, चैनलिक जाली मानक स्तर और स्वीकृत निविदा के अनुसार नहीं पाई गई। प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार पौधरोपण के लिए 9206 गड्ढे कम खोदे गए। साथ ही 27 लाख 86 हजार रुपए का अतिरिक्त खर्च दिखा दिया।



# मुख्यमंत्री ने किया मऊगंज के बहुती जल प्रपात का अवलोकन, व्यू प्वाइंट से देखी दूधिया जलधारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मऊगंज जिले के प्रवास पर नई गढ़ी जनपद पंचायत के बहुती जल प्रपात का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वाटरफॉल के नजदीक जाकर व्यू प्वाइंट से जलप्रपात की गिरती हुई दूधिया जल धारा और वहा बनने वाले इंद्रधनुष की आभा को देखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहुती जल प्रपात के समीप कार्यक्रम स्थल पर गौपूजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री से जंगल में विचरण करने वाली गौमाताओं को अपनी एक आवाज में अपने पास बुलाने की कला रखने वाले रकरी गांव के गौसेवक सौखीलाल यादव ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम की दीदीओं ने सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए।

मुख्यमंत्री के बहुती पहुंचने पर पारंपरिक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज की लोक कला की छात्राओं ने बघेली शैली नृत्य और स्थानीय लोक कलाकारों के दल ने अहिरहाई लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, पशुपालन डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल, विधायक गिरीश गौतम, दिव्यराज सिंह और प्रदीप पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, कमिश्नर रीवा बीएस. जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर संजय जैन एवं पुलिस अधीक्षक प्रजापति सहित नागरिक मौजूद थे।

### पर्यटक स्थल के रूप में किया जा रहा है विकसित



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवतालाब शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया।

कलेक्टर मऊगंज संजय जैन ने बताया कि बहुती जल प्रपात को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने एवं जन सुविधाओं के विकास के लिए 10 करोड़ रुपए लागत की कार्ययोजना प्रस्तावित की गई है। कलेक्टर ने बताया कि बहुती प्रपात के अप स्ट्रीम में स्टॉप डैम का निर्माण प्रस्तावित है। स्टॉप डैम में जल का संचय होने से वाटर फॉल की जल धारा का बारह माह सदा अविरल प्रवाह बना रहेगा। बहुती जल प्रपात रीवा से 75 किलोमीटर दूर मऊगंज जिले में स्थित है। यह विन्ध्य क्षेत्र ही नहीं पूरे मध्यप्रदेश का सबसे ऊंचा जलप्रपात है। बहुती में सेलर नदी 650 फिट की ऊंचाई से दो धाराओं में विभक्त होकर गिरती है। नीचे सुंदर कुंड और चारों ओर घने वन हैं। बहुती में अनंत जलराशि लंबवत चट्टानों पर गिरती है। जुलाई से सितम्बर माह तक इस प्रपात का सौंदर्य अपने चरम पर होता है। प्रपात के समीप ही अष्टभुजा देवी का प्रसिद्ध मंदिर भी स्थित है। प्रयागराज और बनारस से सड़क मार्ग से सीधे जुड़ा होने से उत्तरप्रदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। इसके पास भैंसहाई में प्रागैतिहासिक काल के भिति चित्र मिले हैं।

### देवतालाब शिव मंदिर में होगा शिवलोक का निर्माण, बहुती जल प्रपात को विकसित करेगा पर्यटन विकास निगम

# हमारे गांव स्वावलंबन की अद्भुत मिसाल, देवतालाब बनारस और प्रयागराज धार्मिक क्षेत्र का अनूठा त्रिकोण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे गांव स्वावलम्बन की अद्भुत मिसाल हैं। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में स्वदेशी को अपनाते हुए आत्मनिर्भरता और स्वावलम्बन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट है। हमारी इस सामर्थ्य के परिणामस्वरूप ही देश की कीर्ति गाथा सम्पूर्ण विश्व में गूंज रही है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का कथन की 21 वीं सदी भारत की होगी।

साकार हो रहा है। गर्व का विषय है कि स्वामी विवेकानंद अर्थात श्रद्धेय नरेन्द्र नाथ दत्त की भावना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चरितार्थ किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मऊगंज के देवतालाब स्टेडियम में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने 241 करोड़ 33 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास कर विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। उन्होंने मऊगंज को विकास की अनेक सौगातें देते हुए घोषणाएं भी कीं। मुख्यमंत्री ने कन्यापूजन कर मऊगंज के संयुक्त जिला कार्यालय भवन का शिलान्यास भी किया।

### देवतालाब में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का होगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन, देवतालाब व नईगढ़ी में बनेंगे नए तहसील भवन

**मुख्यमंत्री ने देवतालाब में 241 करोड़ 33 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास और लोकार्पण**




### मऊगंज को दी अनेक सौगातें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मऊगंज जिले और देवतालाब विधानसभा क्षेत्र को अनेक सौगातें दीं। मुख्यमंत्री ने देवतालाब शिव मंदिर में शिवलोक के निर्माण और नईगढ़ी एवं देवतालाब में तहसील भवन निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवतालाब के अस्पताल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाएगा। देवतालाब के शासकीय महाविद्यालय में ऑडिटोरियम और अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया जाएगा। एससी, एसटी विद्यार्थियों के लिए दो छात्रावास भवन बनाए जाएंगे। टीपा बदोर से गढ़वा रोड तक 11 किलोमीटर की सड़क बनाई जाएगी।



**सांगीतिक प्रस्तुति की सराहना की**
मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बनारस से आये लोक कलाकारों की ओर से दी गई सांगीतिक प्रस्तुति की सराहना की और लोक कलाकारों को 25 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की।

### 2 साल से कम समय में ऐतिहासिक विकास

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश ने 2 साल से कम समय में जो विकास किया है वह ऐतिहासिक है। उन्होंने विकास योजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी। आज मऊगंज को 241 करोड़ रुपए की सौगात मिली है। क्षेत्र में सड़क, नहर और माइक्रो इरिगेशन परियोजना से विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना के लिए 6 हजार करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इससे मऊगंज जिले के हर खेत में पानी पहुंचेगा। इस मौके पर विधायक गिरीश गौतम, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल मौजूद रहे।

### शिव मंदिर देवतालाब अद्भुत है, यहां पांच तत्वों का आभास होता है

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिव मंदिर देवतालाब अद्भुत है। यहां पांच तत्वों का आभास होता है। ऐसा अद्भुत मंदिर केवल विश्वकर्मा जी ही बना सकते हैं। देवतालाब, बनारस और प्रयागराज महत्वपूर्ण धार्मिक त्रिकोण हैं। देवतालाब आस्था, इतिहास और आनंद का संगम है। यह श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि है। ऐसी मान्यता है कि देवतालाब के शिव का दर्शन करने पर ही चारधाम की यात्रा का फल मिलता है।

### विश्व की सभी महत्वपूर्ण नीतियों के निर्धारण में भारत है केंद्र बिंदु

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज और काशी विश्वनाथ के बीच बसा यह स्थान देवताओं की अभिरुचि की अभिव्यक्ति है। उनके स्वयं के लिए भी देवतालाब आगमन सदैव सुखद और भाग्यशाली रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति ने विश्व को मानवता का विचार देते हुए जीवन जीने का सही मार्ग प्रशस्त किया। वर्तमान में भी प्रधानमंत्री मोदी की प्रभावशीलता के परिणाम स्वरूप विश्व की सभी महत्वपूर्ण नीतियों के निर्धारण में भारत केंद्र बिंदु बना हुआ है। यह हम सबके लिए गर्व-गौरव और स्वाभिमान का विषय है कि अमेरिका हो या दुनिया का कोई भी अन्य बड़ा देश, सभी प्रधानमंत्री मोदी की स्वीकार्यता के लिए उत्सुक हैं।

## अस्थाई कर्मचारियों का तीन दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन 21 सितंबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के नेतृत्व में प्रदेश के हजारों अस्थाई कर्मचारी अपनी स्थाई करने की मांग के समर्थन में तीन दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन 21 सितंबर से आंबेडकर मैदान तुलसी नगर में करेंगे।

यह निर्णय मप्र कर्मचारी मंच की प्रांतीय समिति की बैठक में लिया गया। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के अस्थाई कर्मचारी, सुरक्षा श्रमिकों, आउटसोर्स कर्मचारी, नल जल चालक, पंचायत चौकीदार आदि को नियमित करने की मांग लंबे समय से कर्मचारी मंच कर रहा है लेकिन अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई करने की मांग को अनदेखा किया जा रहा है। पांडे ने कहा कि अस्थाई कर्मचारियों को न्यायालय आदेश का लाभ भी नहीं दिया जा रहा है। कर्मचारियों की पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में 21 सितंबर से तीन दिवस सत्याग्रह आंदोलन राजधानी भोपाल में किया जाएगा। 23 सितंबर को सत्याग्रह आंदोलन के समापन पर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर मांगों को मंजूर करने की मांग की जाएगी।

### उप्र की तरह आउटसोर्स नीति की करेंगे मांग

## प्रधानमंत्री को खून से पत्र लिखेंगे 30 हजार आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर वेतन देने के साथ उत्तरप्रदेश सरकार की तरह आउटसोर्स नीति तैयार करने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदेश के 30 हजार से अधिक आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने खून से पत्र लिखेंगे।

मप्र आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि मप्र के शासकीय अस्पतालों में 30 हजार से अधिक आउटसोर्स श्रमिक कर्मचारियों के रूप में अर्ध कुशल एवं कुशल दर अनुसार सेवा दे रहे है। लेकिन निजी आउटसोर्स एजेंसियों द्वारा सभी जिलों में मनमर्जी अनुसार कर्मचारियों को अलग-अलग वेतन दिया जा रहा है। पिछले 8 वर्षों से प्रदेश के सभी जिलों में निजी आउट सोर्स एजेंसियों द्वारा श्रम विभाग द्वारा निर्धारित वेतन नहीं दिया गया। फिर भी सीएमएचओ और अस्पताल अधीक्षकों द्वारा निजी आउटसोर्स कंपनियों को ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया। आउटसोर्स कर्मचारी के वेतन के नाम पर निजी आउटसोर्स कंपनियों द्वारा करोड़ों रुपए का घोटाला किया जा रहा है जिसको लेकर संगठन द्वारा निरंतर मांग की गई को कोषालय अधिकारी द्वारा जांच कराई जाए लेकिन आज तक कोई जांच नहीं कराई गई।

## उन्हेल थाना प्रभारी शर्मा का निधन हृदय विदारकः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन में ड्यूटी के दौरान क्षिप्रा नदी में वाहन गिरने से हुई दुर्घटना में उन्हेल के थाना प्रभारी अशोक शर्मा का असामयिक निधन हृदय विदारक है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजन के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति और परिजन को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वाहन दुर्घटना में लापता पुलिसकर्मी मदनलाल निनामा एवं सुश्री आरती पाल के लिए सर्च ऑपरेशन तेजी से जारी है।

## सियासतनामा



### तो, नपेंगे दर्जन भर कलेक्टर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की एक चेतावनी ने जिला कलेक्टरों की नींद उड़ा दी है। उन्होंने दो टूक कहा कि जिले में खाद वितरण को लेकर कोई समस्या आती है, धरना-प्रदर्शन होते हैं तो इसके लिए संबंधित जिले के कलेक्टर को जवाबदार मान कर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री की इस चेतावनी के बाद जिलों में कलेक्टर सारे काम छोड़ कर खाद की व्यवस्था में जुट गए हैं। दूसरी तरफ ऐसे कलेक्टरों की सूची भी बनाई जाने लगी है, जो खाद समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं। लगभग एक दर्जन कलेक्टर ऐसे हैं जो किसानों के लिए खाद वितरण की व्यवस्था नहीं संभाल पाए। रीवा और सीधी की घटनाओं पर डॉ. यादव ने खुद नाराजगी जताई थी। मुख्यमंत्री ने इस समस्या को हैंडल करने वाले कुछ कलेक्टरों की तारीफ भी की, इनमें शाजापुर, जबलपुर, दमोह और धार जिले के कलेक्टर शामिल हैं।

### करेला और नीम चढ़ा

एक कहावत है 'करेला और नीम चढ़ा'। यह प्रदेश के एक ताकतवर नेता संजय पाठक पर सटीक बैठती है। अवैध खनन मामले में पाठक के परिजनों के नाम की कंपनियों पर 443 करोड़ रुपए की वसूली निकाली गई है। इसके खिलाफ पाठक हाईकोर्ट चले गए और केस पर चर्चा के लिए एक जस्टिस को फोन लगा दिया। जज ने केस सुनने से इंकार किर दिया। पर सवाल है कि क्या यह अपराध इतना साधारण है? क्या इस मामले में पाठक के खिलाफ न्यायालय को प्रभावित करने का प्रकरण दर्ज नहीं होना चाहिए? फिलहाल, पाठक के खिलाफ न तो एफआईआर दर्ज कराई गई और न ही किसी तरह की अन्य कार्रवाई की गई है।

### संतोष भी गए, इंतजार करते रह गए दावेदार

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के भोपाल में कदम रखते ही हल्ला हो गया था कि उन्होंने संगठन के साथ सरकार में राजीनीतिक नियुक्तियों को लेकर चर्चा की है। यह भी कहा गया कि संतोष ने प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी और मंत्रिमंडल विस्तार पर भी बातचीत की है। ऐसा प्रचारित किया गया कि वे सूची पर मुहर लगा कर ही जाएंगे। संतोष ने जैसे ही भोपाल से बाहर के लिए उड़ान भरी, निगम-मंडलों सहित हर तरह की नियुक्तियों की चर्चा पर विराम लग गया। सभी दावेदार नेता नियुक्तियों का इंतजार कर रह गए। साफ है कि फिलहाल मामला लटक गया।

### उमंग क्या लिखते हैं अपने धर्म के कॉलम में?

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नारा दिया है कि 'हम आदिवासी हैं, हिंदू नहीं।' सिंघार के इस बयान की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के नेताओं ने आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस हमेशा हिंदू समाज को बांटने और कमजोर करने का काम करती रही है। इसके विपरीत सिंघार ने आरोप लगाया कि भाजपा और संघ हमको हिंदू बनाना चाहते हैं, जबकि आदिवासी समाज अपनी रीति, नीति, संस्कृति की बात करें तो भाजपा को बुरा लगता है। सिंघार का कहना है कि संघ हिंदुओं की एकजुटता के लिए काम करता है। यदि आदिवासी भी हिंदू हैं तो आज तक संघ का एक भी सर संघचालक आदिवासी क्यों नहीं बना? बड़ा सवाल यह है कि यदि आदिवासी हिंदू नहीं तो सिंघार नामांकन फॉर्म में धर्म के कॉलम के सामने क्या लिखते हैं? इसका खुलासा भी कर देना चाहिए।

### 'सीएम हेल्पलाइन' पर शिकायत से ऐसे निबटती है पुलिस

मामला छतरपुर के पन्ना रोड स्थित छत्रसाल नगर का है। यहां मुख्य मार्ग पर बड़ी तादाद में ट्रक खड़े होने लगे हैं। यहां सन्मति विद्या मंदिर स्कूल भी है, जहां आने-जाने वाले छात्रों खास कर छात्राओं को परेशानी होती है। बीएड कॉलेज के लेक्चरर महेंद्र शर्मा ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की। कोई सुनवाई नहीं हुई तो सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भेजी। ट्रैफिक पुलिस के टीआई को भी बताया। इसी दौरान चोरों ने उनके घर में खिड़की की एक ग्रिल काट कर घुसने की कोशिश की। इसकी शिकायत भी थाने में की गई लेकिन पुलिस ने यह कहकर एफआईआर दर्ज करने से मना कर दिया कि कुछ चोरी नहीं हुई तो किस बात की एफआईआर? पुलिस दबाव बनाने लगी कि सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायत को खत्म कर दीजिए। शर्मा ने मना कर दिया।

**- दिनेश निगम 'त्यागी'**

### कांग्रेस नेता ने किया सड़कों का मुआयना

## चांद पर इतने गड्ढे नहीं होंगे जितने शहर में हैंः शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण पूरे शहर में चांद की सतह जैसे गड्ढे हो गए है। ऐसा कोई गली-मोहल्ला या रोड नहीं जहां गड्ढे, जल जमाव और ट्रैफिक जाम की स्थिति ना हो।

इस दुर्दशा के विरोध में भोपाल के करोंद सब्जी मंडी गेट पर कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। मनोज शुक्ला



अन्तरिक्ष यात्री बन सड़को पर बने गड्ढों में बैठकर गड्ढों का मुआयना किया और सभी गड्ढों पर भाजपा के निशान लगा कर भाजपा और महापौर मालती राय की लापरवाही उजागर की गई।

## सीएम डॉ. यादव को ज्ञापन सौंपने जा रहे कांग्रेसी नेताओं की पुलिस से झड़प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को मउगंज दौरे पर थे। इस दौरान खाद की समस्या को लेकर कांग्रेसी नेतओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता सीएम को ज्ञापन सौंपना चाह रहे थे। इसके लिए वे मऊगंज बायपास से होकर देवतालाब जा रहे थे तभी रास्ते में ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

**बेरीकेड्स तोड़कर की आगे बढ़ने की कोशिश**

इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ता एक दूसरे से भिड़ गए। पूर्व कांग्रेस विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन में करीब तीन से चार हजार किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं की पुलिस की जमकर झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के लगाए बैरिकेड्स तोड़ दिया। बाद में पुलिस ने पूर्व विधायक समेत अन्य प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि बाद में पुलिस ने उनको छोड़ दिया। इस दौरान पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह ने कहा कि हम यहां पिकनिक मनाने नहीं आए हैं, बल्कि उन किसानों और छात्रों की आवाज बनने आए हैं, जिन पर बर्बरतापूर्वक लाठियां बरसाई जा रही हैं। उन मरीजों के लिए खड़े हैं, जिन्हें अस्पतालों में इलाज और पोस्टमॉर्टम जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए दर-दर भटकना पड़ता है।

### विद्यालयों ने पोर्टल पर फीस विवरण अपलोड किया

# मप्र में निजी विद्यालयों की ओर से फीस में अनियमित वृद्धि को रोकने के लिए प्रावधान

**किताबें, यूनिफॉर्म, टाई एवं कॉपियों पर किसी भी तरह की विशेष दुकान से क्रय नहीं किए जाने संबंधित नियम भी लागू है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी विद्यालयों की फीस में अनियमित वृद्धि रोकने के लिए प्रावधान लागू किए गए है। इसके अलावा किताबें, यूनिफॉर्म, टाई एवं कॉपियों पर किसी विशेष दुकान से क्रय नहीं किए जाने संबंधित नियम भी लागू है। इन नियमों में वर्णित प्रावधानों के तहत निजी विद्यालयों में उपयोग की जाने वाली स्टेशनरी, पठन सामग्री, बैग, यूनिफॉर्म, स्पोर्ट्स किट, ट्रांसपोर्ट सुविधा और फीस से संग्रहित की




जाने वाली राशि का विवरण विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर तथा अधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी है। इसी के साथ निजी विद्यालय प्रबंधन की ओर से कक्षा वार एवं मद वार आगामी सत्र की प्रस्तावित फीस संरचना को स्कूल शिक्षा विभाग के फीस विनियमन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। राज्य में इस वर्ष करीब 10 हजार 200 निजी विद्यालयों ने पोर्टल पर फीस का विवरण अपलोड किया जा चुका है।

### निर्धारित तिथि का ध्यान नहीं रखा तो कार्रवाई होगी

प्रदेश में जिन विद्यालयों की किसी भी कक्षा की वार्षिक फीस संरचना 25 हजार रुपए या उससे कम है, उन्हें फीस संरचना की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने से मुक्त रखा गया है। इन विद्यालयों को इस संबंध में पोर्टल पर शपथ पत्र अपलोड करने की निर्धारित तिथि भी दी गई थी। ऐसे विद्यालय जो समय-सीमा की जानकारी अपलोड नहीं करेंगे, उनके विरूद्ध जिला समिति की ओर से कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में निजी विद्यालयों के विरूद्ध प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला समिति भी कार्य कर रही है।

## बिना रायल्टी के गाड़ी नहीं चलाएंगे क्रेशर मालिक

**■ भोपाल स्टोन क्रेशर ऑनर्स एसो ने किया बैठक का आयोजन**

**भोपाल।** राजधानी में रविवार को भोपाल स्टोनक्रेशर आनर्स एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजन में सभी क्रेशर मालिकों ने हिस्सा लिया। एसासिएशन ने इस अहम बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। जिसमें सभी क्रेशर मालिक बिना रायल्टी के गाड़ी नहीं चलाएंगे और न ही किसी गाड़ी वाले को बिना रायल्टी गाड़ी भरने की अनुमति प्रदान करेंगे। बिना रायल्टी गाड़ी पकड़ाने पर सख्त कार्रवाई होगी। जिस क्रेशर से गाड़ी भरी गई है, उस खदान पर कलेक्टर के माध्यम से कार्रवाई कराई जाएगी। इस तरह से कई बिंदुओं पर सहमति बनी।

## पेज एक का शेष....

### भारतीय हॉकी टीम...

सूखा खत्म करते हुए ट्रॉफी जीती। इससे पहले बांग्लादेश के ढाका में 2017 में भारत ने मलेशिया को पराजित कर खिताब जीता था। कोरिया के खिलाफ तीन गोल फील्ड और एक पेनल्टी कॉर्नर की मदद से हुए। मुकाबले के हीरो दिलप्रीत सिंह रहे। प्लेयर ऑफ द मैच दिलप्रीत ने दो फील्ड गोल किए। फाइनल में भारतीय टीम की शुरुआत बेहतरीन रही। पहले ही मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल दागा। इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने 27वें मिनट में गोल किया। तीसरे क्वार्टर के अंत में दिलप्रीत (44 मिनट) ने एक और गोल दाग दिया। 49वें मिनट में अमित रोहिदास ने भारत के लिए चौथा गोल किया। साउथ कोरिया की ओर से 1 ही गोल हुआ। 50वें मिनट में सन डेन ने गोल किया। इसके बाद दोनों टीम कोई गोल नहीं कर सकीं। भारत ने इससे पहले 2003 (कुआलालंपुर) , 2007 (चेन्नई) और आखिरी बार 2017 (ढाका) में एशिया कप जीता था। दक्षिण कोरिया ने 1994, 1999, 2009, 2013 और 2022 में खिताब जीता है।

### छग बाढ़ पीड़ितों...

कठिनाई और परेशानी के समय में साथ-साथ हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आश्वस्त किया कि मध्यप्रदेश सरकार सदैव उनके साथ है। मध्यप्रदेश की ओर से भविष्य में भी छत्तीसगढ़ को आवश्यकतानुसार सहायता और राहत उपलब्ध कराई जाएगी।

### भाजपा की दो...

होने वाले चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और इंडी गठबंधन के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी आमने-सामने होंगे। भाजपा सांसदों ने इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान भी किया और उन्हें जीएसटी सुधारों के लिए बधाई दी। कार्यशाला में पीयूष गोयल ने जीएसटी सुधार से जुड़ा धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद सांसदों ने जीएसटी सुधारों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया। सांसदों ने जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। दरअसल, जीएसटी में हुए सुधार से लोगों पर कर का बोझ कम होगा और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा और उसके सहयोगी दलों को उम्मीद है कि इस कदम से उन्हें नवंबर में होने वाले बिहार चुनावों में बढ़त मिलेगी।

**खरगे ने रखी इंडिया ब्लॉक की डिनर पार्टी:** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान से एक दिन पहले सोमवार शाम को संसद भवन में इंडिया ब्लॉक के सांसदों को डिनर देंगे। विपक्ष यह दिखाने की प्लानिंग करेगा कि वे बी सुदर्शन रेड्डी के समर्थन में एकजुट है। खास बात यह है कि एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने भी सुदर्शन रेड्डी ने भी समर्थन कर दिया है।

### दक्षिण भारत से ...

हुए थे। वे कई अहम फैसलों के लिए चर्चित रहे, जिनमें काला धन जांच में सरकार की ढिलाई पर सख्त टिप्पणी और छत्तीसगढ़ में सलवा जुडूम को असंवैधानिक करार देना शामिल है।

### राजग के सांसदों ...

वाला रात्रिभोज रद्द कर दिया गया था। प्रधानमंत्री आवास पर राजग सांसदों का रात्रिभोज उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले होना था।

### शिप्रा में कार...

सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस, नगर निगम, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, होमगार्ड और स्थानीय गोताखोरों की टीम कार और उसमें फंसे लोगों की तलाश मे जुट गई। रात करीब नौ बजे से शुरू हुए रेस्क्यू ऑपरेशन में देर रात तक पुलिस को सफलता नहीं मिली। रविवार सुबह छह बजे एक बार फिर रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। इस दौरान पुलिस को भैरवगढ़ क्षेत्र में नदी में एक शव होने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को नदी के बाहर निकाला, जो उन्हेल के थाना प्रभारी अशोक शर्मा का था। इस दौरान पुलिस को पता चला कि जो कार नदी में गिरी थी वह पुलिसकर्मी की ही थी। कार में थाना प्रभारी अशोक शर्मा के साथ सब-इंस्पेक्टर मदनलाल निनामा और महिला आरक्षक आरती पाल भी सवार थे।

### कार आरक्षक आरती ....

अनियंत्रित होकर कार नदी में गिर गई। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी अशोक शर्मा के बाद सब-इंस्पेक्टर मदनलाल निनामा का भी शव नदी से बाहर निकाल लिया है। महिला आरक्षक आरती पाल और कार की तलाश की जा रही है।

### वास्तविक वृद्धि लक्ष्य ....

जीडीपी में महंगाई का प्रभाव शामिल होता है, जिससे कीमतें बढ़ने पर जीडीपी अधिक दिखाई देती है। वहीं, वास्तविक जीडीपी महंगाई को समायोजित करके तैयार की जाती है, जिससे अर्थव्यवस्था की असल स्थिति सामने आती है। नागेश्वरन ने आगे जीडीपी के नए दरों से देश में महंगाई कम होने की संभावनाओं पर जोर दिया।

इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे महंगाई दर कम होगी क्योंकि खरीफ फसल अच्छी रहने की उम्मीद है और जीएसटी परिषद ने हाल ही में 400 से अधिक वस्तुओं पर टैक्स घटाया है, जिससे कीमतें नीचे आएंगी। साथ ही, फरवरी के बजट में दिए गए इनकम टैक्स राहत से आम लोगों की जेब में ज्यादा पैसा बचेगा, जिससे घरेलू खपत में इजाफा होगा।

### नदी में पोती को...

गए। उनके पोते ने शोर मचाकर आसपास के ग्रामीणों को बुलाया, जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम को सूचित किया गया। बैरसिया की ब्रह्म नदी में बुजुर्ग और उनकी पोती बह गए। करीब साढ़े 3 घंटे के बाद घटनास्थल से आधा किमी दूर बुजुर्ग का शव मिला। एसडीआरएफ की टीम बच्ची को तलाश रही है। बैरसिया थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि हमने अतिरिक्त गोताखोरों और ड्रोन्स की मदद ली है।

### महाकाल में 39...

बनाया। यह आंकड़ा न केवल उज्जैन की आध्यात्मिक शक्ति को दर्शाता है, बल्कि मध्य प्रदेश के महाकाल लोक की बढ़ती लोकप्रियता का भी सबूत है। आय के स्रोतों में लड्डू प्रसाद, विशेष दर्शन टिकट, दर्शन शुल्क, और दानपात्र शामिल हैं। लड्डू प्रसाद की बिक्री ने इस बार 10 करोड़ रुपए से ज्यादा का योगदान दिया, जबकि विशेष दर्शन टिकट से 6.5 करोड़ रुपए की आय हुई। दानपात्रों में भक्तों ने 5.2 करोड़ रुपए चढ़ाए, और ऑनलाइन दान, चेक, और नकद भेंट से बाकी राशि प्राप्त हुई। इसके अलावा, भक्तों ने सोना, चांदी, और आभूषण भी भेंट किए, जिनका मूल्यांकन विशेषज्ञ सुनारों द्वारा किया गया।

### सूतक काल में ...

मिनट तक देखने को मिला। इस साल का चंद्र ग्रहण भारत के अलावा दुनियाभर में देखा गया। रात का चंद्र ग्रहण एशिया, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, पूर्वी अफ्रीका और यूरोप के कुछ हिस्सों में दिखाई दिया। दुनिया के 85% में ग्रहण का प्रभाव रहा। दोपहर लगभग 1 बजे से सूतक काल शुरू हो गया। इस दौरान मंदिरों के पट बंद कर दिए गए। उज्जैन का महाकाल मंदिर खुला रहा। इस मंदिर के द्वार ग्रहण के दौरान बंद नहीं किए जाते। इसी तरह राजस्थान के बीकानेर जिले में लक्ष्मीनाथ मंदिर में चंद्र ग्रहण का सूतक काल नहीं माना जाता। पिंडदान के लिए प्रसिद्ध गयाजी में विष्णुपाद मंदिर काफी प्रसिद्ध है। सूर्य ग्रहण हो या चंद्र ग्रहण ये मंदिर हमेशा खुला रहता है। काशी विश्वनाथ और अन्नपूर्णा मंदिर को छोड़ नगर के देश के सभी प्रमुख मंदिर दोपहर में ही बंद कर दिए गए। चंद्र ग्रहण तब होता है जब चंद्रमा पृथ्वी की छाया में गुजरता है, और पूरी तरह से डार्क दिखाई देता है।

### फिल्टर टैंक में जहरीली...

में अचानक से गैस रिसाव की वजह से तीनों मजदूर इसकी चपेट में आ गए। पहले एक मजदूर बेहोश हो गया। इसके बाद उसके दो साथी उसे उठाने पहुंचे। जिससे वह भी चपेट में आ गए। तीनों कर्मचारी के नाम सुनील (35), दीपक (30) और जगदीश निवासी इंडोरमा पीथमपुर हैं। तीनों को तुरंत वहां से बाहर निकालकर नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। यहां से इंदौर के एमवाय अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि तीनों कर्मचारी को बेहोशी की हालत में एमवाय अस्पताल लेकर आया गया था। यहां पर डॉक्टरों ने तीनों को चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया।

### कृषि विभाग का...

को माना जा रहा है। सरकार ने सभी जिलों के कलेक्टरों को सख्त हिदायत दी है कि यूरिया की वितरण व्यवस्था ठीक की जाए। रीवा व सागर संभाग के कुछ जिलों में यूरिया, डीएपी, एनपीए खाद नहीं मिलने की वजह से किसानों में नाराजगी है। दमोह में रविवार को डबल लॉक वाले गोदाम पर हजारों की संख्या में किसान अचानक पहुंच गए। इससे पुलिस को विरतण व्यवस्था संभालनी पड़ी। किसानों को लाइनों में लगाकर यूरिया का वितरण कराया गया। कृषि विभाग ने बताया कि मप्र को इस वर्ष करीब दो लाख मीट्रिक टन ज्यादा यूरिया की सप्लाई मिली है। पिछले वर्ष यूरिया की कुल मांग के बराबर कुल 15 लाख 60 हजार मीट्रिक टन यूरिया की आवक हुई थी। इस वर्ष यह बढ़कर 17 लाख 75 हजार मीट्रिक टन हो गया। अब तक में किसानो को 15 लाख 80 हजार मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। सरकार के पास आज की स्थिति में अभी भी एक लाख 85 हजार मीट्रिक टन यूरिया का स्टॉक मौजूद है। जबकि 3.25 लाख मीट्रिक टन यूरिया अभी और आ रहा है। केंद्र सरकार की तरफ से राज्यों को यूरिया आवंटित किया जाता है। इस आवंटित मात्रा में से 30 प्रतिशत हिस्सा निजी दुकानदारों को चला जाता है। बाकी 70 प्रतिशत में से 35 प्रतिशत सहकारी समितियों को और 35 प्रतिशत डबल लॉक यानी मार्कफेड और एमपी एग्रो को चला जाता है। इनके सेंटर जिला स्तर पर पांच या छह होते हैं, जहां से खाद मिलती है।

### रबी फसल के ...

हेक्टेयर था। वहीं, धान का क्षेत्र भी 36.20 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 36.32 लाख हेक्टेयर हो गया। इसके उलट सोयाबीन की बोआई में कुछ गिरावट आई है। इस बार 51.20 लाख हेक्टेयर में सोयाबीन की बोआई हुई है, जबकि पिछले साल यह 53.85 लाख हेक्टेयर में हुई थी। सोयाबीन की तुलना में मक्का में अधिक यूरिया का उपयोग होता है, इसी कारण मांग में उछाल आया है।

# अनुपर्णा ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का जीता पुरस्कार

**लॉस एंजिल्स।** वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जहां एक तरफ भारत की अनुपर्णा रॉय ने इतिहास रच दिया। वहीं, ड्वेन जॉनसन की फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' को भी पुरस्कार मिला। यह प्रतिष्ठित महोत्सव 27 अगस्त से शुरू होकर 6 सितंबर तक चला और इसमें दुनियाभर की बेहतरीन फिल्मों को दिखाया गया।

जिम जरमश को गोल्डन लॉयन : इस बार गोल्डन लॉयन अवॉर्ड यानी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब अमेरिकी निर्देशक जिम जरमश की फिल्म 'फादर मदर सिस्टर ब्रदर' को दिया गया। पुरस्कार लेते वक्स जरमश ने कहा कि सिनेमा उनके लिए प्रतियोगिता नहीं बल्कि अभिव्यक्ति का जरिया है। उन्होंने वेनिस को कला और इतिहास से जुड़ा शहर बताते हुए इसे अपना दूसरा घर कहा। बेनी सैफ्दी और ड्वेन जॉनसन की जीत : इसके अलावा बेनी सैफ्दी की फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' ने सिल्वर लॉयन का खिताब हासिल कर लिया। इस फिल्म ने सिल्वर लॉयन (सर्वश्रेष्ठ निर्देशक) का अवॉर्ड जीता। यह प्रोजेक्ट इसलिए भी चर्चा में रहा क्योंकि इसमें हॉलीवुड सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन ने मुख्य भूमिका निभाई। अवॉर्ड लेने के बाद सैफ्दी ने कहा कि उनकी



फिल्म सहानुभूति और संवेदनशीलता को दर्शाने का प्रयास है और यही गुण आज की दुनिया के लिए सबसे जरूरी हैं। उन्होंने जॉनसन को अपना साथी और भाई कहकर सम्मानित किया।


***गाजा पर आधारित फिल्म :*** *इस बार की ग्रैंड ज्यूरी प्राइज से सम्मानित हुई कौथर बेन हानिया की फिल्म 'द वॉइस ऑफ हिंद रजब'। यह फिल्म गाजा में मारी गई पांच वर्षीय बच्ची की सच्ची घटना पर आधारित है। निर्देशक ने यह अवॉर्ड गाजा के रेड क्रिसेंट और राहत दलों को समर्पित किया। भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि हिंद की आवाज पूरी दुनिया ने सुनी लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका और सिनेमा उस आवाज को जीवित रखने का जरिया बनेगा।*

***'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए मिला अवॉर्ड :*** *भारत के लिए इस बार का वेनिस फिल्म फेस्टिवल बेहद खास रहा। निर्देशक अनुपर्णा रॉय ने 'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए ओरिजोंटी सेक्शन में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया। यह फिल्म मुंबई की दो प्रवासी महिलाओं की कहानी कहती है, जो अकेलेपन और संघर्ष के बीच रिश्तों और उम्मीदों को तलाशती हैं। यह उपलब्धि भारतीय सिनेमा के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक नई पहचान है।*

***फेस्टिवल के दूसरे अवॉर्ड्स :*** *इटली के दिग्गज अभिनेता टोनी सर्विल्लो को फिल्म 'ला ग्राजिया' में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला, जबकि चीन की शिन झिलई को 'द सन राइजेस ऑन अस ऑल' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड दिया गया। युवा कलाकारों में लूना वेल्डर को 'साइलेंट फ्रेंड' के लिए मार्सेलो मास्ट्रोयानी अवॉर्ड से नवाजा गया। इसके अलावा 'बेलो द क्लाउड्स' को स्पेशल ज्यूरी प्राइज, 'अ पिएड द'ओव्र' को सर्वश्रेष्ठ पटकथा और 'काले मलागा' को ऑडियंस अवॉर्ड मिला। वहीं 'माता हारी' ने सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री का सम्मान पाया।*

# 1979 की वो हॉरर फिल्म जिससे लोगों की असल लाइफ में फैला था डर

**नई दिल्ली।** 1979 में आई इस हॉरर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। इस फिल्म में उस दौर के कई बड़े सितारे नजर आए थे। इस फिल्म ने लोगों की असल लाइफ में डर का माहौल पैदा कर दिया था। इस फिल्म में उस दौर के कई बड़े सितारे- सुनील दत्त, संजीव कुमार, विनोद मेहरा, शत्रुघ्न सिन्हा, रीना रॉय, रेखा, नीतू सिंह, अमरीश पुरी और जीतेंद्र जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म में संजीव कुमार ने दूसरी बार ठाकुर का



रोल निभाया था। क्या आप पहचान पाए फिल्म का नाम? अगर नहीं, तो चलिए हम आपको बताते हैं। इस फिल्म का नाम है जानी दुश्मन।

***फिल्म की बजट और कमाई :*** जानी दुश्मन का बजट करीब 1.3 करोड़ का था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 9 करोड़ की कमाई की थी। इस फिल्म की कहानी कुछ इस तरह है कि एक राक्षस है जो लाल जोड़ा पहने दुल्हनों को किडनैप करता है और उनकी हत्या कर देता है।


***फिल्म से बन गया था डर का माहौल :*** इस फिल्म की रिलीज के बाद कुछ गांवों में डर का ऐसा माहौल छा गया था कि दुल्हनें लाल रंग की जगह गुलाबी और नारंगी रंग का लहंगा पहनती थीं।

### *संजीव कुमार नहीं करना चाहते थे फिल्म*

*संजीव कुमार पहले इस फिल्म को नहीं करना चाहते थे, क्योंकि वो शोले में एक बार ठाकुर का रोल निभा चुके थे। वो टाइप कास्ट नहीं होना चाहते थे। हालांकि, जब उन्होंने फिल्म का नरेशन सुना तो उन्हें फिल्म बहुत पसंद आई और उन्होंने फिल्म के लिए हां कहा।*

***राज कुमार कोहली ने की थी डायरेक्ट :*** *जानी दुश्मन को राज कुमार कोहली ने डायरेक्ट किया है। वहीं, फिल्म को इंद्र राज आनंद, हकीम रियाज लता और जग्गी रामपाल ने लिखा था।इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.1 है। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।*

# शेयर की हल्दी-आटे से बने बप्पा की झलक



**मुंबई।** हर साल श्रद्धालुओं से ईको फ्रेंडली बप्पा की मूर्ति घर लाने की अपील की जाती है। सितारे भी इसका पालन कर रहे हैं। इस बार अभिनेता राजकुमार राव और उनकी पत्नी पत्रलेखा ने घर पर ही बप्पा की प्रतिमा को आकार दिया। राजकुमार ने हल्दी और आटे से खूबसूरत बप्पा की मूर्ति बनाई। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसकी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, 'गेहूं के आटे और हल्दी से बने हमारे गणपति से मिलिए। हमारे ईको फ्रेंडली बप्पा'। साथ में लिखा है, 'गणपती बाप्पा मोरया, पुढच्या वर्षी लवकर या'! अभिनेत्री श्रद्धा कपूर को मोदक बेहद पसंद हैं। बप्पा के विसर्जन के दिन उन्होंने एक या दो नहीं, बल्कि छह मोदक खाए। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए इसकी वजह बताई है। श्रद्धा ने एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें एक प्लेट में छह मोदक रखे नजर आ रहे हैं। इसके साथ श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'विसर्जन का दिन, 6 सितंबर, मतलब छह मोदक खाने पड़ेंगे'। इसके साथ उन्होंने हाथ जोडने वाली इमोजी बनाई है। बता दें कि मोदक गणपति बप्पा के पसंदीदा हैं। यह एक मिठाई है, जिसका भोग बप्पा को लगता है और फिर प्रसाद के रूप में लोग पाते हैं।

# 'नायक' शाहरुख-आमिर को हुई थी ऑफर



**मुंबई।** अनिल कपूर, रानी मुखर्जी और अमरीश पुरी की फिल्म 'नायकः द रियल हीरो' की रिलीज को 24 साल हो गए हैं। इस मौके पर अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ी तस्वीरें और यादें साझा कीं। उन्होंने बताया कि यह फिल्म पहले शाहरुख खान और आमिर खान को ऑफर की गई थी, लेकिन बात नहीं बनी। मैं निर्देशक शंकर का आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया। शाहरुख ने कहा था, यह किरदार अनिल के लिए ही था। ये पल हमेशा याद रहेंगे।


आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644



हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू
बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457
R-04 to 19-09-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4cm
अन्य साईज में @ Rs.40sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

नाम परिवर्तन
मैं अनंत कुमार ठाकुर आत्मज श्री परमानंद ठाकुर, निवासी म.नं.-182, बागसेवनिया दुर्गा मंदिर के पास, हुजूर भोपाल (म.प्र.) आधार नं- 6687 9883 1143 मेरे सभी शैक्षणिक अंकसूची में मेरा नाम अनंत कुमार दर्ज है जबकि मेरे अन्य गैर शैक्षणिक दस्तावेज जैसे आधारकार्ड इत्यादि में मेरा नाम अनंत कुमार ठाकुर दर्ज है जोकि सही है। उपरोक्त दोनो नाम मेरे ही है। मेरा पूरा नाम अनंत कुमार ठाकुर है और भविष्य में मुझे इसी सही नाम से पहचाना जावे।

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5982



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 5981 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |

## सूडोकु नवताल - 5992

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5991 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## खबर संक्षेप

### आईटेल का स्मार्टफोन ए90 लिमिटेड एडिशन लांच

**नई दिल्ली।** आइटेल ने अपना नया ए90 लिमिटेड एडिशन स्मार्टफोन लांच किया है। यह फोन 7,000 रुपए से कम कीमत में बेहतरीन डिज़ाइन और मजबूती का शानदार मिश्रण है। इसका खास कैमरा डिज़ाइन इसे स्टाइलिश और आकर्षक बनाता है। आइटेल ए90 लिमिटेड एडिशन का सबसे खास आकर्षण इसका देखने में आकर्षक कैमरा डेको है। यह सुविधा 7,000 रुपए से कम के सेगमेंट में शायद ही देखने को मिलती है।

### सैमसंग ने लांच किया गैलेक्सी ए17 5जी

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपना सबसे किफायती गैलेक्सी ए सीरीज एआई स्मार्टफोन गैलेक्सी ए17 5जी लांच किया। यह 7.5 एमएम पतला और अपने सेगमेंट का सबसे स्लीक फोन है। इसका वजन सिर्फ 192 ग्राम है, जिससे इसे पकड़ना और इस्तेमाल करना आसान है। गैलेक्सी ए17 5जी, गैलेक्सी ए16 5जी की सफलता को आगे बढ़ाता है, जो भारत में सैमसंग के सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स में से एक है।

### टाटा ने 6.6 लाख से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अवसर पर टाटा मोटर्स ने अपने प्रमुख सामुदायिक स्वास्थ्य पहल आरोग्य कार्यक्रम की उपलब्धियों को साझा किया। वित्त वर्ष 2024-25 में आरोग्य कार्यक्रम ने लगभग 6.66 लाख लोगों तक अपनी पहुंच बनाई, जिसमें कुपोषित बच्चों में 87 फीसदी रिकवरी और महिलाओं में एनीमिया के मामलों में 80 फीसदी की कमी हासिल की गई। ये नतीजे टाटा मोटर्स के स्वास्थ्य और पोषण कार्यक्रमों की ताकत और सकारात्मक प्रभाव को दर्शाते हैं।

### कैनन ने पूरे देश में 'रिटेलर उत्सव' लांच

**नई दिल्ली।** आगामी त्योहारों की खुशी बढ़ाने के लिए कैनन इंडिया ने 'रिटेल उत्सव' का लांच किया है। यह पार्टनर्स के बीच पहुंचने का एक अत्यधिक प्रभावशाली और विस्तार योग्य कार्यक्रम है, जिसमें 45 से अधिक शहरों के 4,000 से अधिक रिटेलर्स हिस्सा लेंगे। यह प्रोग्राम चार प्रमुख मेट्रो शहरों दिल्ली, मुंबई, बैंगलुरू और कोलकाता में लांच किया गया था।

### ट्रूकॉलर ने बदला एआई से कॉलर आईडी के मायने

**मुंबई।** ट्रूकॉलर अब सिर्फ कॉलर आईडी की सेवा देने वाला माध्यम नहीं रह गया है। अब ये एक भरोसेमंद गाइड बन गया है, जो लोगों को बताता है कि कौन कॉल कर रहा है, और हर बार कॉल का मकसद क्या है। ट्रूकॉलर ने सिर्फ कॉलर का नाम दिखाने के बजाय, अब एआई की मदद से अपने यूजर्स को आने वाली कॉल्स के बारे में और भी गहराई से जानकारी देना शुरू कर दिया है।

### निलाचल कार्बो का आज खुलेगा आईपीओ

**मुंबई।** निलाचल कार्बो मेटालिक्स लिमिटेड (कंपनी, निलाचल), जो फेरो-अलॉय, फाउंड्री और स्टील उद्योगों के लिए लो ऐश मेटलर्जिकल कोक के निर्माण में लगी हुई है, अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश 8 सितंबर 2025 को लांच करने का प्रस्ताव रखती है, जिसके माध्यम से 56.10 करोड़ जुटाए जाएंगे। इश्यू साइज 66,00,000 इक्विटी शेयरों का है, जिनका फेस वैल्यू 10 रुपए प्रति शेयर है और फिक्स्ड प्राइस 85 प्रति शेयर तय की गई है। यह इश्यू 11 सितंबर 2025 को बंद होगा।

### नायसस ने 70 करोड़ रुपए का निवेश किया

**मुंबई।** नायसस फाइनेंस सर्विसेज कंपनी लिमिटेड ने अपनी सहायक कंपनी नायसस फाइनेंस प्रोजेक्ट्स एलएलपी के माध्यम से न्यू कंसोलिडेटेड कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड में बहुमत हिस्सेदारी अधिग्रहित की है। यह लेन-देन पूरी तरह नकद भुगतान के रूप में, प्रबंधन-नेतृत्व वाली खरीद के रूप में संपन्न हुआ है, इस अधिग्रहण के हिस्से के रूप में, नायसस ने प्राथमिक वृद्धि पूंजी के रूप में 70 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

**शहर में पैकेट बंद दही की पर्याप्त मात्रा में सप्लाई**

# शहर में 500 ग्राम डिब्बाबंद सांची दही की सप्लाई प्रभावित..., दही प्रेमी निराश

*अधिकारी बोले, बारिश और बाढ़ से प्रभावित यातायात में फंसा ट्रक, क्वालिटी सुधरने से मांग में हुई दोगुनी वृद्धि से डिब्बे खत्म होने से निर्मित हुई स्थिति*




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के उपभोक्ताओं को 500 ग्राम की पैकिंग वाला डिब्बाबंद सांची दही नहीं मिल रहा है। जानकारी के अनुसार भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के पास पैकिंग मटेरियल खत्म हो गया है। जिस कारण सप्लाई प्रभावित हुई है।

सांची पार्लर संचालकों का कहना है कि डिब्बाबंद सांची दही के प्रेमी उपभोक्ताओं को उनके पार्लर पर दही नहीं मिलने वे दूसरे ब्रांड की तरफ जा रहे हैं। इसके कारण उन्हें घाटा हो रहा है। वहीं भोपाल दुग्ध संघ के विपणन अधिकारी बताते है कि पूर्व मिलने वाले दही की गुणवत्ता की अपेक्षा पिछले 4 महीने में 200 और 500 ग्राम डिब्बाबंद सांची दही की क्वालिटी पहले अधिक श्रेष्ठ हुई है जिस कारण सांची दही के प्रति उपभोक्ताओं का रूझान तेजी से बढ़ा है। इसकी बिक्री पूर्व की अपेक्षा बढ़कर दोगुनी हो गई है। अतः अनुमान से अधिक डिब्बाबंद दही की मांग होने से पैकिंग मटेरियल खत्म गई। अधिकारी बताते है कि पैकिंग मटेरियल खत्म होने के पूर्व की मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट को सप्लाई का ऑर्डर दिया गया था, लेकिन बारिश और बाढ़ की वजह से यातायात प्रभावित होने से ट्रक रास्ते में फंस गया और निर्धारित समय पर पैकिंग मटेरियल नहीं पहुंच पाया है। जिस कारण शहर में 200 और 500 ग्राम डिब्बाबंद सांची दही की सप्लाई प्रभावित हुई, लेकिन शहर में पैकिंट बंद दही की पर्याप्त मात्रा सप्लाई हुई। बताया जा रहा है कि 200 और 500 ग्राम वाले पैकिंग मटेरियल (डिब्बे) की आपूर्ति अब संघ को प्राप्त हो गई है और शहर में इसकी आपूर्ति में सुधार होना शुरू हो गया है, एक, दो दिन में दोनों ही प्रकार के डिब्बाबंद सांची दही की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में सांची पार्लर और सांची कॉर्नर में उपलब्ध हो जाएगी। इधर पार्लर संचालक का कहना है कि उन्हें भोपाल दुग्ध संघ से ही दही की सप्लाई नहीं दी जा रही है। गणेश उत्सव के दौरान दो दिन आधी-अधूरी सप्लाई दी थी, उसके बाद फिर बंद कर दी है। 200 ग्राम में सप्लाई तो बहाल हुई है,लेकिन 500 ग्राम में अभी सप्लाई बहाल नहीं हुई है। साकेत नगर क्षेत्र के सांची पार्लर संचालक ने बताया कि पिछले सप्ताह भर से डिब्बा बंद सांची दही उपलब्ध नहीं होने ऐसे ग्राहक जो डिब्बाबंद दही ही खरीदना पसंद कर रहे है वे दूसरे ब्रांड का दही खरीद रहे हैं।

# शास्त्र विश्वविद्यालय के डीन को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार मिला

**पदक और 50 हजार रुपए की नकद राशि शामिल**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तंजावुर

कंप्यूटिंग के डीन और प्रोफेसर डॉ. शंकर श्रीराम ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त कियाडॉ. श्रीराम इंजीनियरिंग शिक्षा श्रेणी में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने वाले तमिलनाडु के एकमात्र शिक्षक हैं। इस पुरस्कार में सम्मान प्रमाण पत्र, पदक, 50,000 रुपए की नकद राशि शामिल है और इसे शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक शानदार समारोह में भारत के विभिन्न हिस्सों से आए 21 शिक्षकों को प्रदान किया गया। भारत के प्रधानमंत्री ने कल पुरस्कार विजेता शिक्षकों के साथ रात्रिभोज पर बातचीत की और मंत्री प्रधान ने भी 5 सितंबर को स्कूल शिक्षकों सहित सभी विजेताओं को बधाई देने के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया।

**वीआईटी चेन्नई में 13वां वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित**

# रैंक धारकों और पीएचडी शोधार्थियों को प्रदान किए पदक और उपाधि प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज.चेन्नई

वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) चेन्नई का 13वां वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। तमिलनाडु सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल सेवा मंत्री डॉ. पलानीवेल त्याग राजन ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत समारोह में भाग लिया और रैंक धारकों और पीएचडी शोधार्थियों को पदक और उपाधि प्रमाण पत्र प्रदान किए।

शेली सालेहिन, बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त, बांग्लादेश उप उच्चायोग, चेन्नई, मुख्य अतिथि थे। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) के संस्थापक एवं कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। वीआईटी के उपाध्यक्ष श्री शंकर विश्वनाथन और डॉ. जी.वी. सेल्वम ने दीक्षांत समारोह




में भाग लिया। डॉ. पलानीवेल त्याग राजन ने लिंग, समुदाय और धर्मों के आधार पर सभी के लिए शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच के महत्व पर बल दिया। डॉ. पलानीवेल थियागा राजन ने युवाओं से अपने दृष्टिकोण और मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा से लोगों का समाज के प्रति एक नरम दृष्टिकोण विकसित होना चाहिए और तकनीकी संस्थानों में मानविकी, सामाजिक विज्ञान और विधि की शिक्षा प्रदान करने की अवधारणा महत्वपूर्ण है।

### सभी लड़कों और लड़कियों के लिए अनिवार्य शिक्षा लागू

*उन्होंने याद दिलाया कि एक सदी से भी पहले तमिलनाडु में सभी लड़कों और लड़कियों के लिए अनिवार्य शिक्षा लागू की गई थी। मंत्री ने कहाकि एक सदी से भी अधिक समय से, हम तमिलनाडु में देख रहे हैं कि शिक्षा अच्छे सामाजिक परिणामों की कुंजी है। सामाजिक न्याय और समानता की अवधारणाएं शिक्षा तक समान पहुंच से शुरू होती हैं और इस अर्थ में, मैं डॉ. जी. विश्वनाथन की दशकों पहले की उनकी दूरदर्शिता और तमिलनाडु तथा देश के अन्य हिस्सों में शिक्षा की सूरत बदलने के उनके तरीके की सराहना करता हूं।*

### अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी एक उत्सव होता

*सालेहिन ने कहा कि चरित्र और प्रतिभा युवाओं के लिए दो सबसे महत्वपूर्ण गुण हैं। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह न केवल छात्रों के लिए, बल्कि उनके अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी एक उत्सव होता है, जिन्होंने हमेशा उनका साथ दिया। वीआईटी के संस्थापक एवं कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने कहा कि यदि इतने सारे युवा गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त कर पा रहे हैं, तो इसका मुख्य कारण अभिभावकों का निवेश है।*

# नवरात्रि से होगी कार, दोपहिया वाहन और इलेक्ट्रॉनिक सामान की बंपर बिक्री प्रारंभ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कंज्यूमर गुड्स पर जीएसटी कटौती का तोहफा मिलने ही वाला है। जीएसटी के रेट में कमी करने का फैसला सरकारी स्तर पर हो चुका है। यह फैसला इसी महीने 22 तारीख से लागू हो रहा है। इसी समय नवरात्रे की शुरुआत हो रही है।

तभी से त्योहारी मौसम के लिए खरीदारी भी शुरु हो जाएगी। उस समय बाजार में सप्लाई की कोई कमी नहीं हो, इसके लिए कार, दोपहिया वाहन और इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने वाली कंपनियां उत्पादन बढ़ा रही हैं। यह



बात मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और रूपराज मोटर्स के सुनील जैन 501 ने कही।

### नए ऑर्डर की लगेगी झड़ी



सुनील जैन 501



विशाल जौहरी

सुनील जैन 501 ने कहाकि सरकार के जीएसटी कटौती के फैसले से छोटी कार बनाने वाली कंपनियां तो खुश हैं। उन्हें लगता है कि अगामी 22 सितंबर के बाद जो बढ़ी हुई मांग निकलेगी, वह लंबे समय तक बनी रहेगी। उन्होंने कहाकि अभी से ही जिस तरह से पूछताछ हो रही है, उन्हें लगता है कि नवरात्रे और दिवाली में तो लोग कार खरीदने के लिए शोरूम में उमड़ पड़ेंगे। तब नए ऑर्डर की झड़ी लग जाएगी। पिछले पांच सालों से छोटी कार की बिक्री कम हो रही थी। लोगों ने सितंबर माह से ही वाहनों की बुकिंग करानी शुरू कर दी थी। वहीं, नवरात्र ही नहीं इस बार धनतेरस, दिवाली समेत पूरे त्योहारी सीजन में खासा कारोबार होने का अनुमान है। वैरेण्यम मोटर्स के विशाल जौहरी ने कहाकि आगामी त्यौहारी सीजन में खरीदारी के लिए लग्जरी वाहनों की बुकिंग शुरू हो गई है। इस वर्ष शुरू से ही वाहनों की बिक्री अच्छी संख्या में हुई है। ऐसे में नवरात्र में बंपर बिक्री होगी ही। इस बार नए में हाइब्रिड वाहनों की बुकिंग में बहुत बड़ा उछाल देखने को मिल रहा है। इसका कारण टैक्स में शत प्रतिशत छूट मानी जा रही है। इसमें इलेक्ट्रिक वाहन भी पीछे नहीं हैं। चार पहिया हों या दोपहिया, इलेक्ट्रिक वाहन भी खासी संख्या में बुक हुए हैं।

# एसबीआई देगा एमपी. ट्रांसको के सैलरी खाता धारकों को कॉर्पोरेट बैंकिंग सुविधाएं

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) अब राजधानी सहित प्रदेश में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के कार्मिकों के लिए कॉर्पोरेट बैंकिंग सेवाओं वाली सुविधाएं प्रदान करेगा।

इसके लिए विगत दिवस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गए।.यह समझौता कर्मचारी कल्याण की दिशा में एक बड़ा कदम है और एमपी ट्रांसको तथा एसबीआई के बीच एकसंवेदनशील एवं रचनात्मक साझेदारी को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और एम.पी. ट्रांसको के बीच एमओयू साइन किया गया, जिसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

**ऋण खातों में ब्याज में छूट, लॉकर किराए में छूट, एसबीआई रूपे कार्ड की विभिन्न सुविधाएं**



द्वारा सैलरी खाता स्कीम के अंतर्गत अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की गई है। एम पी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल महरोत्रा और एसबीआई के डीजीएम हरे राम सिंह के विशेष प्रयास से हुए इस समझोते के एम यू साइन होते समय एमपी ट्रांसको के राजेश भायरे सहित स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर अर्जुन सिंह बिस्ट, एजीएम शैलेंद्र चतुर्वेदी एवं नयागांव शाखा के चीफ मैनेजर चेतन शर्मा उपस्थित थे। एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा ने बताया कि इस समझोते के तहत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एम.पी. ट्रांसको के खाता धारक कार्मिकों को अत्याधिक नई विशेष हितकारी सुविधाएं, जिनमें सामान्य मृत्यु बीमा 10 लाख, हवाई दुर्घटना बीमा कवर, दुर्घटना (मृत्यु) बीमा कवर, विकलांगता बीमा कवर, ऑटो स्विप सुविधा, आरटीजीएस, एनईएफटी शुल्क में 100 प्रतिशत छूट, डिमांड ड्राफ्ट, पे आर्डर शुल्क में 100 प्रतिशत छूट, चिकित्सा बीमा इत्यादि का लाभ प्रदान करेगा। इसके अलावा बिना शुल्क, डिजिटल उत्पादों से लैस कॉर्पोरेट सैलरी खाता की सुविधा प्रदान करेगा, इसके अतिरिक्त ऋण खातों में ब्याज में छूट, लॉकर किराए में छूट, एसबीआई रू-पे कार्ड की विभिन्न सुविधाएं डेबिट कार्ड (टॉप वेरियंट), सुपर टॉपअप हेल्थ बीमा, लाइफ बीमा एवं ओव्हरड्राल की सुविधाएं भी शामिल हैं।

# सिट्रोएन ने इन-कार कंपेनियन कारा के साथ बैसाल्ट एक्स रेंज पेश की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

सिट्रोएन इंडिया ने अपनी आक्रामक 'सिट्रोएन 2.0 - शिफ्ट इनटू द न्यू स्ट्रेट्जी' के अंतर्गत ऑल-न्यू इंटीरियर एवं भारत के पहले इन-कार कंपेनियन कारा के साथ बैसाल्ट एक्स रेंज पेश की है।



बैसाल्ट एक्स और कारा मोबिलिटी के लिए स्टेलैंटिस का दृष्टिकोण पेश करते हैं, जो ज्यादा कनेक्टेड, ज्यादा मानवीय और ज्यादा महत्वाकांक्षा के साथ है। कारा को भारत में भारतीय ग्राहकों के लिए बनाया गया है और विश्व के अन्य बाजारों के लिए तैयार किया गया है। स्टेलैंटिस इंडिया के सीईओ एवं एमडी, शैलेष हजेला ने कहाकि स्टेलैंटिस इंडिया की वैश्विक रणनीति भारत पर केंद्रित है। हमारे द्वारा आज लॉन्च की गई बैसाल्ट एक्स देश में 'सिट्रोएन इंडिया 2.0 - शिफ्ट इन टू द न्यू' के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। हमने बैसाल्ट एक्स में कारा को पेश किया है, जो भारत की पहली इंटैलिजेंट इन-कार कंपेनियन है। बैसाल्ट एक्स रेंज एक्सक्लुसिविटी और कम्फर्ट के साथ हमारे पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने की ओर हमारा एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बिजनेस न्यूज

### मूल्य आधारित समाज निर्माण का माध्यम है: अनुराधा शंकर




**भोपाल।** महान शिक्षक डॉ.राधाकृष्णन के जन्मदिन पर सभी शिक्षकों को उन आदर्शों के लिए काम करना चाहिए, जिसके लिए डॉ.राधाकृष्णन को पूरे विश्व में सम्मान मिला। वे मानते थे कि सर्वश्रेष्ठ शिक्षक अपनी सोच और मेधा का धनी होता है जो विद्यार्थियों में अच्छा मनुष्य गढ़ता है। ये विचार पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक अनुराधा शंकर ने आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी, भोपाल में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य सेरेमनी ऑफ ऑनर कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं है, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने और मूल्य आधारित समाज निर्माण का माध्यम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो.विजय अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक समाज की नींव होते हैं। वे केवल ज्ञान ही नहीं बाँटते बल्कि जीवन मूल्यों, अनुशासन और आदर्शों को भी पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाते हैं। विद्यार्थियों की सफलता ही शिक्षक की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन से समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर ने कहा कि शिक्षक वस्तुतः व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। इस अवसर पर छात्रों ने युगल नृत्य और समूह नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों का सम्मान किया गया और विश्वविद्यालय की वार्षिक पत्रिका का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर डीजीआर डॉ. वी.के. सेठी, डीजीएम डॉ. बी.एन. सिंह, डॉ. सुनील पाटिल, डॉ. रत्नेश जैन सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के सभागार में 'सौश्रृति 2025' का हुआ समापन



**भोपाल।** आयुर्वेद का महत्व दुनिया भर में लगातार बढ़ रहा है और इसी कड़ी में भोपाल में हुआ 'सौश्रृति 2025' राष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मेलन चर्चा का केंद्र बन गया। एलएनसीटी विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम ने न केवल परंपरा और विज्ञान का संगम दिखाया, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नए रास्ते भी खोले। रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. उमेश शुक्ला, सीईओ, प्रिंसिपल पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक कॉलेज व चिकित्सालय, भोपाल उपस्थित रहे। समापन सत्र में सम्बोधन देते हुए एलएनसीटी ग्रुप के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे ने कहा कि "आयुर्वेद हमारी परंपरा और संस्कृति का अभिन्न अंग है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति के साथ जब आयुर्वेद का संतुलित उपयोग होता है तो स्वास्थ्य सेवाएँ और अधिक प्रभावी बनती हैं। इस सम्मेलन में देशभर से आए विद्वानों और शोधार्थियों ने जिस तरह अपने विचार प्रस्तुत किए हैं, वह आने वाले समय में चिकित्सा क्षेत्र के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। एलएनसीटी विश्वविद्यालय सदैव इस तरह के अकादमिक और शोधपरक आयोजनों को बढ़ावा देता रहेगा। हमारा लक्ष्य यही है कि आयुर्वेद जैसी प्राचीन चिकित्सा पद्धति को न केवल युवाओं तक पहुँचाया जाए, बल्कि इसे ग्लोबल प्लेटफ़ॉर्म पर भी स्थापित किया जाए। हमें गर्व है कि यह राष्ट्रीय सम्मेलन 'सौश्रृति 2025' एलएनसीटी परिसर में संपन्न हुआ और इसने आयुर्वेद जगत को एक नई दिशा दी है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हुजूर क्षेत्र रामेश्वर शर्मा शामिल हुए थे। एन. सी. आई. एस. एम. नयी दिल्ली के सदस्य डॉ. के. के. द्विवेद्वी, डॉ. सुश्रुत कनौजिया, डॉ. अतुल वाष्र्णेय व आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वाष्र्णेय, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मिहिर कुमार झा, पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल के सी. ई. ओ. व प्राचार्य डॉ. उमेश शुक्ला व राष्ट्रीय गुरू आर. ए. वी. नयी दिल्ली डॉ. मधुसूदन देश पांडे भी सम्मेलन में मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली के डीन (पी.एच.डी.) डॉ. महेश व्यास, सतारा महाराष्ट्र सावरकर आयुर्वेद आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रचार्य श्रीनाथ काशीकर, विश्व स्वास्थ्य संगठन के ट्रेडिशनल मेडीसिन इकाई के टैक्निकल ऑफिसर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद के प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार गोडत्वार, बेल्गावी कर्नाटक से डॉ. प्रदीप शिंदे, राजकोट गुजरात से डॉ. प्रकाश कुम्भकार, व जयपुर राजस्थान से लोकेन्द्र पहाडिया, महात्मा गांधी आयुर्वेद कॉलेज वर्धा महाराष्ट्र की प्रोफेसर डॉ. शीतल असुटकर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

### दीपक फॉर नेचर कंजर्वेशन के तहत दीपक एडवरटाइजिंग ने किया रालामंडल वन्यजीव अभयारण्य को सहयोग




**इंदौर।** पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के अंतर्गत दीपक एडवरटाइजिंग ने अपनी सीएसआर पहल ₹दीपक फॉर नेचर कंज़र्वेशन₹ के तहत रालामंडल वन्यजीव अभयारण्य को 10 बेंच और 10 डस्टबिन भेंट किए।इस योगदान का उद्देश्य पर्यटकों की सुविधा बढ़ाना, स्वच्छता को प्रोत्साहित करना और अभयारण्य की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखना है। बेंच पर्यटकों को विश्राम स्थल प्रदान करेंगे, जबकि डस्टबिन अपशिष्ट प्रबंधन और सफाई हेतु उपयोगी रहेंगे। इस अवसर पर दीपक जेठा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, दीपक एडवरटाइजिंग ने कहाकि हमारा उद्देश्य स्वच्छता, संरक्षण और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश फैलाना है। इस छोटे से प्रयास के माध्यम से हम पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना और वन्यजीव संरक्षण में सहयोग देना चाहते हैं। उल्लेखनीय है की दीपक एडवरटाइजिंग मध्य भारत की सबसे बड़ी विज्ञापन कंपनी है और अब तक 18 से ज्यादा एजेंसी ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स और 190 से ज्यादा क्रिएटिव और मीडिया अवॉर्ड्स जीत चुकी हैं।

### माताओं को पहली शिक्षिका के रूप में मनाया डाबर ने शिक्षक दिवस

**भोपाल।** शिक्षक दिवस मनाने के लिए एक अनोखा और दिल छू लेने वाला डाबर इंडिया लिमिटेड ने अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत हर किसी के जीवन के पहले और सबसे प्रभावशाली शिक्षक, यानी उनकी माता, को सम्मानित किया गया है। यह अभिनव अभियान शिक्षक दिवस के पारंपरिक समारोह को एक नया रूप देते हुए माँ की प्राथमिक भूमिका को एक शिक्षक के रूप में उजागर करता है। इस अभियान का मुख्य आकर्षण एक आधुनिक और भावनात्मक रैप फिल्म है जो माँ-बेटी के रिश्ते के भावनात्मक और ताजगी भरे सार को दर्शाती है। इस अभियान को और बढ़ावा देने के लिए एक विशेष माइक्रोसाइट बनाई गई है, जहां उपभोक्ता अपनी माँ के साथ एक फोटो अपलोड कर सकते हैं।

### ढोल नगाड़े की धुन पर शान से विसर्जित हुए मिलेनियम के राजा



**भोपाल।** मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में शान से बिराजे मिलेनियम के राजा की बिदाई ढ़ोल नगाड़े और अबीर गुलाल के साथ हुई। अनंत चतुर्दशी के दिन मिलेनियम ग्रुप नीलबड़ कैंपस में विराजे भगवान गणेश के भव्य विसर्जन समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद स्टूडेंट्स एवं स्टाफ मेंबर्स ने अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ बप्पा को नम आंखों से बिदाई दी। मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन इंजीनियर विनोद यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर आदित्य यादव और एकेडमिक डायरेक्टर इंजीनियर अपूर्व यादव सहित सभी कॉलेज के प्रिंसिपल्स , डीन , एचओडी और स्टाफ मेंबर्स उपस्थित रहे। इससे पहले गणपति पंडाल में हवन, पूजन और प्रसाद चढ़ाया गया। हवन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसका लाभ सभी श्रद्धालुओं ने लिया।बप्पा की विदाई के समय विद्यार्थी डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए।

### 'दुग्ध विपणनः परिवर्तन एवं अंतर्दृष्टि' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**भोपाल।** मध्यप्रदेश स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) भोपाल में 'दुग्ध विपणनः परिवर्तन एवं अंतर्दृष्टि" विषय पर दुग्ध महासंघ सभाकक्ष में राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के समूह प्रमुख विपणन स्वपन सिन्हा ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण देकर दुग्ध महासंघ से संबद्ध दुग्ध संघों के विपणन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में मार्केटिंग सेल्स पर्सन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है तो वहीं मध्यप्रदेश में सांची विक्रय केन्द्रों (पार्लर/ एजेंसी) की स्थिति से अवगत रहना तथा उपभोक्ताओं से समय-समय पर परिचर्चा करना जरूरी बताया गया है। प्रशिक्षण में बताया गया कि आधुनिक ट्रेड में व्यापार कैसे और किस रणनीति से किया जाना है और आने वाले समय में अपने सांची ब्राण्ड को मजबूती के साथ उपभोक्ताओं के विश्वास पर खरे उतरना है इत्यादि के गुर सिखाए गए।

### कृति कुकिंग ऑयल का नया कैंपेन और पैकेजिंग लांच



**इंदौर।** कृति न्यूट्रिएंट्स लिमिटेड के द्वारा उत्पादित कृति कुकिंग आयल ने अपना नया ब्रांड कैंपेन और पैकेजिंग लांच किया। यह कैंपेन ब्रांड की मुख्य सोच "क्वालिटी भी, किफायती भी" पर आधारित है, जो प्रत्येक भारतीय परिवार की मूलभूत आवश्यकता है। नए कैंपेन की थीम "क्वालिटी और किफ़ायत" इस सोच को परिभाषित करता है कि किफ़ायत का मतलब सस्ता नहीं, बल्कि "वैल्यू-फॉर-मनी" यानी स्मार्ट और सही चयन है। स्वतंत्र लैब सर्टिफिकेशन के आधार पर, यह सिद्ध हुआ है कि कृति सोयाबीन तेल अन्य पैक्ड तेल की तुलना में करीब 11 फीसदी तक कम लगता है, जिससे खाना और भी स्वास्थकारी बनता है । कृति न्यूट्रिएंट्स लिमिटेड के सीईओ प्रफुल अंचलिया ने कहाक पिछले तीन दशकों से कृति कुकिंग आयल भारतीय रसोई का हिस्सा रहा है।

### सैमसंग ने लांच की वॉशर ड्रायर की नई बीस्पोक एआई रेंज

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने नए बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर (12 किलोग्राम वॉश / 7 किलोग्राम ड्राय) को लांच किया है। इसे आधुनिक भारतीय परिवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है। सैमसंग का नया 12 किलोग्राम वॉशर ड्रायर कॉम्बो कपड़े धोने और सुखाने का काम एक ही मशीन में करता है। इसमें हर मौसम में कपड़े धोने की सुविधा है और कपड़ों की देखभाल के लिए स्मार्ट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। यह बड़े परिवारों और छोटे शहरी घरों के लिए जगह बचाने वाला शानदार उपकरण है। सैमसंग इंडिया द्वारा किए गए एक उपभोक्ता अध्ययन के अनुसार वॉशर ड्रायर की मांग बढ़ रही है क्योंकि यह कपड़ों को धूल और कीटाणुओं से बचाता है ।

### एमडीएफ कैंपेन लेटेस्ट डेकोर का रिप्लाई लांच

**भोपाल।** ग्रीनप्लाई इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एमडीएफ श्रेणी के कैम्पेन 'लेटेस्ट डेकोर का रिप्लाई' की शुरुआत की है। इसके ब्रांड एम्बेसडर एनटीआर जूनियर बने है। यह कैंपेन ग्रीनप्लाई की उन्नत एमडीएफ रेंज-710 एचडीएमआर एचडीएफ और प्री-लैमिनेटेड एमडीएफ को सामने लाता है। तीन प्रभावशाली फिल्मों के जरिए कंपनी दिखा रही है कि उसके प्रोडक्ट मजबूत, टिकाऊ और डिजाइन में बहुउपयोगी हैं। यह रेंज अलग-अलग फिनिश और रंगों में उपलब्ध है, जो आज के मॉड्यूलर और डिज़ाइन-फोकस्ड इंटीरियर्स के लिए एकदम उपयुक्त है।

## चिंतन

# आतंकवाद पर अमेरिका की दोहरी नीति उजागर

अमेरिका अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकता है। जहां लाभ हो वहां उसके लिए नीति अनीति कोई मायने नहीं रखती। अनेक मौके ऐसे आए हैं जब अमेरिका की आतंकवाद पर दोहरी नीति जगजाहिर हुई है। अब एक बार फिर ऐसा ही हो रहा है। खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि वॉशिंगटन फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह हमास के साथ बहुत गहन बातचीत कर रहा है। ट्रंप का यह बयान तब आया है, जब इजरायल ने अमेरिका से हमास के कब्जे में अब भी मौजूद अपने बंधकों की रिहाई का आग्रह किया है। हालांकि, ट्रंप का यह ऐलान अमेरिका की कथनी और करनी में अंतर जरूर दिखाता है कि वह आतंकवादियों से बात नहीं करता। कागजों और जुबान से अमेरिका आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर देता है। वह कहता है कि आतंकवादियों के साथ किसी भी तरह की बातचीत या समझौता नहीं किया जा सकता है। हालांकि अमेरिका ने लगभग दुनिया के हर एक कोने में मौजूद शक्तिशाली आतंकवादी समूहों के साथ संबंध रखे हैं। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी भला कौन भूल सकता है। यह वापसी तालिबान के साथ अमेरिका के समझौते का ही परिणाम था, जिसे ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में कतर की मदद से अंजाम दिया था। दुनिया जानती है कि अमेरिका, तालिबान और हमास के अलावा लेबनान के हिजबुल्लाह, अल कायदा, लश्कर-जैश समेत कई आतंकी संगठनों और समूहों के साथ सीधे संपर्क में रहा है। यह ऐसा देश है जो कई बार आतंकवादी समूहों के सीधे संपर्क में न होकर अपने प्रॉक्सी मिलिशिया या फिर खुफिया एजेंसी सीआईए के जरिए उनसे संबंध बनाए रखता है। अमेरिका पर दुनिया के कई देशों में तख्तापलट, विरोध प्रदर्शन, सरकार विरोधी सशस्त्र समूहों के समर्थन के आरोप लगते रहे हैं। दरअसल, अमेरिका की नीति भू-राजनीतिक अवसरवाद पर आधारित है। जहां उसे फायदा दिखता है, वो वही करता है। आतंवाद के पोषक पाकिस्तान के प्रति भी उसकी नीति हमेशा लचीली रही है। पिछले सात दशक में यह बार-बार साबित हुआ है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पाकिस्तान से अमेरिका के रिश्ते अडिग रहे हैं। वह दशकों से पाकिस्तान को दक्षिण एशिया और मध्य-पूर्व के बीच रणनीतिक सहयोगी के रूप में इस्तेमाल करता है। उसे आतंक को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों से भी परहेज नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के बीच भी पाकिस्तान को आईएमएफ से आर्थिक मदद दिलाने में अमेरिका ने अहम भूमिका निभाई है। वैसे भी भारत में आतंकी हमलों पर अमेरिका सरकार की प्रतिक्रिया निंदा करने तक सीमित रही है। पाकिस्तान के सियासी नेताओं और सैन्य अफसरों के भारतीय हमले में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में सार्वजनिक रूप से नजर आना यही बताता है कि पाक में आतंकियों का खुल्लम-खुल्ला इस्तेमाल होता है। पाकिस्तान में खुलेआम रैली कर रहे लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर सैफुल्लाह कसूरी की सार्वजनिक उपस्थिति और पहलगाम हमले पर उसकी स्वीकारोक्ति को भी इसी नजरिये से देखे जाने की जरूरत है। यह सब पूरी पूरी दुनिया ने देखा, लेकिन अमेरिका को कुछ भी दिखाई नहीं दिया। ट्रंप उसे अपना सहयोगी बताते हैं। अब समय है जब दुनिया अमेरिका के इस दोहरे रवैये को वैश्विक मंच पर चुनौती देते हुए आत्मनिर्भरता और स्पष्टता का परिचय दे। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई किसी रणनीतिक संतुलन की मोहताज होने के बजाए मानवता के पक्ष में निष्ठावान संकल्प होना चाहिए।

# भूपेन दा...भारत के रत्न



**जयंती पर विशेष**
नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

भारतीय संस्कृति और संगीत से लगाव रखने वालों के लिए आज 8 सितंबर का दिन बहुत खास है। और विशेषकर इस दिन के साथ असम के मेरे भाइयों और बहनों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। आज भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म जयंती है। वे भारत की सबसे असाधारण और सबसे भावुक आवाज़ों में से एक थे। ये बहुत सुखद है कि इस वर्ष उनके जन्म शताब्दी वर्ष का आरंभ हो रहा है। यह भारतीय कला-जगत और जन-चेतना की दिशा में उनके महान योगदानों को फिर से याद करने का समय है।

भूपेन दा ने हमें संगीत से कहीं अधिक दिया। उनके संगीत में ऐसी भावनाएं थीं जो धुन से भी आगे जाती थीं। वे केवल एक गायक नहीं थे, वे लोगों की धड़कन थे। कई पीढ़ियां उनके गीत सुनते हुए बड़ी हुईं। उनके गीतों में हमेशा करुणा, सामाजिक न्याय, एकता और गहरी आत्मीयता की गूंज है।

भूपेन दा के रूप में असम से एक ऐसी आवाज़ निकली जो किसी कालजयी नदी की तरह बहती रही। भूपेन दा सशरीर हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी आवाज आज भी हमारे बीच है। वो आवाज आज भी सीमाओं और संस्कृतियों से परे है। उसमें मानवता का स्पर्श है। भूपेन दा ने दुनिया का भ्रमण किया, समाज के हर वर्ग के लोगों से मिले, लेकिन वे असम में अपनी जड़ों से हमेशा जुड़े रहे। असम की समृद्ध मौखिक परंपराएं, लोकधुनें और सामुदायिक कहानी कहने के तरीकों ने उनके बचपन को गढ़ा। केवल पांच वर्ष की उम्र में उन्होंने सार्वजनिक मंच पर गाया।

वहां लक्ष्मीनाथ बेझबरुआ जैसे असमिया साहित्य के अग्रदूत ने उनके कौशल को पहचाना। किशोरावस्था तक पहुंचते-पहुंचते उन्होंने अपना पहला गीत रिकॉर्ड कर लिया। भूपेन दा भीतर से एक बौद्धिक व्यक्तित्व थे। ज्योति प्रसाद अग्रवाला और विष्णु प्रसाद रभा जैसे सांस्कृतिक दिग्गजों ने उनके मन पर गहरा प्रभाव डाला, और उनकी जिज्ञासु प्रवृत्ति को और बढ़ावा दिया। सीखने की यही लगन उन्हें कॉटन कॉलेज, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय तक ले गई। वे बीएचयू में राजनीति शास्त्र के छात्र थे, लेकिन उनका अधिकतर समय संगीत साधना में बीतता था। बनारस ने उन्हें पूरी तरह संगीत की तरफ मोड़ दिया।

काशी का सांसद होने के नाते मैं उनकी जीवन यात्रा से एक जुड़ाव महसूस करता हूं, और मुझे बहुत गर्व होता है। काशी से आगे बढ़ी जीवन यात्रा में फिर उन्होंने अमेरिका में कुछ समय बिताया। वे पॉल रोबसन से मिले, जो दिग्गज कलाकार और सिविल राइट्स नेता थे। रोबसन का गीत ओल्ड मैन रिवर उनके कालजयी गीत 'बिश्टीरनो परोरे' की प्रेरणा बना। अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला एलेनॉर रूजवेल्ट ने भारतीय लोकसंगीत प्रस्तुतियों के लिए उन्हें गोल्ड मेडल भी दिया। भूपेन हजारिका, संगीत के साथ ही मां भारती के भी सच्चे उपासक थे। भूपेन दा के पास अमेरिका में रहने का विकल्प था, लेकिन वे भारत लौट आए और संगीत साधना में डूब गए। भूपेन दा की रचनाएं काव्यात्मक सौंदर्य से भरी रहीं, और साथ-साथ उन्होंने सामाजिक संदेश भी दिए।

गरीबों को न्याय, ग्रामीण विकास, आम नागरिक की ताकत, ऐसे अनेक विषय उन्होंने उठाए। उनके गीतों ने नाविकों, चाय बागान के मजदूरों, महिलाओं, किसानों की आकांक्षाओं को आवाज़ दी। उनकी रचनाएं लोगों को पुरानी स्मृतियों में ले जाती थीं, साथ ही, उन्होंने आधुनिकता को देखने का एक सशक्त नजरिया भी दिया। बहुत से लोग, खासकर सामाजिक रूप से वंचित तबकों के लोग, उनके संगीत से शक्ति और आशा पाते रहे...और आज भी पा रहे हैं। भूपेन दा की जीवन यात्रा में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना का स्पष्ट प्रभाव दिखता है। उनकी रचनाओं ने भाषा और क्षेत्र की सीमाएं



तोड़कर एकजुट किया। उन्होंने असमिया, बांग्ला और हिंदी फिल्मों के लिए संगीत रचा। उनकी आवाज में जो पीड़ा थी, वो बरबस हम सभी का ध्यान खींच लेती थी। 'दिल हूम हूम करे' में जो पीड़ा बहती है, वो सीधे दिल की गहराइयों को छू लेती है। और जब वे पूछते हैं, 'गंगा बहती है क्यूं', तो ऐसा लगता है मानो हर आत्मा को झकझोर कर जवाब मांग रहे हों।

उन्होंने पूरे भारत के सामने असम को सुनाया, दिखाया, महसूस कराया। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि आधुनिक असम की सांस्कृतिक पहचान को गढ़ने में उनका बड़ा योगदान रहा। असम के भीतर और दुनिया भर के असमिया प्रवासियों, दोनों के लिए वो असम की आवाज बने। भूपेन दा राजनीतिक व्यक्ति नहीं थे, फिर भी जनसेवा की दुनिया से जुड़े रहे। 1967 में वे असम के नौबोइचा से निर्दलीय विधायक चुने गए। यह दिखाता है कि लोगों को उन पर कितना गहरा विश्वास था। उन्होंने राजनीति को अपना करियर नहीं बनाया, लेकिन हमेशा लोगों की सेवा में जुटे रहे।

भारत की जनता और भारत सरकार ने उनके योगदान का सम्मान किया। उन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषण, दादासाहेब फाल्के अवार्ड समेत कई सम्मान मिले। 2019 में हमारे कार्यकाल के दौरान उन्हें भारत रत्न मिला। यह मेरे लिए और एनडीए सरकार के लिए भी सम्मान की बात थी। दुनिया भर में, खासकर असम और उत्तर-पूर्व के लोगों ने, इस अवसर पर खुशी जताई। यह उन सिद्धांतों का सम्मान था, जिन्हें भूपेन दा दिल से मानते थे। वो कहते थे कि सच्चाई से निकला संगीत किसी एक दायरे में सिमट कर नहीं रहता। एक गीत लोगों के सपनों को पंख लगा सकता है, और दुनिया भर के दिलों को छू सकता है।

मुझे 2011 का वह समय याद है जब भूपेन दा का निधन हुआ। मैंने टीवी पर देखा, उनके अंतिम संस्कार में लाखों लोग पहुंचे। हर आंख नम थी। जीवन की तरह, मृत्यु में भी उन्होंने लोगों को साथ ला दिया। इसलिए उन्हें जलुकबाड़ी की पहाड़ी पर ब्रह्मपुत्र की ओर देखते हुए अंतिम विदाई दी गई, वही नदी जो उनके संगीत, उनके प्रतीकों और उनकी स्मृतियों की जीवनरेखा रही है।

अब ये देखना बहुत सुखद है कि असम सरकार भूपेन हजारिका कल्चरल ट्रस्ट के कार्यों को बढ़ावा दे रही है। यह ट्रस्ट युवा पीढ़ी को भूपेन दा की जीवन यात्रा से जोड़ने में जुटा है। भूपेन दा की सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने के लिए देश के सबसे बड़े पुल को भूपेन हजारिका सेतु नाम दिया गया। 2017 में जब मुझे इस सेतु के उद्घाटन का अवसर मिला, तो मैंने महसूस किया कि असम और अरुणाचल...इन दो राज्यों को जोड़ने वाले, उनके बीच की दूरी कम करने वाले इस सेतु के लिए भूपेन दा का नाम सबसे उपयुक्त है।

भूपेन हजारिका का जीवन हमें करुणा की शक्ति का अहसास कराता है। लोगों को सुनने और अपनी मिट्टी से जुड़े रहने की सीख देता है। उनके गीत आज भी बच्चों और बुजुर्गों, दोनों की जुबान पर हैं। उनका संगीत हमें मानवीय और साहसी बनना सिखाता है। वह हमें अपनी नदियों, अपने मजदूरों, अपने चाय बागान के कामगारों, अपनी नारी शक्ति और अपनी युवा शक्ति को याद रखने को कहता है। वह हमें विविधता में एकता पर भरोसा करने के लिए प्रेरित करता है।

भारत भूपेन हजारिका जैसे रत्न से धन्य है। जब हम उनके शताब्दी वर्ष का आरंभ कर रहे हैं, तो आइए यह संकल्प लें कि उनके संदेश को दूर-दूर तक पहुंचाएंगे। यह संकल्प हमें संगीत, कला और संस्कृति के लिए और काम करने की प्रेरणा दे, नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करे, भारत में सृजनात्मकता और कलात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा दे।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail..com पर दे सकते हैं।

**श्राद्ध पक्ष**
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# पंचग्रास में समाहित है संपूर्ण चराचर जगत का कल्याण

पूर्वजों के पुण्य स्मरण की परंपरा भले ही हमारे यहां श्राद्ध पक्ष के सोलह श्राद्धों के माध्यम से आदि काल से चली आ रही हो पर दुनिया के लगभग सभी धर्मावलंबियों और देशों में किसी ना किसी रूप में पूर्वजों के पुण्य स्मरण की परंपरा अनवरत काल से चली आ रही है। हालांकि हमारे देश के ही कुछ प्रतिक्रियावादी लोग श्राद्ध और श्राद्ध कर्म को लेकर मखौल उड़ाने में किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ते पर वह यह भूल जाते हैं कि धरती के साक्षात देवता हमारे जन्मदाता माता-पिता हैं। यह साफ हो जाना चाहिए कि माता-पिता के अस्तित्व को लेकर कोई किसी तरह का प्रश्न चिन्ह नहीं उठा सकता। उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता। माता-पिता की यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है और पीढ़ी दर पीढ़ी उनके स्मरण का हमारा दायित्व हो जाता है। पितृपक्ष और मातृपक्ष दोनों ही पीढ़ियों के स्मरण और श्रद्धा या यों कहें कि श्राद्ध स्वरूप भोजन, वस्त्र, जल आदि पत्र पुष्प के माध्यम से सम्मान स्वरूप स्मरण किया जाता है। श्राद्ध स्वरूप ब्राह्मणों को भोजन कराने और इसी तरह की अन्य व्यवस्थाओं के साथ जुड़ी पंच ग्रास की परंपरा का आलोचकों को ज्ञान ही नहीं होता। श्राद्ध निमित्त ब्राह्मण भोजन से पहले पंच ग्रास का विधान है। पंचग्रास के पीछे के रहस्य को समझना भी आवश्यक हो जाता है। पंचग्रास में गोग्रास, श्वान ग्रास, कोए को ग्रास, चिंटी आदि को ग्रास और अभ्यागत ग्रास इस तरह से पंच ग्रास का विधान है। अब इसी से समझ सकते हैं कि इस पंच ग्रास में प्रकृति का कोई पक्ष शेष नहीं रह जाता है। पंच ग्रास से अर्थ मात्र औपचारिकता से नहीं लिया जाना चाहिए। हमारी शाश्वत परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति पर तीन ऋण होते हैं और उनमें से पहला ऋण देव ऋण है तो दूसरा ऋषि ऋण और तीसरा ऋण पितृ ऋण है। प्रत्येक जन्म लेने वाले व्यक्ति को इन तीनों ऋणों से उऋण होने की शिक्षा दी जाती है तो यह उसका दायित्व भी हो जाता है। देव ऋण में सृष्टि के नियंता का स्मरण और उसके प्रति आभार प्रकट करना है। इसके लिए भजन-पूजन, स्मरण, सदाचरण आदि की बात है। प्रकृति को विकृति से बचाना हमारी जिम्मेदारी होती है और प्रकृति व मानवमात्र के कल्याण की बात करना ही देव ऋण से उऋण होने का एक तरीका है। इसी तरह से हमको शिक्षा प्रदान करने वाले गुरु परंपरा का मान-सम्मान और ज्ञान की इस परंपरा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना ही गुरु ऋण से उऋण होने का एक तरीका हो सकता है। जहां तक पितृ ऋण से उऋण होने का प्रश्न है तो इसका भी आसान रास्ता बताया गया है और वह बच्चे होते ही पूरी होना शुरू हो जाती है। इन बच्चों की शिक्षा और संस्कारित करना और शादी विवाह आदि जिम्मेदारियों का निर्वहन तो आता ही है।

यही कारण है कि पौत्र-प्रपौत्र या नाती-नातियों को देखना और पौत्र होने पर सोने की सीढ़ी चढ़ना आदि इसी ओर इशारा करता है कि हमारे कुल परंपरा में पूर्वजों के श्राद्ध यानी स्मरण करने वाली पीढ़ी हो गई है। कभी मृत्यु के बाद बारह दिन के संस्कारों को देखने या फिर बारहवें दिन की सपीण्डी क्रिया देखने का अवसर मिले तो कई बातें साफ हो जाती हैं। सपीण्डी में तीन पितृ पक्ष और तीन मातृ पक्ष के पूर्वजों के स्मरण, पूजा आदि के बाद जब सभी को एकाकार कर दिया जाता है तो उसे सपीण्डी कहा जाता है। हमारी शाश्वत परंपरा में व महाभारत व अन्य पौराणिक ग्रन्थों में उल्लेख आता है कि महर्षि अत्रि ने सबसे पहले निमि को श्राद्ध का उपदेश दिया और महर्षि निमि ने सबसे पहले अपने पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध कर्म किया। श्राद्ध कर्म में अग्नि को भी खास महत्व दिया गया है और यह माना जाता है कि अग्नि देव के माध्यम से श्राद्ध पूर्वजों को अर्पित किया जाता है। शास्त्राचार व लोकाचार में एक बात पर अवश्य जोर दिया गया है कि हमारे पूर्वज श्राद्ध के दिन पुत्री पक्ष की उपस्थिति से अधिक प्रसन्न होते हैं। इसमें श्राद्ध भोजन कि निमित्त या अवसर पर दोयते-दोयती, भांजें-भांजी को भोजन कराना अत्यधिक फलदायक बताया गया है। यह साफ हो जाना चाहिए कि श्राद्ध, श्राद्ध पक्ष और श्राद्ध कर्म के पीछे हमारे पूर्वजों की गहन सोच है। यह मात्र औपचारिकता या ब्राह्मण भोजन तक सीमित नहीं है तो भोजन कराने से पूर्वजों तक भोजन पहुंचने को लेकर मजाक उड़ाने वालों को बहुत कुछ समझने और उसके मूल को समझना होगा। यदि यह ढकोसला होता तो चीन में छिंग-मिंग, जापान में ओबोन, बौद्ध देशों में घूस्ट फेस्टिवल या योरोपीय देशों में टेसेंट या आल सेंट्स डे आदि नहीं होते। इन सबसे भी इतर हमें हमारे जन्मदाताओं के प्रति कृतज्ञता तो व्यक्त करना हमारा दायित्व हो जाता है और यही तो हम श्राद्ध कर्म के माध्यम से करते हैं। बस श्राद्ध में श्रद्धा का जो महत्व है उसकी पालना हमें करनी ही होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतरिक्ष प्रयोग केवल अंतरिक्ष यात्रियों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे पृथ्वी पर लोगों के लिए भी लाभकारी हैं

# 2035 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा



डॉ. जितेंद्र सिंह
केंद्रीय मंत्री

गगनयान भारत की अंतरिक्ष आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा, जो उसकी मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमताओं की पुनः पुष्टि करेगा और पृथ्वी के लिए लाभकारी अनुप्रयोगों सहित वैज्ञानिक ज्ञान में वृद्धि करेगा। गगनयान के लिए प्रशिक्षित चार अंतरिक्ष यात्रियों में, शुभांशु शुक्ला सबसे कम उम्र के थे और यह बात लाभदायक रही। अंतरिक्ष मिशनों के लिए त्वरित अनुकूलन की आवश्यकता होती है, जिसे युवा अधिक कुशलता से संभाल सकते हैं। भारत 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन नामक स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने वाला है। प्रधानमंत्री ने सुदर्शन सुरक्षा चक्र का भी उल्लेख किया है, जहां अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी राष्ट्रीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसलिए, 2035 एक युगांतकारी वर्ष होगा... उसके पांच साल बाद, भारत का लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर मानव सहित मिशन भेजना है। मुख्य बात यह है कि अंतरिक्ष प्रयोग केवल कक्षा में मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे पृथ्वी पर लोगों के लिए भी लाभकारी हैं और विश्वगुरु भारत के विचार को आगे बढ़ाते हैं। हमने स्पैडेक्स के माध्यम से डॉकिंग और अनडॉकिंग का अनुभव प्राप्त करना शुरू कर दिया है। आगामी चंद्रयान-4 मिशन, जो 2028 के आसपास अपेक्षित है, में जटिल डॉकिंग और अनडॉकिंग प्रक्रियाएं करने वाले कई मॉड्यूल शामिल होंगे।

कुछ साल पहले तक, अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप्स का होना लगभग असामान्य था। आज, हमारे पास लगभग 400 स्टार्टअप हैं, जिनमें से कुछ पहले ही सफल उद्यमी बन चुके हैं। स्टार्टअप केवल रॉकेट लॉन्च करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये मैपिंग, स्मार्ट सिटी, कृषि, टेलीमेडिसिन और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में भी फैले हुए हैं। भारत ने 2033 तक वैश्विक अंतरिक्ष बाजार का 8 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ज़्यादा ध्यान रॉकेट और प्रक्षेपणों पर है, लेकिन लगभग आधे अंतरिक्ष अनुप्रयोग पृथ्वी पर ही हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कृषि, बुनियादी ढांचे और यहाँ तक कि युद्ध में भी एकीकृत है।

भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था, जो वर्तमान में लगभग 8 बिलियन डॉलर है, अगले दशक में पांच गुना बढ़कर 40-45 बिलियन डॉलर हो जाएगी, जिससे भारत को वैश्विक रैंकिंग में ऊपर उठने में मदद मिलेगी। भविष्य में, हमारे अंतरिक्ष यात्री समूह का विस्तार होगा और इसमें आम नागरिक, महिलाएं, जैव-प्रौद्योगिकी-विद, अंतरिक्ष चिकित्सक और यहां तक कि मीडिया पेशेवर भी शामिल होंगे ताकि मिशनों को वास्तविक समय में रिकॉर्ड किया जा सके।

## सटाका




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए।

*- विवेक शर्मा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



महान संत, दार्शनिक और सुधारक श्री नारायण गुरु की जयंती पर नमन करता हूँ, उन्होंने अपना जीवन सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन के लिए समर्पित कर दिया। उनका शाश्वत संदेश आज भी भारत को सामंजस्यपूर्ण समाज की ओर ले जा रहा है।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### राहत सामग्री रवाना



राहत सामग्रियों से भरे 52 ट्रक आज दिल्ली से पंजाब के भाई-बहनों के लिए रवाना किए गए हैं। पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में दिल्ली सरकार द्वारा 5 करोड़ की सहयोग राशि भी प्रदान की गई है। पंजाब की पीड़ा, दिल्ली की पीड़ा है। संकट की इस घड़ी में हम सब एक परिवार की तरह खड़े हैं।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### सहयोग राशि जारी



उत्तराखंड में भीषण बाढ़ से उत्पन्न विकट स्थिति तथा उससे हुई जन-धन की क्षति अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। इस कठिन घड़ी में राजस्थान सरकार द्वारा तात्कालिक राहत एवं पुनर्वास कार्यों में सहयोग हेतु 5 करोड़ की राशि प्रेषित की है।

**- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### कार्यकर्ता भाव




दिल्ली में आयोजित सांसद कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम पंक्ति में बैठकर यह संदेश दिया कि भारतीय जनता पार्टी में पद से बड़ा कार्यकर्ता भाव है। उनकी सादगी सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

**- मनोज तिवारी, सांसद, भाजपा**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# दीपावली उत्सव में मणिपुर की सांस्कृतिक प्रस्तुति



मणिपुर के एक सांस्कृतिक दल ने सिंगापुर में शनिवार को लिटिल इंडिया परिसर में वार्षिक कार्यक्रम 'दीपावली लाइट अप' में प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में सिंगापुर के राष्ट्रपति थरमन षणमुगरत्नम तथा विविध समूहों के 700 प्रतिभागियों ने शिरकत की और इसी के साथ देश में दो महीने तक चलने वाले दीपों के इस त्योहार की शुरुआत हुई। भारतीय उच्चायोग ने रविवार को कहा, 'भारत से मणिपुरी सांस्कृतिक दल ने समारोह में भाग लिया और मणिपुर की कलाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।' इस मंडली को भारतीय उच्चायोग (सिंगापुर) ने आमंत्रित किया था और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने इसे पूरा सहयोग दिया। उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने भी दीपावली प्रकाश समारोह में भाग लिया। मणिपुर का यह सांस्कृतिक दल रविवार दोपहर को 'टैम्पाइन्स हब' के फेस्टिव प्लाजा में भी प्रस्तुति देगा। 'लिटिल इंडिया' को सिंगापुर के 60वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न के तौरपर 600,000 एलईडी लाइटों से सजाया गया है। यह इलाका दो किलोमीटर तक फैला हुआ है। सिंगापुरवासी 20 अक्टूबर को दीपावली मनाएंगे और उस दिन यहां आधिकारिक अवकाश रहेगा।

## ऑफ बीट

# जलवायु संकट को लेकर युद्ध के बारे में सोच बदलें



पृथ्वी का औसत तापमान 2024 में पहली बार पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ गया, जो जलवायु संकट की एक महत्वपूर्ण सीमा है। साथ ही, यूक्रेन, गाजा, सूडान और अन्य जगहों पर व्यापक स्तर पर सशस्त्र संघर्ष जारी है। युद्ध और जलवायु परिवर्तन के बीच का संबंध जटिल है। लेकिन यहां तीन कारण दिये गए हैं कि जलवायु संकट को युद्ध के बारे में हमारी सोच को क्यों बदलना चाहिए। 1. युद्ध जलवायु परिवर्तन को बढ़ाता है। युद्ध की अंतर्निहित विनाशकारी क्षमता ने लंबे समय से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है। 2. जलवायु परिवर्तन के लिए सैन्य प्रतिक्रिया की आवश्यकता। जलवायु पर युद्ध के प्रभाव के सामने आने से पहले, शोधकर्ताओं ने इस बात पर बहस की थी कि क्या जलवायु संकट ''खतरे को बढ़ाने वाला" एक कारक बन सकता है? इस कारण कुछ लोगों ने यह तर्क दिया है कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के उन हिस्सों में हिंसा के जोखिम को और बढ़ा सकता हैं। 3. सशस्त्र बलों को अनुकूलन करना होगा भू-राजनीतिक तनाव और संघर्ष बढ़ने के साथ, यह असंभव प्रतीत होता है कि विसैन्यीकरण की मांग जल्द ही पूरी होगी। इस बात पर पुनर्विचार करना होगा कि एक ऐसे विश्व में सैन्य बल का प्रयोग कैसे किया जा सकता है।

## मथुरा और वृंदावन में बाढ़ से भयावह हालात

# सड़क पर चलीं नाव, लोगों को बनाना पड़ा छतों पर ठिकाना

एजेंसी ▶▶ मथुरा

मथुरा और वृंदावन में बाढ़ के चलते हालात भयावह होते जा रहे हैं। रविवार को जलस्तर और बढ़ने से बस्तियों की तरफ पानी काफी बढ़ गया है। लक्ष्मीनगर क्षेत्र की तिवारीपुरम कॉलोनी के साथ ही आसपास के आधा दर्जन गांवों में बाढ़ के हालात विकराल हो गए हैं। आसपास के गांव ईसापुर, हंसगंज आदि में पानी काफी तेजी से भर गया। यहां मकान एक मंजिल तक डूब गए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचने के लिए डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार को भी ट्रैक्टर का सहारा लेना पड़ा।

### बारिश का पानी पीने को मजबूर, ट्रैक्टर से पहुंचे डीएम और एसएसपी



**छतों में काट रहे जीवन**

श्याम कुटी कॉलोनी निवासी मोहन ने बताया कि वे अपने घरों को इसलिए नहीं छोड़ रहे, क्योंकि उन्हें डर है कि उनके सामान की चोरी हो सकती है। उन्होंने ये घर खून-पसीने से बनाए हैं, इन्हें कैसे यूं ही छोड़ दें। उन्होंने यह भी बताया कि जिनके घरों में पानी भर चुका है, उन्होंने अब अपने घर की छतों को ही अस्थायी ठिकाना बना लिया है। सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की है। ऐसे बारिश के पानी को ही जमा करके पीने को मजबूर हैं।

### 5 जिलों में माइनर, ड्रेनें-तटबंध टूटे 2748 गांव डूबे

हिसार। बारिश और नदियों के उफान में कमी आने के बावजूद हरियाणा के 8 जिलों को जलभराव से कोई राहत नहीं मिल पाई है। कैथल, सिरसा व हिसार में घग्गर नदी व ड्रेन ओवरफ्लो होकर तबाही मचा रही हैं जबकि फरीदाबाद में यमुना व कुरुक्षेत्र में मारकंडा खतरे के निशान पर बह रहे हैं। इन पांचों जिलों में तीन तटबंध, दो-दो ड्रेनें व माइनर, एक छोटा बांध टूट गया। इससे 100 से अधिक गांवों में पानी भर गया और हजारों एकड़ फसल प्रभावित हुई है।



#### खेतों में टांगरी नदी का पानी भरने से बच्चे की मौत

अंबाला में दो लोग बरसाती नदी में बह गए जबकि एक बच्चे की खेतों में टांगरी नदी का पानी भरने से मौत हो गई। अंबाला में पंजाब की सीमा से सटे भूनी गांव में खेतों में जलभराव में पांच बच्चे नहाने चले गए।

#### गुजरात में 123 डैम हाई अलर्ट पर, मछुआरों को चेतावनी

भारतीय मौसम विभाग ने 7 से 10 सितंबर तक मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी है। इस दौरान समुद्र में मौसम खराब रहेगा और लहरें तेज होंगी। सरदार सरोवर डैम वर्तमान में क्षमता के 91.26 प्रतिशत पर है।

#### भरतपुर का बरेठा बांध लबालब, रिकॉर्ड बारिश से गेट खोले

भरतपुर। जिले का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक महत्व रखने वाला बरेठा बांध लगातार बारिश के चलते पूरी तरह लबालब हो चुका है. पिछले कई दिनों से भरतपुर और डांग क्षेत्र में हो रही तेज बरसात के कारण बांध में पानी की आवक तेजी से बढ़ गई है. जलस्तर लगातार बढ़ने पर प्रशासन ने एहतियातन कदम उठाते हुए बांध के गेट खोल दिए हैं।

### तबाही के बीच कल पंजाब जाएंगे

## 23 जिलों में बाढ़, 2 हजार गांव डूबे, अब तक 46 की मौत



नई दिल्ली। पंजाब इन दिनों भयंकर बाढ़ की चपेट में है। राज्य के 23 जिलों के 1,996 गांव पूरी तरह पानी में डूब चुके हैं। इस प्राकृतिक आपदा में अब तक 46 लोगों की जान जा चुकी है और 1.75 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं। भारी बारिश के कारण रावी, सतलुज और व्यास नदियों में उफान आया, जिससे स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 सितंबर को बाढ़ प्रभावित जिले गुरदासपुर का दौरा करेंगे। वे प्रभावित लोगों और किसानों से सीधे मिलेंगे और स्थिति का जायजा लेंगे।

---

## खबर संक्षेप

### कोर्ट में महिला का मुंह नोचा, बच्चे को किया घायल

तुमकुरु। आवारा कुत्तों ने कर्नाटक में आतंक मचाया है। तुमकुर जिले के गुब्बी कोर्ट परिसर में शनिवार को एक आवारा कुत्ते द्वारा महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। होन्नाली तालुका में आवारा कुत्तों के हमले में चार बच्चे और एक बुजुर्ग घायल हो गए। लोगों में दहशत है। उन्होंने प्रशासन से सख्त कदम उठाने की अपील की है।



### राजबल्लभ ने तेजस्वी की पत्नी को जर्सी गाय कहा

पटना। नाबालिग से रेप केस में बरी हुए नवादा से पूर्व विधायक राजबल्लभ यादव ने विवादित बयान देते हुए तेजस्वी यादव पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि वोट लेने के लिए तेजस्वी यादव जाति की बात करते हैं। लेकिन शादी तो किसी और जाति में की। हरियाणा-पंजाब से कोई जर्सी गाय लाए हैं। इससे आरजेडी भी तमतमाई हुई है।



### फर्जी लोन घोटाले में 5 पर मामला दर्ज

हरिद्वार। यहां के ज्वालापुर में फर्जीवाड़े का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें फर्जी विक्रेता और खरीदार बनाकर एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी से 38.58 लाख रुपए का लोन हड़पने का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने एक अधिवक्ता समेत 6 नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।



### जेल में क्लर्क का काम करेंगे प्रज्वल रेवन्ना

बेंगलुरु। प्रज्वल रेवन्ना परप्पना अग्रहारा जेल में बंद हैं। प्रज्वल रेवन्ना को अपनी दैनिक जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए हर दिन के 522 रुपए मिलेंगे। बता दें कि जेल के नियमों के अनुसार आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों को किसी न किसी प्रकार का श्रम करना पड़ता है।



---

### राज्य में शाखाएं बढ़ाने और स्थानीय प्रचारकों को सक्रिय करने की रूपरेखा तैयार

# विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल में पैठ मजबूत करने की तैयारी में संघ, बनाया मेगा 'प्लान'

## संघ के प्रचारक घर-घर जाकर संघ की विचारधारा का करेंगे प्रचार-प्रसार

एजेंसी ▶▶ जोधपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बंगाल में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यहां अपनी पैठ मजबूत बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। संगठन सूत्रों के अनुसार राजस्थान के जोधपुर में हुई एक समन्वय बैठक में यह निर्णय आधिकारिक रूप से लिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य चुनाव से पहले संगठन का विस्तार करना और राज्य के घर-घर तक अपनी विचारधारा को और गहराई से पहुंचाना है।

संघ के शीर्ष नेतृत्व ने समीक्षा कर पाया कि उत्तर बंगाल में संगठन अब कमजोर स्थिति में है, इसलिए वहां विशेष जोर देते हुए शाखाएं बढ़ाने और स्थानीय प्रचारकों को सक्रिय करने की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके अलावा दक्षिण बंगाल के जिलों में जहां शाखाएं कम हैं, वहां तत्काल नई शाखा खोलने के निर्देश दिए गए हैं। आरएसएस इस वर्ष विजयादशमी पर अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

इस अवसर पर पूरे देश में एक विशेष अभियान चलाने का फैसला लिया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य पिछले 100 वर्षों में संघ विभिन्न बाधाओं को पार करते हुए राष्ट्र निर्माण के कार्यों में कैसे संलग्न रहा है, इसका इतिहास जनता के सामने प्रस्तुत करना है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि संघ की यह पहल राज्य की राजनीति में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच चल रहे टकराव को एक नया आयाम देगी। संगठन सूत्रों का दावा है कि इस योजनाबद्ध कार्यक्रम के परिणामस्वरूप चुनाव से पहले संघ का प्रभाव और अधिक स्पष्ट हो जाएगा।



#### जल्द बंगाल आएंगे मोहन भागवत

संघ प्रमुख मोहन भागवत दिल्ली में एक बैठक में संगठन के दर्शन को पहले ही समझा चुके हैं। जल्द ही उनके बंगाल आने की भी योजना है। जानकारी के मुताबिक वह राज्य के विभिन्न हिस्सों में आयोजित विशेष सम्मेलनों में सीधे शामिल होंगे। राज्य भर में संघ का अभियान महालया के दिन से शुरू होगा। इस कार्यक्रम में नागरिक सम्मेलन और गृह संपर्क अभियान शामिल हैं। स्थानीय स्तर पर प्रचारक मोहल्ले-मोहल्ले, घर-घर जाकर संघ की विचारधारा का प्रचार-प्रसार करेंगे। इसके साथ ही सड़क पर आमलोगों से सीधा संपर्क स्थापित करने की भी योजना है। सूत्रों के अनुसार अगले साल जनवरी में उत्तर बंगाल और दक्षिण बंगाल में अलग-अलग हिंदू सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे। इसमें संघ के अखिल भारतीय नेता मौजूद रहेंगे। यह माना जा रहा है कि जिस तरह इन सम्मेलनों के जरिए संगठन का संदेश फैलाया जाएगा, उसी तरह आरएसएस चुनाव से पहले भाजपा के लिए एक मजबूत आधार भी तैयार करेगा।

### कोलकाता में हर साइनबोर्ड पर बांग्ला लिखना अनिवार्य

## महाराष्ट्र के बाद अब बंगाल में भी भाषा विवाद के मुद्दे ने पकड़ा तूल

*कोलकाता। महाराष्ट्र के बाद अब बंगाल में भी भाषा विवाद का मुद्दा तूल पकड़ रहा है। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने हाल ही में एक नया सर्कुलर जारी करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि शहर के सभी दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सभा भवन व अन्य के साइन बोर्ड व होर्डिंग में सबसे ऊपर बांग्ला भाषा का इस्तेमाल अनिवार्य होगा। इस आदेश का पालन 30 सितंबर 2025 तक करना होगा, अन्यथा कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस संचालित केएमसी के इस आदेश के बाद से ही शहर के कई दुकानदारों ने अपने साइनबोर्डों को बांग्ला में बदलना शुरू कर दिया है। बंगाल सरकार का कहना है कि उन्होंने यह कदम भाजपा शासित राज्यों में कथित तौर पर बंगाली प्रवासी मजदूरों को परेशान किए जाने के विरोध में और बांग्ला भाषा की पहचान और गौरव को बनाए रखने के लिए उठाया है। कोलकाता नगर निगम के आयुक्त धवल जैन द्वारा 30 अगस्त को जारी नए आदेश में साफ-साफ कहा गया है कि शहर के सभी साइनबोर्डों पर बंगाली भाषा का उपयोग करना अनिवार्य है। बताते चलें कि केएमसी ने पिछले साल 30 दिसंबर को भी इस प्रकार का एक निर्देश जारी किया था, जिसमें सभी दुकानदारों से बंगाली भाषा में साइनबोर्ड लगाने का अनुरोध किया गया था, लेकिन दुकानदारों ने इसका पालन नहीं किया। जिसके बाद अब केएमसी ने नया आदेश जारी कर इसका पालन करना अनिवार्य कर दिया है। इस सर्कुलर में कहा गया है कि, कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम के निर्देशानुसार, सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों, कार्यालयों, नगर निगमों और अन्य संस्थानों को अपनी दुकानों और साइनबोर्डों पर सबसे ऊपर बांग्ला भाषा में लिखना होगा। किसी भी साइनबोर्ड पर बांग्ला भाषा को अन्य भाषाओं के साथ नहीं, बल्कि सबसे ऊपर लिखने को कहा गया है। केएमसी प्रशासन के अनुसार, इस कदम का मकसद सभी व्यावसायिक और संस्थागत स्थानों पर बांग्ला भाषा के महत्व को बनाए रखना है।*

---

### चीख में बदली जन्मदिन की खुशियां

# परिचितों के साथ जश्न मनाने गई युवती के साथ किया गैंगरेप



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता के दक्षिणी हिस्से के रीजेंट पार्क इलाके से बेहद खौफनाक खबर सामने आ रही है। यहां जन्मदिन के बहाने अपने ही परिचितों के साथ जश्न मनाने गई 20 साल की युवती के साथ भरोसे का ऐसा खौफनाक खेल हुआ, जिसकी उसने कभी कल्पना भी नहीं की होगी।

युवती ने आरोप लगाया है कि उसके दोस्त चंदन मलिक ने उसे अपने साथी दीप के घर बुलाया, जहां दोनों ने मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता हरिदेवपुर की रहने वाली है। उसका जन्मदिन शुक्रवार को था। उसी मौके पर उसका परिचित चंदन मलिक उसे अपने दोस्त दीप के फ्लैट पर लेकर गया। इसके बाद, तीनों ने वहां खाना खाया।

जन्मदिन मनाने और खाना खाने के बाद जब युवती घर लौटना चाहती थी, तो आरोपियों ने उसे रोक लिया और दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद दोनों ने मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया।

#### पीड़िता ने दिखाई हिम्मत

सूत्रों ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे पीड़िता किसी तरह आरोपियों के घर से निकलकर भागी और अपने घर पहुंची। उसने परिवार को सारी बात बताई। इसके बाद शनिवार को ही पुलिस में मामला दर्ज कराया गया।

#### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने युवती की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों पर गैंगरेप और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

#### इस तरह हो गई जान-पहचान

पीड़िता ने शिकायत में कहा कि कुछ महीने पहले उसकी पहचान चंदन मलिक से हुई थी। उसने खुद को दक्षिण कोलकाता के एक बड़े दुर्गा पूजा समिति का प्रमुख बताया था। इसी बहाने उसने युवती की मुलाकात दीप से कराई और तीनों के बीच अच्छा संपर्क बन गया।

#### पहले भी कोलकाता हो चुका शर्मसार

25 जून 2025 को साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज परिसर में एक लॉ की छात्रा से कथित तौर पर बलात्कार हुआ था। इसका आरोप मनोजित मिश्रा पर लगा था, जो कॉलेज का पूर्व छात्र और पूर्व टीएमसीपी अध्यक्ष था. हालांकि, उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा, पिछले साल आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने पूरे देश में आक्रोश पैदा कर दिया था। आरोपी संजय रॉय को इस साल अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है।

---

## पीएम मोदी ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

### विदेश यात्राओं और वैश्विक साझेदारियों का ब्यौरा दिया



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते शनिवार को राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस मुलाकात की जानकारी साझा की। यह मुलाकात प्रधानमंत्री की हाल की जापान और चीन यात्रा से लौटने के कुछ दिनों बाद हुई। जापान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने 'भारत-जापान स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता जताई।

### ओडिशा में आकाशीय बिजली से 50 घायल



बामड़ा। ओडिशा के देवगढ़ जिला अंतर्गत रियामल ब्लॉक के परा पंचायत के जारडाट गांव में गिरी गोवर्धन पूजा के लिए जमा हुए 50 से अधिक श्रद्धालु वज्रपात गिरने से घायल हो गए। इनमें से 3की हालत गंभीर है। घायलों में से 12 को छेंडीपदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबकि गंभीर लोगों का कोसला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

### लालबाग के राजा का विसर्जन

गिरगांव चौपाटी पर गहरे समुद्र में विसर्जन किया गया

## ऊंची लहरों की वजह से लोगों को हुई परेशानी, महाराष्ट्र में 4 डूबे, 13 लापता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां के सबसे प्रसिद्ध गणपति पंडाल लालबाग के राजा का समुद्र में विसर्जन रविवार को समुद्र में ऊंची लहरों के कारण देर से हुआ। इस बार भी मूर्ति को दक्षिण मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर सुबह 9 बजे से पहले गहरे समुद्र में विसर्जित करने की तैयारी थी। लेकिन जब मूर्ति चौपाटी पहुंची, उसी समय समुद्र में पानी का तेज बहाव शुरू हो गया। इससे प्लेटफॉर्म (मंच) पानी में तैरने लगा, जिससे उसे ठीक से राफ्ट (बड़ी नावनुमा बेड़ा) पर चढ़ाना मुश्किल हो गया। इस दौरान 15 से 20 स्वयंसेवक और मछुआरे मिलकर उसे संभालते रहे।

#### करंट लगने से एक की मौत, 5 घायल



साकीनाका क्षेत्र में गणेश मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया, जहां एक करंट वाला तार मूर्ति को छू गया, जिससे पास खड़े 6 भक्त करंट की चपेट में आ गए। घायलों को तुरंत पास के निजी अस्पतालों और सात हिल्स अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बीनू सुकुमारन कुमारन को मृत घोषित कर दिया।

#### पालघर में गणेश विसर्जन के दौरान बहे 3 युवक बचाए गए

पालघर जिले में गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तीन युवक नारंगी जेट्टी (विरार पश्चिम) पर विसर्जन के दौरान पानी के तेज बहाव में बह गए, लेकिन रो-रो नाव की मदद से उन्हें समय रहते बचा लिया गया।

---

### जोमेटो और स्विगी ने बढ़ाई प्लेटफॉर्म फीस

# अब ऑनलाइन खाना मंगाना पड़ेगा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

त्योहारी सीजन से पहले जोमैटो, स्विगी और मैजिकपिन द्वारा मंच शुल्क में की गई बढ़ोतरी से देशभर के लाखों लोगों के लिए ऑनलाइन खाना ऑर्डर करना महंगा हो जाएगा। 22 सितंबर से डिलिवरी शुल्क पर 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगने के कारण यह और भी बढ़ सकता है। स्विगी ने चुनिंदा बाजारों में अपना प्लेटफॉर्म या मंच शुल्क जीएसटी सहित 15 रुपए कर दिया है। प्रतिद्वंद्वी जोमैटो ने अपना शुल्क बढ़ाकर 12.50 रुपए (जीएसटी को छोड़कर) कर दिया है, जबकि तीसरी सबसे बड़ी खाने की डिलिवरी करने वाली कंपनी मैजिकपिन ने भी व्यापक उद्योग रुझानों के अनुरूप, अपना मंच शुल्क संशोधित करके 10 रुपए प्रति ऑर्डर कर दिया है।

#### इतना महंगा होगा आर्डर




स्विगी ने अपना प्लेटफॉर्म फीस को जीएसटी समेत 15 रुपए कर दिया है, तो वहीं दूसरी ओर जोमैटो ने भी अपना चार्ज बढ़ाकर 12.50 रुपए (जीएसटी को छोड़कर) कर दिया है। सिर्फ यही नहीं बल्कि फूड डिलीवरी सेक्टर की एक और बड़ी कंपनी मैजिकपिन ने भी जीएसटी के बिजनेस पर पड़ने वाले व्यापक असर को देखते हुए अपनी प्लेटफॉर्म फीस को संशोधित करके 10 रुपए प्रति ऑर्डर करने का ऐलान किया है।

#### जीएसटी लागू होने से पहले लिया फैसला

सरकार के इस फैसले को लागू होने में अभी 15 दिन का समय बाकी है, लेकिन जोमैटो, स्विगी और मैजिकपिन जैसे ऑनलाइन फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म्स ने लगाए गए जीएसटी से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए अभी से प्लेटफॉर्म फीस में तगड़ा इजाफा कर दिया है। इस बढ़ोतरी से देशभर के लाखों लोगों के लिए ऑनलाइन खाना ऑर्डर करना महंगा हो जाएगा।

### खेल मंत्री मांडविया ने मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में हिस्सा लिया

# 'संडे ऑन साइकिल' में स्वदेशी खेल सामग्री का समर्थन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिसकी थीम 'गर्व से स्वदेशी' थी। इस मौके पर मांडविया ने स्वदेशी खेल उपकरण, जिम वियर और जूतों के अलग-अलग स्टॉल का दौरा किया और भारतीय निर्माताओं के गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की सराहना की। मनसुख मांडविया ने पत्रकारों से कहा कि हमारा घरेलू खेल उद्योग फिटनेस और खेलों को किफायती और सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुझे खुशी है कि पीएम मोदी ने जीएसटी कम कर दी है। इसके साथ ही देश में कई हिस्सों में संडे आन साइकिल का आयोजन किया गया।

#### स्वदेशी खेल उपकरण, जिम वियर और जूतों के अलग-अलग स्टॉल का दौरा किया



#### साइकिल पर भी जीएसटी घटाकर 5 फीसदी किया

उन्होंने कहा कि साइकिल पर भी जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत रह गई है। इसकी कीमत 1,500 रुपए कम हो गई है। साइकिल स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का उत्तम उदाहरण है। साइकिलिंग फिटनेस का मंत्र और 'पॉल्यूशन का सॉल्यूशन' भी है।

#### साइकिल स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का उत्तम उदाहरण

उन्होंने कहा कि साइकिल पर भी जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत रह गई है। इसकी कीमत 1,500 रुपए कम हो गई है। साइकिल स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का उत्तम उदाहरण है। साइकिलिंग फिटनेस का मंत्र और 'पॉल्यूशन का सॉल्यूशन' भी है।

#### स्टॉल मालिकों और ब्रांड प्रतिनिधियों ने केंद्र का धन्यवाद किया

केंद्रीय मंत्री का यह दौरा हाल ही में हुए जीएसटी सुधारों की पृष्ठभूमि में हुआ है, जिसके तहत कई खेल वस्तुओं पर जीएसटी 18-12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। स्टॉल मालिकों और ब्रांड प्रतिनिधियों ने इस राहत के लिए केंद्र सरकार का धन्यवाद किया और कहा कि कम दरों से उपभोक्ताओं की लागत में उल्लेखनीय कमी आई है और बिक्री में वृद्धि हुई है।

**जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में भारी हार की जिम्मेदारी ली**

# जापान के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दिया: पार्टी को टूटने से बचाने के लिए पद छोड़ा, बहुमत खोने के बाद इशिबा को हटाने की मांग हुई थी तेज

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के भीतर विभाजन से बचने के लिए ये कदम उठाया है। उन्होंने जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में भारी हार की जिम्मेदारी लेने के लिए अपनी पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के बाद पद छोड़ने की मंशा जाहिर की। कहा जा रहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा से इस मामले में उन्होंने शनिवार को मुलाकात की थी। सुगा ने उन्हें इस्तीफे की सलाह दी थी। अक्टूबर में पदभार ग्रहण करने वाले इशिबा ने अपनी ही पार्टी के भीतर अधिकतर दक्षिणपंथी विरोधियों की मांगों को एक महीने से अधिक समय तक नजरंदाज किया। इशिबा का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब उनकी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी नेतृत्व चुनाव कराने को लेकर एक निर्णय करने वाली है। यदि इसे मंजूरी मिल जाती है तो यह उनके खिलाफ एक प्रकार का अविश्वास प्रस्ताव होगा।

**पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के बाद लिया निर्णय**



### अमेरिकी टैरिफ से जनता नाराज थी

यह चुनाव उस वक्त हुआ जब जापान में मंहगाई बढ़ी और अमेरिका के टैरिफ को लेकर लोगों में चिंता थी। खबरों के मुताबिक इन मुद्दों को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के खिलाफ नाराजगी देखी गई। चुनाव में हार के बावजूद प्रधानमंत्री इशिबा ने साफ कहा कि वह देश के लिए काम करते रहेंगे और अमेरिका के टैरिफ जैसे मुद्दों से निपटने की कोशिश करेंगे। हालांकि पिछले तीन प्रधानमंत्रियों ने जब उच्च सदन में बहुमत खोया था, तो उन्होंने दो महीनों के भीतर इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में इशिबा पर भी दबाव बढ़ा।

## इस्तीफा देने को मजबूर हुए इशिबा

*जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में भारी हार की जिम्मेदारी लेने के लिए उनकी पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के बाद इस्तीफा देने को मजबूर हो गए। जापान के सरकारी टेलीविजन की खबर के अनुसार प्रधानमंत्री रविवार को देर शाम संवाददाता सम्मेलन कर सकते हैं। इशिबा पार्टी में और फूट न हो, इसके लिए पद से इस्तीफा देने का मन बनाया। जुलाई में, इशिबा के सत्तारूढ़ गठबंधन को 248 सदस्यीय उच्च सदन में संसदीय चुनाव में बहुमत हासिल नहीं हो सका, जिससे उनकी सरकार की स्थिरता और अधिक कमजोर हो गई। यह फैसला उन्होंने शनिवार को कृषि मंत्री शिंजिरो कोइजुमी और अपने मार्गदर्शक माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा से मुलाकात के बाद लिया।*

### इशिबा ने टैरिफ कम कराया

इशिबा ने इसी महीने अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया, जिसमें जापानी ऑटोमोबाइल पर लगने वाले टैरिफ को 25% से घटाकर 15% कर दिया गया। इस समझौते को निवेशकों ने जापान की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए फायदेमंद माना गया। हालांकि इस समझौते के बावजूद इशिबा की राजनीतिक स्थिति मजबूत नहीं हो सकी।इस कदम से जापानी ऑटो इंडस्ट्री, विशेष रूप से टोयोटा और होंडा जैसी कंपनियों को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि यह सेक्टर जापान की अर्थव्यवस्था का लगभग 8% हिस्सा है। इसके बदले में, जापान ने अमेरिका में 550 अरब डॉलर के निवेश और अमेरिकी कृषि उत्पादों, जैसे चावल, मक्का और सोयाबीन की खरीद बढ़ाने का वादा किया है।

### संसद में बहुमत नहीं, फिर भी इशिबा प्रधानमंत्री बने थे

*जापान में अक्टूबर 2024 में हुए चुनाव में एलडीपी-कोमेतो गठबंधन को 465 में से सिर्फ 215 सीटें मिली थीं। यहां बहुमत के लिए 233 सीटें चाहिए। एलडीपी सबसे बड़ी पार्टी रही। कोई दूसरा गठबंधन सरकार बनाने की स्थिति में नहीं था। मुख्य विपक्षी दल सीडीपीजे को 148 सीटें मिलीं। बाकी विपक्षी पार्टियां आपस में बंटी हुई हैं। विपक्ष नो-कॉन्फिडेंस मोशन लाना चाहता था, लेकिन इशिबा ने चेतावनी दी कि ऐसा हुआ तो वे संसद भंग करके दोबारा चुनाव कराएंगे। जिससे विपक्ष पीछे हट गया। अब इशिबा डीपीपी जैसे छोटे दलों से मुद्दों पर समर्थन लेकर बिल पास करवा रहे हैं। बजट, सब्सिडी और टैक्स सुधार जैसे मामलों में वे विपक्ष के कुछ नेताओं को अपने पक्ष में कर पाए हैं।*

---

**15 दिन में रूस ने कीव पर दूसरा सबसे बड़ा हमला**

**कैबिनेट बिल्डिंग को बनाया निशाना**

# कीव पर रूस ने दागे 800 ड्रोन और 13 मिसाइल, 3 की मौत



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस और यूक्रेन का युद्ध चरम पर है। वहीं दोनों के बीच शांति कराने के प्रयास भी विफल हो रहे हैं। दोनों देशों के राष्ट्रपति अपनी-अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। शांति प्रयासों के बीच रूस की सेना ने कीव पर भीषण हवाई हमला किया है, जिसमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ है।

रूस ने यूक्रेन पर फिर हमला किया है। रूस की सेना ने यूक्रेन की राजधानी कीव में रात को मंत्रिपरिषद भवन, मंत्रियों के घरों और ऑफिसों पर 800 ड्रोन और 13 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। एयर स्ट्राइक में एक बच्चे समेत 3 लोगों की मौत हुई है। वहीं 10 से ज्यादा लोग घायल हैं, जो अस्पताल में उपचाराधीन हैं। क्रेमेनचुक, क्रिवी रिह और ओडेसा शहरों में भी रूस की सेना ने ड्रोन से अटैक किया है। हमले से जान और माल दोनों का नुकसान हुआ है। मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के चीफ ओलेक्सांद्र विल्कुल ने बताया कि रूस की सेना हमले से डार्नित्स्की में रिहायशी इमारत की 2 मंजिलें जलकर राख हो गईं।

### मंत्रियों के घरों और दफ्तर को नुकसान

बताया जा रहा है कि हमले से कैबिनेट बिल्डिंग की छत टूट गई है, जिससे बिल्डिंग की अंदर लगी आग का धुंआ उठता दिखा। बिल्डिंग के अंदर मंत्रियों के घर-दफ्तर बने हैं, जिन्हें नुकसान पहुंचा है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने हमले की पुष्टि की। 15 दिन में रूस ने कीव पर दूसरा सबसे बड़ा हमला किया है। वहीं हमले बढ़ने से दोनों देशों के बीच शांति की आस खत्म होती जा रही है। हालांकि पुतिन ने जेलेंस्की को मॉस्को बुलाया है, लेकिन बिना किसी एजेंडे के बात करने से इनकार कर चुके हैं।

### धमाकों के बाद बिजली हो गई गुल

*कीव के पश्चिमी स्वियातोशिन्स्की जिले में भी 9 मंजिला इमारत ध्वस्त हुई थी। इमारत पर रूस की सेना ने मिसाइल अटैक किया था। क्रेमेनचुक शहर में भी धमाके होने से बिजली ठप हो गई थी। क्रिवी रिह शहर में रूस की सेना ने ट्रांसपोर्ट और शहरी ढांचे को टारगेट करके ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। साउस यूक्रेन के ओडेसा में भी हमला किया था। रूस और यूक्रेन में साल 2022 से जंग जारी है, लेकिन दोनों देश युद्ध से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप समेत कई देश दोनों देशों के बीच शांति कराने का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच बीती रात रूस की सेना ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलें दागीं। सारी रात हमले जारी रहे और जवाबी कार्रवाई करते हुए यूक्रेन की सेना ने रूस की ऑयल पाइपलाइन को टारगेट करके हमला किया, जिससे पाइपलाइन को भी नुकसान पहुंचने की खबर है।*

---

**हजरतबल दरगाह विवाद के बाद अनंतनाग में नहीं लगाया गया अशोक चिन्ह**

# अशोक स्तंभ तोड़ने पर बवाल! ललन सिंह की चेतावनी-जिसने खंडित किया है वह दंडित होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने श्रीनगर के हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ को तोड़ने की घटना पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने रविवार को कहा कि अशोक स्तंभ देश का प्रतीक है और इसको जिसने खंडित किया है वह दंडित होगा। उन्होंने पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए ये बातें कहीं। दरअसल, शुक्रवार को यह घटना हुई जिसमें हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ को तोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस दरगाह में हालही में नवीनीकरण किया गया था। उद्घाटन शिलापट्टिका में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ को अंकित किया गया था। बताया जाता है कि नमाज़ के बाद, कुछ कट्टरपंथी लोगों ने इस उद्घाटन पट्टिका में लगे अशोक स्तंभ को बुतप्रतीक मानकर पत्थर से तोड़ फोड़ की और उसे क्षतिग्रस्त कर दिया।

वीडियो फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें स्पष्ट रूप से पत्थर से तोड़े जाने की घटना दिखाई गई। वक्फ बोर्ड अध्यक्ष, दारखशां आंद्राबी ने इस घटना को दिल तोड़नेवाला और संविधान पर हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पत्थर पर निशान नहीं, मेरे दिल पर निशान है। दोषियों के खिलाफ एफआईआर और पीएसए के तहत कानूनी कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस ने निगीन थाना में एफआईआर दर्ज कर की। राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय दंड संहिता के अधीन राष्ट्रीय प्रतीक के अपमान पर तीन साल तक की सज़ा, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। अब इसी मुद्दे पर ललन सिंह ने ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की बातें कही हैं।

## हजरतबल दरगाह पर नमाज के बाद तोड़ा गया अशोक स्तंभ

**सीएम उमर ने कहा- मैंने कभी धार्मिक स्थल पर राष्ट्रीय चिन्ह नहीं देखा**






### दरगाह विवाद में 50 लोग हिरासत में

हजरतबल दरगाह में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के चिन्ह वाली शिलापट्ट तोड़ी गई। इसके अगले दिन अनंतनाग की खिरम दरगाह में फुटब्रिज के उद्घाटन किया गया था। बताया गया कि यहां लगाई शिलापट्ट में केवल वक्फ बोर्ड का लोगो था, अशोक चिन्ह नहीं था। उद्घाटन में जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन दरख्शां अंद्राबी भी पहुंची थीं। अब सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या जानबूझकर हजरतबल दरगाह में लगाई गई शिलापट्ट में अशोक स्तंभ चिन्ह उकेरा गया था। जिससे माहौल खराब किया जा सके। वहीं, हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ शिलापट्ट तोड़ने के मामले में पुलिस ने 50 लोगों को हिरासत में लिया है। वायरल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इनकी पहचान की गई। इस मामले में पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि मुस्लिम समुदाय को जानबूझकर उकसाया जा रहा है।मुख्यमंत्री उमर अबदुल्ला ने कहा कि मैंने कभी किसी धार्मिक स्थल पर राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह का इस्तेमाल होते नहीं देखा, तो हजरतबल दरगाह के पत्थर पर प्रतीक चिन्ह लगाने की क्या जरूरत थी? क्या सिर्फ काम ही काफी नहीं था?

### तीन साल की सजा और 5 लाख का हो सकता है जुर्माना

भारत में राष्ट्रीय ध्वज के उपयोग या राष्ट्रीय प्रतीक के सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय ध्वज संहिता, 2002 और राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 लागू हैं। ये कानून तिरंगे और राष्ट्रीय प्रतीक के सही उपयोग, प्रदर्शन और सम्मान के नियमों को निर्धारित करते है। किसी तरह की गलती भारी पड़ सकती है। इसके तहत किसी सार्वजनिक स्थान या किसी अन्य स्थान पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज या उससे संबंधित राष्ट्रीय प्रतीक को विकृत करता है, नष्ट करता है, रौंदता है या अन्यथा अनादर प्रदर्शित करता है या अवमानना करता है (चाहे मौखिक या लिखित शब्दों द्वारा, या कृत्यों द्वारा), उसे अधिकतम 3 साल की सजा दी जा सकती है और साथ में 5 लाख तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

---

**खबर संक्षेप**

### मारा गया 10 लाख का इनामी नक्सली अपटन



रांची। पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा की आराहासा पंचायत के रेलापराल गांव के पास जमकर मुठभेड़ हुई। यहां की बुरजूवा पहाड़ी पर रविवार तड़के हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दस लाख के इनामी नक्सली सब जोनल कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन को ढेर कर दिया गया है। सुरक्षाबलों ने घटना स्थल से एक एसएलआर रायफल भी बरामद दिया है। एसपी राकेश रंजन ने इसकी पुष्टि की है। एक माह में यह दूसरी मुठभेड़ हुई है, जिसमें सुरक्षाबलों को कामयाबी मिली है।

### जर्मनी में लॉन्च हुआ सुपरकंप्यूटर जुपिटर



बर्लिन। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अब यूरोप भी बड़ा कदम उठाने को तैयार है। जर्मनी के जूलिश सुपरकंप्यूटिंग सेंटर में यूरोप का सबसे तेज और पहला एक्सास्केल सुपरकंप्यूटर जुपिटर लॉन्च किया गया। जुपिटर सुपरकंप्यूटर को यूरोप का पहला एक्सास्केल सिस्टम कहा जा रहा है, जो हर सेकंड एक क्विंटिलियन (1 अरब) कैलकुलेशन करने में सक्षम है। यह किसी भी मौजूदा जर्मन कंप्यूटर से लगभग 20 गुना ज्यादा शक्तिशाली है।

---

**रूस के बीच हो रहे व्यापार को देख बौखला रहा है अमेरिका**

**ट्रंप के करीबी और मस्क के बीच झगड़ा**

# भारत-रूस को लेकर आपस में भिड़ गए ट्रंप के 'राइट' और 'लेफ्ट' हैंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और रूस के बीच हो रहे व्यापार को देख अमेरिका का खाना हजम नहीं हो रहा है। भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी भारत पर लगातार हमला कर रहे हैं।

अब भारत को लेकर ट्रंप के व्यापार और निर्माण मामलों के सलाहकार पीटर नवारो और दुनिया के सबसे अमीर शख्स व अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क के बीच 'झगड़ा' शुरू हो गया है। यह विवाद तब हुआ जब मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने के बारे में एक पोस्ट को नवारो ने गलत बताया गया। बता दें कि नवारो को ट्रंप का राइट हैंड माना जाता है। वहीं मस्क भी कभी ट्रंप के लेफ्ट हैंड रह चुके हैं। हालांकि अब मस्क और ट्रंप की राहें अलग हो चुकी हैं।



### रूसी तेल से मुनाफे का लगाया था आरोप

नवारो ने कुछ समय पहले एक्स पर पोस्ट की थी। अपनी उस पोस्ट में भारत पर रूसी तेल से मुनाफा कमाने का आरोप लगाया था। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा था कि भारत के टैरिफ से अमेरिकियों की नौकरियां जा रही हैं। नवारो ने ये बातें वाशिंगटन पोस्ट के एक लेख के जवाब में कहीं।. उस लेख में ट्रंप प्रशासन के भारत के साथ संबंधों को सुधारने के प्रयासों में विरोधाभास के बारे में बताया गया था।

---

**बयान में कहा- ये रूटीन जांच का हिस्सा**

# एचएएल ने हेलिकॉप्टर में तकनीकी खामी की रिपोर्ट्स खारिज की




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल)के हेलीकॉप्टर्स में तकनीकी खामी का मामला उठाया गया था।

अब उसे लेकर कंपनी ने बयान जारी किया है और मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। एचएएल ने बयान में कहा कि यह स्पष्टीकरण 6 सितंबर 2025 को एक समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों के संदर्भ में है। दुर्भाग्य से, ये लेख भ्रामक टिप्पणियों के साथ एकतरफा दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। वन-टाइम चेक (ओटीसी) एक नियमित रखरखाव प्रक्रिया है जो टेल ड्राइव शाफ्ट (टीडीएस) में किसी खराबी के बाद की जाती है।

एचएएल भारतीय सेना के साथ मिलकर काम कर रहा है और मूल कारण का पता लगाने के लिए विशेषज्ञ टीमों को तैनात किया गया है।

---

**सेना बढ़ाने के पीछे ड्रग्स बनी वजह**

# वेनेजुएला के पास यूएस ने तैनात किए फाइटर जेट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने वेनेजुएला के पास अपनी सैन्य ताकत और बढ़ा दी है। आधिकारिक तौर पर तो यह कदम लैटिन अमेरिकी ड्रग कार्टेल्स से निपटने के लिए बताया जा रहा है, लेकिन इसने वेनेजुएला की राजनीति और लोगों में हलचल पैदा कर दी है।

अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में दावा किया था कि उनकी सेना ने ड्रग्स ले जा रही एक नाव को नष्ट किया है, जिसमें 11 लोग मारे गए। इस कार्रवाई के बाद दोनों देशों के रिश्ते और तनावपूर्ण हो गए हैं। अमेरिका ने प्यूर्टो रिको में 10 एफ-35 लड़ाकू विमान भेजे हैं, जो ड्रग कार्टेल्स पर कार्रवाई करेंगे।

### वेनेजुएला में नहीं होती नशे की खेती

नेवी प्रमुख एडमिरल डैरल कॉडल ने कहा कि उनकी जिम्मेदारी राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री को सैन्य विकल्प देना है। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि असली लक्ष्य क्या है। इस बढ़ती सैन्य गतिविधि पर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने कहा कि 90% से ज्यादा लोग अमेरिका के इन खतरों को खारिज करते हैं। उन्होंने दावा किया कि वेनेजुएला में कोका की खेती नहीं होती और यह देश ड्रग्स उत्पादन से मुक्त है। मादुरो ने कहा कि अमेरिका हमेशा देशों को बदनाम करने के लिए अलग-अलग आरोप लगाता रहा है। मादुरो ने लोगों से अपील की है कि वे मिलिशिया में शामिल हों। ताकि किसी भी हमले की स्थिति में सेना की मदद की जा सके।

### युद्ध को अपराध बताने वालों पर भड़के वेंस

*अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने वेनेजुएला की ड्रग तस्करी करने वाली वोट पर अमेरिका के घातक हवाई हमले का बचाव करते हुए कहा है कि अगर आलोचक इसे युद्ध अपराध कहते हैं, तो उन्हें इसकी कोई परवाह नहीं है। जेडी वेंस ने एक्स पर लिखा, हमारे साथी नागरिकों को जहर देने वाले कार्टेल सदस्यों को मारना हमारी सेना का सर्वोच्च और सर्वोत्तम उपयोग है।*



---

**रक्षा अनुसंधान और उत्पादन में एमएसएमई की भूमिका पर जोर**

**आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ेंगे कदम**

# डीआरडीओ की बड़ी पहल: छोटे-बड़े उद्योगों को एक साथ एक मंच पर लाने से आएंगे सार्थक परिणाम

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश स्थित डिफेंस कॉरिडोर को मजबूती प्रदान करने के लिए डीआरडीओ कई छोटे-बड़े उद्योगों और रक्षा क्षेत्र से जुड़े स्टार्ट-अप्स को एक मंच पर लेकर आया है। भारत के ये उद्योग देश की रक्षा जरूरतों से जुड़े निर्माण कार्यों में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

इसके साथ ही नई रिसर्च से सैन्य बलों के लिए उपयोगी रक्षा उपकरण एवं अन्य चीजें तैयार करने में भी मदद मिल सकती है।

### रक्षा उपकरण निर्माण में एमएसएमई की होगी अहम भूमिका




### 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र (डीटीटीसी) ने शनिवार को लखनऊ में एक बड़ा कॉन्क्लेव आयोजित किया। इसका उद्देश्य माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज और स्टार्टअप्स को रक्षा अनुसंधान, विकास और उत्पादन में शामिल करना था। यह आयोजन उत्तर प्रदेश डिफेंस औद्योगिक कॉरिडोर में भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी बधाई

*डीआरडीओ प्रमुख ने आश्वासन दिया कि डीआरडीओ, एमएसएमई को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा ताकि देश 'आत्मनिर्भर भारत' बन सके और वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।*



# हॉकी एशिया कप 2025: चौथी बार भारत ने जीता खिताब साउथ कोरिया को हराकर वर्ल्ड कप के लिए किया क्वालिफाई

*साउथ कोरिया को शिकस्त देने के साथ ही भारत ने चौथी बार हॉकी एशिया कप के खिताब पर अपना कब्जा जमाया है। इससे पहले 2017 में मलेशिया को हराकर भारत ने एशिया कप जीता था। 5 बार की चैम्पियन साउथ कोरिया रनर-अप रही।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी एशिया कप 2025 के फाइनल मुकाबलें में भारतीय टीम ने साउथ कोरिया को करारी शिकस्त दी। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय हॉकी टीम ने साउथ कोरिया को 4-1 के अंतर से पटखनी दी। इस जीत के साथ ही टीम ने अगले साल यानी 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड द्वारा संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। भारत ने चौथी बार हॉकी एशिया कप के खिताब पर अपना कब्जा जमाया है। ये जीत इसलिए भी खास है क्योंकि भारत ने 5 बार की चैम्पियन साउथ कोरिया को शिकस्त दी है। इससे पहले 2017 में मलेशिया को हराकर भारत ने एशिया कप जीता था।



## ऐसे रहा दोनों टीमों के बीच मुकाबला

इस फाइनल मुकाबले के पहले क्वार्टर के पहले ही मिनट में भारत के सुखजीत सिंह ने गोल दागा। पहला क्वार्टर खत्म होने के बाद भारत 1-0 से आगे रहा। भारत ने दोनों क्वार्टर में 1-1 गोल दागा और 2-0 की बढ़त बना ली। हाफ टाइम तक भारत का स्कोर 2-0 रहा। साउथ कोरिया ने अटैकिंग खेल दिखाया लेकिन वो गोल नहीं कर सके।

### भारत ने चीन को हराया, कप्तान हरमनप्रीत की हैट्रिक, एशिया कप में टीम का विजयी आगाज

तीसरे क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत ने फिर गोल दागा और बढ़त 3-0 की कर ली। चौथे क्वार्टर के 50वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला। रोहिदास ने मौके को भुनाया और गोल दाग दिया। लेकिन इसी क्वार्टर में साउथ कोरिया ने भी एक गोल दागा। लेकिन भारत की बढ़त 4-1 की हो चुकी थी। इसके बाद भारतीय टीम ने साउथ कोरिया को गोल नहीं दागने दिया और डिफेंसिव अप्रोच अपनाया। आखिरकार भारत ने जीत हासिल कर ली।

## खबर संक्षेप



### पुर्तगाल ने आर्मेनिया को हराया, रोनाल्डो के दो गोल

**मैनचेस्टर।** रिकॉर्ड छठी बार फुटबॉल विश्व कप में खेलने की कवायद में लगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने आर्मेनिया को 5-0 से हराकर यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। रोनाल्डो ने इस तरह से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने के अपने रिकार्ड को 140 पर पहुंचा दिया है। विश्व कप अगले साल अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में आयोजित किया जाएगा और अगर रोनाल्डो इसमें भाग लेते हैं तो यह नया रिकॉर्ड होगा। अब तक कई खिलाड़ी पांच विश्व कप में खेल चुके हैं लेकिन छह बार इसमें भाग लेना नया रिकॉर्ड होगा। इस बीच इंग्लैंड ने विला पार्क में अंडोरा के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा।

### ट्रेनिंग या कोच नहीं मिलता, जो मुझे चाहिए

**लीवरपूल।** ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले



दौर से बाहर होने के बाद ट्रेनिंग के कम अवसरों पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा वह ट्रेनिंग नहीं मिलती जो उन्हें वास्तव में चाहिए। एक साल से अधिक समय बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी करने वाली तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना 75 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में तुर्की की बुसरा इस्लिदार के खिलाफ 0-5 की हार के दौरान लय में नहीं दिखी। लवलीना ने 'एक्स' पर लिखा, 'एक साल बाद मैंने अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मैं अपने पहले ही मुकाबले में हार गई। इससे पीड़ा पहुंचती है। मुझे खेद है कि मैं इस बार ऐसा नहीं कर पाई।

### निगरानी के लिए एआईएफएफ ने बनाई पैनल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार अपने नए व्यावसायिक साझेदार के चयन के लिए पूरी निविदा प्रक्रिया की निगरानी करने के लिए पूर्व न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। उच्चतम न्यायालय ने दो सितंबर को दिए आदेश में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आयोजन की अनुमति भी दी थी, जिसे आयोजक एफएसडीएल ने 11 जुलाई से रोक दिया था। एफएसडीएल राष्ट्रीय महासंघ का मौजूदा व्यावसायिक साझेदार भी है। एआईएफएफ ने कहा, 'चयन प्रक्रिया की निगरानी के लिए कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यीय बोली मूल्यांकन समिति (बीईसी) बनाने का फैसला किया। बीईसी के अध्यक्ष भारत के उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव होंगे।' समिति के अन्य दो

## यूएस ओपन: महिला एकल में एरिना ने अमांडा को हराया

# सबालेंका दूसरी बार चैंपियन गिराया रैकेट, बिखेरी मुस्कान



जीता अपने कॅरियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। सबालेंका जब खिताब से दो अंक दूर थीं, तब उन्होंने एक ऐसा ओवरहेड स्मैश लगाया, जो आसान शॉट होना चाहिए था लेकिन उन्होंने उसे नेट में उलझा दिया, जिससे अनिसिमोवा को ब्रेक का मौका मिल गया।

■ फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ियों से मिली हार की पीड़ा भी खत्म कर दी

सबालेंका ने आखिर में 6-3, 7-6 (3) से जीत दर्ज करके अपने कॅरियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इस तरह से उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ियों से मिली हार की पीड़ा भी खत्म कर दी। सबालेंका ने जीत हासिल करने के बाद कोर्ट पर अपना रैकेट गिरा दिया और मुस्कान बिखेर दी।

### एरिना ने बनाया रिकॉर्ड

मैंने खुद से कहा कि चलो ठीक है ऐसा होता है। यह बीती बात है और अब अगले अंक पर ध्यान दो। 'सबालेंका पिछले 11 वर्षों में पहली महिला खिलाड़ी बन गई है, जिन्होंने अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले यह कारनामा सेरेना विलियम्स ने किया था। वह 2012 से लेकर 2014 तक लगातार तीन बार चैंपियन बनी थी।



### लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम हारी अमांडा

अमांडा को लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। वह जुलाई में विंबलडन के फाइनल में इगा स्वियातेक से हार गई थी। उस मैच में वह एक भी गेम नहीं जीत पाई थी लेकिन उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अवसरों का फायदा नहीं उठा पाई। अमेरिका की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने सबालेंका की तारीफ करते हुए कहा, 'मैं वास्तव में उनकी बहुत प्रशंसा करती हूं। वह कड़ी मेहनत करती है और इसी लिए आज इस मुकाम पर हैं। मुझे भी मौके मिले थे लेकिन मैं उन्हें नहीं भुना सकी।

### सबालेंका को मिली 44.09 करोड़ की प्राइज मनी

एरिना सबालेंका को यूएस ओपन का खिताब जीतने पर प्राइज मनी के तौर पर 50 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिली है। यानि भारतीय करेंसी के अनुसार देखें तो उनको खिताब जीतने पर 44.09 करोड़ रुपए की रकम मिली। अब सबालेंका के यूएस ओपन जीतने की प्राइज मनी की तुलना अगर क्रिकेट के आगामी एशिया कप और आईपीएल 2025 सीजन से की जाए तो थोड़ी नहीं बल्कि बहुत अधिक है। यहां तक कि वीमंस वर्ल्ड कप 2025 की राशि से भी अधिक एरिना को मिले। यूएस ओपन की रनरअप एमांडा को 22 करोड़ रुपए से अधिक मिले।

### इवानोव और वेंड्रोमे बने जूनियर चैंपियन

जेलिन वेंड्रोमे और इवान इवानोव ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों और लड़कों के वर्ग के खिताब जीते। वेंड्रोमे ने लड़कियों के वर्ग में स्वीडिश क्वालीफायर ली निल्सन को 7-6 (2), 6-2 से हराया। उन्होंने शुरू में पिछड़ने के बाद पहला सेट टाई ब्रेक में जीता लेकिन दूसरा सेट जीतने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। लड़कों के वर्ग में मौजूदा विंबलडन चैंपियन इवानोव ने बुल्गारिया के अपने हमवतन अलेक्जेंडर वासिलिव को 7-5, 6-3 से हराया। जूनियर युगल वर्ग में एलेना कोवाकोवा और जना कोवाकोवा बहनों ने वेंड्रोमे और उनकी जोड़ीदार लाइमा व्लाडसन को हराया। कीटन हेंस और जैक कैनेडी ने नोआह जॉनस्टन और बेंजामिन विलवर्थ को हराकर लड़कों का खिताब जीता।

### ग्रैनोलर्स और जेबालोस ने जीता मेंस डबल्स का खिताब

मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस अमेरिकी ओपन पुरुष युगल चैंपियनशिप के फाइनल में हारने से बस एक अंक दूर थे लेकिन उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और कुछ ही पल बाद वे चैंपियन बन गए। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 3-6, 7-6 (4), 7-5 से हराकर सत्र का अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। ग्रैनोलर्स ने कहा, 'टेनिस कभी-कभी पागलपन भरा होता है, क्योंकि हम यहां तक बात कर रहे थे कि आप मैच हारने के कितने करीब थे और फिर 20 मिनट में आप ट्रॉफी जीत लेते हैं।' इस पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस साल फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीता था।



## एएफसी अंडर-23 में कतर से हारा भारत

**दोहा।** भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर 23 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप एच के अपने दूसरे मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बाद मेजबान कतर से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल हाशमी मोहियालदीन (18वें मिनट) ने कतर को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी थी, लेकिन मुहम्मद सुहैल (52वें मिनट) ने बराबरी का गोल दाग दिया। जसीम अल शरशानी (67वें मिनट) के पेनल्टी पर किए गए गोल ने खेले गए मैच में कतर के लिए तीन अंक सुनिश्चित कर दिए। पिछले मैच में बहरीन के खिलाफ 2-0 की जीत से उत्साहित भारत ने अच्छी शुरुआत की। सुहैल को शुरुआत में ही मौका मिल गया, जहां दूसरे मिनट में ही उन्होंने बॉक्स के बाहर से शॉट मारा लेकिन गेंद क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चली गई।



# पोलार्ड ने 18 गेंद में उड़ाए 54 रन

### कायरन की पारी से भी नहीं जीती नाइट राइडर्स, शे हॉप की पारी से जीती गयाना अमेजन वॉरियर्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज में जारी कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के 23वें मैच में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स को गयाना अमेजन वॉरियर्स के सामने तीन विकेट से करारी हार मिली। नाइट राइडर्स के लिए कायरन पोलार्ड ने अंत में 18 गेंद में पांच चौके और पांच छक्के से 54 रन की तूफानी पारी खेली। इससे उनकी टीम ने 167 रन बनाए लेकिन इसके जवाब में गयाना के लिए शे हॉप (53) और शिमरोन हेटमायर (49) ने ताबड़तोड़ बैटिंग का नजारा पेश किया। इससे गयाना की टीम ने सात विकेट पर 168 रन बनाने के साथ तीन विकेट से एक गेंद पहले जीत दर्ज कर ली।



### कार्टी की धीमी पारी

प्रोविडेंस के मैदान में पहले बल्लेबाजी करने उतरी नाइट राइडर्स की शुरुआत सही नहीं रही। उसके सलामी बल्लेबाज सस्ते में चलते बने, जिससे टीम के एक समय 39 रन पर तीन विकेट गिर गए थे। इसके बाद केसी कार्टी ने धीमी बल्लेबाजी से 34 गेंद में 29 रन बनाए तो अंत में कायरन पोलार्ड ने 18 गेंद में पांच चौके और पांच छक्के से 54 रन की नाबाद पारी खेली।

### प्रिटोरियस ने अंत में दिलाई जीत

वहीं 168 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गयाना के बहे 14 रन पर दो विकेट गिर गए थे। लेकिन नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने वाले शे हॉप ने 46 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के से 53 रन बनाए तो शिमरोन हेटमायर ने 30 गेंद में दो चौके और चार छक्के से 49 रन की पारी खेली। इसके बाद रही सही कसर अंत में ड्वेन प्रिटोरियस ने पूरी करते हुए 14 गेंद में तीन छक्के से 26 रन नाबाद बनाकर पूरी कर दी।

## दलीप ट्रॉफी: फाइनल में पहुंचा मध्य क्षेत्र, अब साउथ जोन से खिताबी मुकाबला



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

यशस्वी जायसवाल का शानदार अर्धशतक महज एक व्यक्तिगत उपलब्धि बनकर रह गया क्योंकि मध्य क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ ड्रॉ हुए मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर दलीप ट्रॉफी के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

■ वेस्ट जोन के जायसवाल की अर्धशतकीय पारी गई बेकार

मध्य क्षेत्र अब 11 सितंबर से होने वाले खिताबी मुकाबले में दक्षिण क्षेत्र से भिड़ेगा।

जायसवाल (64) ने अपनी 70 गेंदों की पारी में कुछ शानदार शॉट खेले, जिससे पश्चिम क्षेत्र अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 216 रन बनाने में सफल रहा। पश्चिम क्षेत्र को हालांकि पहली पारी में 162 रन से पिछड़ना महंगा पड़ा और टीम खिताबी दौड़ से बाहर हो गई। मध्य क्षेत्र ने सुबह के सत्र में आठ विकेट पर 556 रन से आगे खेलते हुए 600 रन पर अपनी पारी समाप्त की। सारांश जैन ने 63 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए एक शानदार अर्धशतक बनाया।

पश्चिम क्षेत्र की दूसरी पारी के दौरान चाय के विश्राम से ठीक पहले कप्तान शारदुल ठाकुर (छह) आउट हो गए जबकि दूसरे छोर से संयम के साथ बल्लेबाजी कर रहे तनुश कोटियान (40) क्रीज पर मौजूद थे। इसी समय, दोनों टीमों ने मैच को ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला किया।

### फाइनल में जाने से चूकी जायसवाल की टीम

जायसवाल को अपनी टीम को फाइनल में नहीं देखकर निराशा हुई लेकिन वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद पहली बार पिच पर इतना समय बिताकर खुश होंगे। उन्होंने हमेशा की तरह आक्रामक अंदाज में 92 के स्ट्राइक रेट से अर्धशतक बनाया। उनकी यही आक्रामकता हालांकि उनके आउट होने का कारण बनी जब वह बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (96 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर एक खराब शॉट खेलकर आउट हो गए।

### विश्व चैंपियनशिप: भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने फाइनल में फ्रांस को हराया

## तीरंदाजी में भारत ने रचा इतिहास, जीता गोल्ड, मिश्रित टीम को सिल्वर

एजेंसी ▶▶| ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)

भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने फाइनल में फ्रांस को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा और इस तरह से महिला टीम को मिली निराशा को दूर कर दिया, जो आठ साल में पहली बार पोडियम पर जगह बनाने में नाकाम रही। व्यक्तिगत वर्ग में आठवें स्थान पर रहने वाले ऋषभ यादव ने भी मिश्रित टीम स्पर्धा में अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम के साथ रजत पदक जीतकर वापसी की। महिला वर्ग में निराशा हाथ लगी क्योंकि टीम प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गई और 2017 से लगातार पदक जीतने का उसका अभियान समाप्त हो गया। तेईस वर्षीय ऋषभ ने अमन सैनी और प्रथमेश फुगे के साथ मिलकर भारत को पुरुष कंपाउंड टीम के खिताबी मुकाबले में फ्रांस पर 235-233 से रोमांचक जीत दिलाई।



### भारत ने दबाव में दिखाया धैर्य

फ्रांस ने निकोलस गिराई, जीन फिलिप बौल्च और फ्रेंकोइस डुबोइस को मैदान में उतारा, लेकिन भारतीय टीम ने दबाव में भी उल्लेखनीय धैर्य दिखाया। इसका श्रेय फुगे को जाना चाहिए, जो क्वालीफायर में 19वें और भारतीय खिलाड़ियों में अंतिम स्थान पर रहे थे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले चरण में 9-9 का स्कोर बनाया लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह परफेक्ट 10 लगाए।

### अंतिम चरण में लड़खड़ाई फ्रांस टीम

पहले चरण के बाद भारत 57-59 से पीछे था, लेकिन दूसरे चरण में उसने छह 10-10 के साथ वापसी करते हुए स्कोर 117-117 पर बराबर कर दिया। तीसरे चरण में दोनों टीमों ने 59-59 अंक बनाए, जिससे स्कोर 176-176 से बराबर रहा। अंतिम चरण में फ्रांस की टीम लड़खड़ा गई और भारत स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचने में सफल रहा। भारत ने फाइनल तक के अपने सफर में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और तुर्की पर प्रभावशाली जीत दर्ज की थी।

### *मिक्सड में भारत का 2021 के बाद पहला पदक*

*इससे पहले दिन में यादव और ज्योति को मिश्रित टीम फाइनल में नीदरलैंड के विश्व नंबर एक माइक श्लोएसर और साने डे लाट की जोड़ी से 155-157 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने पहले चरण के बाद एक अंक की बढ़त बना ली थी, लेकिन दूसरे चरण में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वे 76-77 से पीछे हो गए। नीदरलैंड की जोड़ी ने इसके बाद भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और छह 10 अंक बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत का इस स्पर्धा में 2021 के बाद यह पहला पदक है। दो साल पहले बर्लिन में उसे पदक नहीं मिला था।*

# राजकमल ने की 'स्त्री वर्ष' की घोषणा, प्रकाशित होंगे 8 महत्वपूर्ण स्त्री कथाकारों के उपन्यास

**[ 'किताब उत्सव' ]**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिन्दी भवन में जारी पाँच दिवसीय किताब उत्सव के दूसरे दिन आयोजक राजकमल प्रकाशन ने इस वर्ष को 'हिन्दी उपन्यास का स्त्री-वर्ष' घोषित किया। इस वर्ष राजकमल 8 महत्वपूर्ण स्त्री कथाकारों के उपन्यास प्रकाशित करेगा। सदी का एक चौथाई बीतने पर राजकमल प्रकाशन समूह इस वर्ष को 'स्त्री वर्ष' के रूप में मना रहा है।

**स्त्री-वर्ष में प्रकाशित होंगे ये उपन्यास**

1. गीतांजलि श्री : सह-सा
2. जया जादवानी : इस शहर में इक शहर था
3. सोवा लिम्बू : शुकमाया हाङ्मा
4. वन्दना राग : सरकफन्दा
5. प्रत्यक्षा : शीशाघर
6. अलका सरावगी : कलकत्ता कॉस्मोपॉलिटन : दिल और दरार
7. अनामिका : दूर देश के परिंदे
8. सुजाता : साबूत घर

**राजकमल प्रकाशन के आयोजित 'किताब उत्सव' का तीसरा दिन**







**इन पुस्तकों का हुआ लोकार्पण**

वहीं मकबूल फ़िदा हुसेन : जीवनी और विचार', 'रोशनी की शिनाख़्त' और 'नया साहित्य, नई संभावनाएं' और 'प्रतिनिधि कहानियाँ' शृंखला की तीन नई पुस्तकों का लोकार्पण हुआ और 'धर्मान्तरण : आंबेडकर की धम्म यात्रा', 'फ़ोटो पत्रकारिता' पुस्तकों पर चर्चा हुई।

## उत्तर प्रदेश के गांवों की कहानियों पर आधारित 'भभूत' लिख रहा हूं

ज्ञान चतुर्वेदी ने कहा, हर युग का साहित्य अपने समय की चुनौतियों से उपजता है। आज लोकतंत्र के डब्बे में तानाशाही का राज है। उन्होंने कहा आज की पीढ़ी के संदर्भ में नया रूप दिया है। फिलहाल मैं 'उन दिनों' नामक उपन्यास और उत्तर प्रदेश के गांवों की कहानियों पर आधारित 'भभूत' लिख रहा हूँ।

## भारत में कला केवल नकल तक सीमित नहीं रही

उदयन वाजपेयी ने साहित्य और कला के संबंध पर बात करते हुए कहा कि भारत में कला केवल नकल तक सीमित नहीं रही है, बल्कि यह अपनी मौलिकता और अनंत संभावनाओं के साथ विकसित होती रही है। नीलेश रघुवंशी ने कहा कि जीवनियां केवल घटनाओं का ब्यौरा नहीं होतीं, बल्कि वे हमें पुराने समय से परिचित कराते हुए व्यक्ति के विचार और उसके व्यक्तित्व की जड़ों तक ले जाती हैं।



### बुंदेली समागम 2025 : दूसरे दिन लोकगीतों की गूंज और दिग्विजय सिंह ने गाया फाग गीत

# राजा बल के द्वार मची रे होली, रे मची रे होली...




**दर्शकों ने प्रस्तुतियों को सराहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के रविंद्र भवन सभागार में आयोजित बुंदेली समागम 2025 के दूसरे दिन की शुरुआत बुंदेली आइडल के दूसरे सेमीफाइनल राउंड से हुई। मंच पर लोकगायकों ने पारंपरिक गीतों की झड़ी लगा दी। दादरा, गारी और चौपड़िया जैसे लोकगीतों ने पूरे सभागार का माहौल उत्सवमय कर दिया। प्रस्तुतियों में यश दास शुक्ल की राते बरस गयो पानी ने विशेष रूप से दर्शकों का दिल जीत लिया और श्रोतागण झूम उठे।

इसके बाद कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मंच से कहा, बुंदेली संस्कृति का जो पूरा निचोड़ है, वो इस कार्यक्रम के रूप में सामने आया है। लोक संस्कृति को बढ़ावा देना बहुत आवश्यक था और यह आयोजन सुनहरी किरण साबित हुआ है। संबोधन के बाद सिंह ने पारंपरिक फाग गीत राजा बल के द्वार मची रे होली, रे मची रे होली....गाकर सभागार को सराबोर कर दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया।

**बागड़ बम जैसे लोकप्रिय गीतों पर झूमे श्रोता**

इसके बाद मशहूर लोकगायिका कविता शर्मा ने 'बागड़ बम' जैसे लोकप्रिय गीतों से दर्शकों को झुमाया और कलाकारों से स्वच्छ व प्रेरणादायक कंटेंट बनाने की अपील की। रात में गायक खनिज जैन चौहान की प्रस्तुति ने समागम के दूसरे दिन को संगीतमय रंग दिया। अंत में पंच लाइट नाटक के मंचन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ जिसने दर्शकों को हंसी और सोच दोनों का संदेश दिया।



**नेहा सर्राफ, प्रांजल पटरिया ने बांधा समां**

शाम का आकर्षण फिल्म कलाकार संवाद रहा, जिसमें 'कठल' फिल्म की नेहा सर्राफ, 'लापता लेडीज' के कलाकार प्रांजल पटरिया और प्रसिद्ध अभिनेता इश्तियाक़ खान शामिल हुए। नेहा सर्राफ ने साझा किया कि एनएसडी जाने से उनकी दिशा स्पष्ट हुई और वहीं से उन्होंने फिल्म और थिएटर की बारीकियों को समझा। कलाकारों ने क्षेत्रीय सिनेमा के महत्व और संभावनाओं पर अपने विचार रखे।



**रंग श्री लिटिल बेले में नाटक जाने न... का मंचन**




# प्यार, नफरत, अपनापन और असुरक्षा के दायरे दर्शाता नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार की शाम रंग श्री लिटिल बेले में नाटक जाने न... का मंचन किया गया। आक्षित मारवाह निर्देशित नाटक दर्शकों के लिए रोमांचक नाटकीय अनुभव रहा। यह नाटक अपने चार किरदारों की एक साधारण-सी बातचीत से शुरु होता है, लेकिन धीरे-धीरे संवाद हंसी से बहस में, और बहस से तीखे टकराव में बदल जाते हैं। प्यार, नफरत, अपनापन और असुरक्षा – सब इस नाटक में एक-दूसरे में घुल-मिल जाते हैं।

इस नाटक के किरदार एक दूसरे की बर्दाश्त की हद को चेक करते हैं और इसे ही अपने जीवन का खेल बना लेते हैं और साथ ही इसे अपने जीवन की कठोरताओं से जूझने का हथियार बना लेते हैं।

**चार किरदारों की बातचीत बदली बहस में...**




# चंद्रग्रहण देखने उमड़ी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार शाम चन्द्र ग्रहण को निहारने के लिए होशंगाबाद रोड स्थित विद्यानगर मे, टेलिस्कोप एवं विशेषज्ञ समूह उपलब्ध रहा, समुदाय के लोगों ने ग्रहण संबधी जानकारी प्राप्त की। मध्य प्रदेश विज्ञान सभा से आशीष पारे ने बताया कि इस प्राकृतिक खगोलीय घटना को निहारने के लिए व्यवस्था होशंगाबाद रोड स्थित विद्यानगर में शिवमन्दिर परिसर में की गई। जिसमें आम जन ने बैगर टेलिस्कोप, नग्न आंखों के से भी ग्रहण देखा।

### दुष्यंत संग्रहालय में सुख़न की कहकशां मुशायरे का आयोजन

# हद किसी की नापना मैंने नहीं सीखा, फिर भला कैसे किसी तूफां से डर जाऊं....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हद किसी की नापना मैंने नहीं सीखा, फिर भला कैसे किसी तूफां से डर जाऊँ... ऋषि श्रृंगारी, ये अदब की महफिलें ये रतजगे, तुमसे मिलने का बहाना हो गया...छोड़ नम्रता फिर कोई ताज़ा ग़ज़ल, आज मौसम शायराना हो गया.... नम्रता श्रीवास्तव, शहर के वरिष्ठ शायरों ने जब ये रचनाएं पढ़ी तो सभागार में बैठे श्रोता झूम उठे। दुष्यन्त संग्रहालय में भोपाल पोइट्री अड्डा का दूसरे आयोजन सुखन की कहकशां मुशायरा में बड़ी संख्या में श्रोताओं का जमघट लगा था। जिसमें एक से बढ़कर अशआर सुनने को मिले।कार्यक्रम का संचालन ग़ोसिया ख़ान सबीन ने किया।



**हाथ मलता ही रहा तीर चलाने वाला....**

इस अवसर पर डॉ. एहसान आज़मी ने सुनाया मैं की दीवार जो इक बार गिरा सकता है/राह की कोई भी दीवार गिरा सकता है.... वहीं इतनी तो अना आपकी फितरत में है लाज़मि/खुद्दार को फिरते हुऐ दर-दर नहीं देखा... नफीसा सुलताना के इन पंक्तियों ने समा बांधा। तो वहीं अदीब दमोही ने सुनाया ज़ख़्म खाकर भी परिंदा न रूका उड़ता रहा, हाथ मलता ही रहा तीर चलाने वाला....।

# संभावना गतिविधि में लोक एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना गतिविधि में शैलेंद्र सिंह सिसोदिया एवं साथी, टीकमगढ़ द्वारा मोनिया नृत्य प्रस्तुति हुई। बुंदेलखंड का यह लोकनृत्य कार्तिक माह में अमावस्या से पूर्णिमा तक किया जाता है।

वहीं दूसरी कड़ी में जियालाल एवं साथी, डिण्डोरी द्वारा गोंड जनजातीय करमा नृत्य प्रस्तुत किया। करमा कर्म की प्रेरणा देने वाला नृत्य है। पूर्वी मध्यप्रदेश में कर्म पूजा का यह उत्सव मनाया जाता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930